# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022



झंडा दिवस के अवसर पर एडीजी अखिल कुमार को झंडा लगाते एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह साथ में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य।






चेतना तिराहा से यातायात जागरूकता रैली निकालती महिला पुलिस कर्मी व स्कूली बच्चे।

फोटो - एसएनबी

# ए भाई जरा देख के चलो यातायात सुरक्षा के साथ बढ़ायेगी जागरुकता





पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में यातायात जागरूकता सॉंग लांच करते एडीजी अखिल कुमार, साथ में एसपी ट्रैफिक डा.एसपी सिंह व उपस्थित ट्रैफिक के जवान।

फोटो - एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर ने बुधवार को यातायात माह नवंबर-2022 के यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत गीत 'ए भाई जरा देख के चलो' को लांच किया।

यातायात जागरूकता के लिए पहली बार एक नया प्रयोग किया गया, जिसमें मनीष पांडेय और गजेंद्र त्रिपाठी के गोरखपुर टीम द्वारा यातायात पुलिस गोरखपुर के साथ मिलकर यातायात जागरूकता के लिए बनाये गये गीत जिसका टाइटल है 'ए भाई जरा देख के चलो' को लांच किया और बताया कि यातायात नियमों का पालन करना बहुत ही आवश्यक है और यह आपके और जनता के स्वयं की सुरक्षा से संबंधित है। यदि आप सड़क पर सुरक्षित चलेंगे और हेलमेट लगाएंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे तो आप सुरक्षित रहेंगे और सड़क पर चलते समय यातायात नियमों के पालन से ही आप सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी रखेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर, संभागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अनीता सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, सहायक पुलिस अधीक्षक मनुज पारिख आदि उपस्थित रहे।

## एडीजी ने गीत किया लांच

# सीओ ने ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना प्रांगण में बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा मानुष पारिक ने थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर त्रिनेत्र के संबंध में हर घर कैमरा अभियान के तहत अवगत कराया। श्री पारिक ने समस्त ग्राम प्रधानों को अपराध को रोकने एव अपराधियो पर नकेल कसने के लिए गांव गांव चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। श्री पारिक ने थाना क्षेत्र में त्रिनेत अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्र ग्राम प्रधानों के साथ अहम बैठक कर गांव के चौराहे पर कैमरे लगाने की अपील करते हुए कहा कि आप लोगो के सीसीटीवी कैमरे लगाने से अपराधियो पर नकेल कसने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अच्छेलाल साहू,धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राम लाल पासी,श्रवण कुमार मौर्या,अनिरूद्ध पासवान,दीपक कुमार, श्याम मिलन यादव, दिलीप यादव, अमित कुमार, प्रमोद पासवान, अजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने झगहां थाना क्षेत्र के राजधानी भदुई निवासी अभियुक्त राजकुमार को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी चंद्रभान थाना चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी पिपरहिया का निवासी है। वादी के पिता रमाशंकर मंझना नाला के हनुमान मंदिर पर विगत पांच वर्षो से पूजा पाठ करता था। 11 दिसंबर 2018 की रात करीब 2.15 बजे एक व्यक्ति आया और वादी के पिता को ईट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिए वादी के पिता को मेडिकल कालेज लाया गया जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**छेड़छाड़ के जुर्म में दो साल की कैद**

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जाहिदाबाद निवासी अभियुक्त ईशान को दो साल के कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामयान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 22 नवम्बर 2013 की है। वादी की लड़की स्कूल जा रही थी। उसी समय अभियुक्त ने उसके साथ बैंक रोड स्टेट बैंक के पास उसके साथ छेड़खानी की।

## विवेचक के खिलाफ प्रकृण वाद दर्ज करने का आदेश

**गोरखपुर।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जगन्नाथ ने मुकदमा अपराध संख्या 784/2022 थाना कैंट के एक मुकदमे में विवेचक द्वारा विवेचना में घोर लापरवाही बरतने की शिकायत पर विवेचक अरविंद कुमार सिंह के खिलाफ प्रकृण वाद दर्ज कर उन्हें नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। अदालत के समक्ष वादिनी माया देवी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र धर दूबे का कहना था कि वादिनी का वाहन थाने में बंद है। उसकी अवमुक्ति की प्रार्थना पत्र पर न्यायालय द्वारा विवेचक से रिपोर्ट मांगी गई। परंतु विवेचक ने इस मामले में कोई रिपोर्ट न्यायालय को नहीं भेजी। जिसपर अदालत ने विवेचक के इस कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए उसके खिलाफ प्रकृण वाद दर्ज कराते हुए उसको नोटिस जारी किया है।

# महिला से मारपीट व धमकी देने पर पिता-पुत्र पर केस

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही में एक महिला की गाय द्वारा पट्टीदार के घर के पास लगे पौधे को चर लेने पर पिता - पुत्र ने मिलकर लाठी डंडों से महिला की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने इस मामले में बिगही निवासी पिता- पुत्र पर मुकदमा दर्ज किया है। बिगही निवासिनी अंजू देवी पत्नी रामसिंह ने हरपुर बुदहट थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी गाय पट्टीदार परमात्मा यादव के मकान के बगल में एक पौधे को चर ली थी, जिसपर परमात्मा यादव और उनके पुत्र अमन उर्फ सौरभ ने उसे जमकर लात घूसो और लाठी डंडों से पीट दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पिता -पुत्र पर मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सात पशु तस्करों पर गैगस्टर की कार्रवाई

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपित सात पशु तस्करो के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियो की संस्तुति पर गैगस्टर की कार्रवाइ की है। चिलआताल सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में गोवंश के तस्करी के दर्जनो मुकदमों में आरोपित कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के सोहसा पट्टी निवासी जफरुद्दीन पुत्र आबिद अली, नूर मुहम्मद पुत्र एनुल खान निवासी भुलिया अगरवा थाना तरयासुजान जिला कुशीनगर, तौसिफ पुत्र गुलाम वारसी निवासी सेमरा हर्दो थाना कुबेर स्थान कुशीनगर, इमाम हुसेन पुत्र जिलानी निवासी कोइन्दी पट्टी थाना तरयासुजान जिला कुशीनगर, शेरू हुसेन उर्फ बुफराम पुत्र जिलानी निवासी कोइन्दी पट्टी तरयासुजान कुशीनगर, अनूप यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी हरसेवक पुर नं. 2 थाना गुलरिहा गोरखपुर और इमामुलहक पुत्र अलीमुद्दीन निवासी कनक पिपरा थाना पटहेरवा कुशीनगर के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये गैगस्टर की धारा में पंजीकृत कर दिया गया है। सभी आरोपित जफरूद्दीन गैग के संम्बधित सदस्य हैं।

# सड़क हादसे में किशोरी सहित बाइक सवार घायल

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अमवा में अनियंत्रित मैजिक की चपेट में आकर एक बाइक सवार व एक 11 वर्षीय किशोरी घायल हो गयी। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भेज कर बाइक व मैजिक ड्राइवर सहित कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। बुद्धवार को सुबह झुंगिया बाजार की तरफ से बरगदवा की तरफ जा रही एक अनियंत्रित मैजिक की चपेट में आकर बाइक सवार राकेश पुत्र अयोध्या निवासी मोहम्मदपुर थाना गुलरिहा व अमवा निवासी अशोक मौर्या की 11 वर्षीय किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद ग्रामीणो ने घायलों को पुलिस के सहयोग से इलाज के लिये मेडिकल कालेज भेजवा दिया। मैजिक व उसके ड्राइवर को कब्जे में लेकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मैजिक ड्राइवर की पहचान अनिल पुत्र पृथ्वी निवासी मिर्जापुर पचपेड़वा के रूप में हुई है।

# सेक्टर 23 के आवंटी को गीडा पुलिस ने किया सम्मानित



**सहजनवा (एसएनबी)।** एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा चलाए जा रहे त्रिनेत्र योजना के तहत बुधवार को गीडा सेक्टर 23 में गणेश गुप्ता ने अपने मकान पर कैमरे लगाए हैं। जिसके लिए गीड़ा पुलिस उनके घर पहुंच कर घर वालों को सम्मानित की है।

# प्रधान संगठन की शिकायत पर दरोगा निलंबित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रधान संगठन गोरखपुर के जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह व जिला प्रभारी ह्रदय शंकर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों प्रधानों ने विगत दिवस एडीजी अखिल कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर से मिलकर कौड़ीराम ब्लाक अंतर्गत भस्मा के ग्राम प्रधान राजकुमार भारती को बेलीपार थाने के दारोगा दुर्गेश शुक्ला द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसा कर 47000 रुपए रिश्वत लेने व उत्पीड़न करने का शिकायत किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीजी केआदेश पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने जांच कराया और शिकायत सही पाए जाने पर दारोगा को निलंबित करने का आदेश कर दिया।

प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि सत्य पाल सिंह, जिला प्रभारी ह्दय शंकर सिंह, कौड़ीराम के ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, प्रधान धनंजय यादव, राम दरस चौरसिया, संतोष निषाद सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे। प्रधान संगठन ने पुलिस विभाग केवरिष्ठ अधिकारी गणो के न्याय पूर्ण कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए आभार धन्यवाद प्रकट किया है।

# थानों का एग्जाम : बेलघाट ने लगाई छलांग आखिरी पायदान पर पहुंच गया कैंपियरगंज

### अक्टूबर माह में कैंट को पिछाड़कर नबंर वन बना बेलघाट थाना

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 Nov): गोरखपुर के सभी 28 थानों की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग बुधवार को जारी हो गई. इस बार पब्लिक ने बेलघाट को पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत बनाए गए पांच पिलर्स में अधिक वोट करके नंबर वन बनाया है. वहीं तीन बार लगातार फर्स्ट रहने वाले कैंट थाने को इस बार सेकेंड पोजीशन मिली है. गौर करने वाली बात है कि सितंबर माह में खराब परफार्मेंस से गुजर रहा महिला थाना इस बार भी सबसे नीचले पायदान पर है. इसके साथ कैंपियरगंज और सिकरीगंज थाने भी नीचले पायदान पर खिसक गए हैं.

## पांच पिलर्स पर पब्लिक देती है वोट

पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत पांच पिलर्स आईजीआरएस, डायरेक्ट पोल, ट्विटर पोल, एफआईआर और पासपोर्ट-कैरेक्टर पर पब्लिक के वोट लिए जाते हैं. इन कामों में पुलिस का रवैया संतोषजनक है कि नहीं ये पब्लिक वोट देकर बताती है. अक्टूबर माह के लिए पुलिस द्वारा लिंक जारी कर 11 से 17 अक्टूबर तक फीडबैक मांगा था. रिजल्ट 23 नवंबर को जारी किया गया.




FILE PHOTO

## टॉप थ्री थानों को मिले नंबर

हर पिलर्स पर सौ नंबर तय किए गए हैं. पांच पिलर्स के लिए पांच सौ नंबर निर्धारित किए गए हैं. सभी थानों को नंबर भी दिए गए हैं. इसमे फर्स्ट रैंक पर आने वाले बेलघाट को 70.4, सेकेंड पोजीशन आने वाले कैंट को 70.3 और तीसरी पोजीशन पर आने वाले शाहपुर को 69.5 परसेंट मार्क्स मिले हैं.

## सबसे कम नंबर वाले थाने

भले ही चार थानों के मुकाबले महिला थाना की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग अधिक हो. लेकिन महिला थाना को सबसे कम नंबर मिले हैं. लिस्ट में 23 वीं रैंक पाने वाले महिला थाना को 41.8, 28 रैंक वाले कैंपियरगंज को 44.7 और 27 वें रैंक वाले सिकरीगंज थाने को 45.3 मार्क्स मिले हैं. पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत ये बताया गया था कि जो भी थाने तीन बार लगातार बॉटम में आएंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी. गोरखपुर पुलिस द्वारा तीन बार लगातार बॉटम में आने वाले पांच थानों की लिस्ट बनाई जा रही है. जिसे बहुत जल्द जारी किया जाएगा.

## सम्मानित होंगे टॉप फाइव

वहीं लगातार अच्छा परफॉर्म करने वाले टॉप फाइव थानों की भी लिस्ट बनाई जा रही है. टॉप फाइव थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. इससे उन पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ेगा जो अच्छा काम कर रहे हैं.


**i CONNECT**

Gorakhpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.




"पुलिस पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत सभी थानों की पुलिस कैसा कार्य कर रही है. ये पब्लिक हमें बताती है. इसका रिजल्ट अच्छा मिल रहा है. इसके शुरू होने से थाना स्तर पर सुनवाई तेज हो गई है. इस सिस्टम के तहत अच्छे थाने को सम्मानित भी किया जाएगा. बार-बार वार्निंग देने के बाद भी थाने की रेटिंग लगातार खराब मिलती है, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई भी होगी.

**अखिल कुमार,** एडीजी

### थानों को मिली पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

| थाना | रेटिंग परसेंट | रैंक |
|---|---|---|
| बेलघाट | 70.42 | 1 |
| कैंट | 70.35 | 2 |
| शाहपुर | 69.59 | 3 |
| गीडा | 64.87 | 4 |
| गुलरिहा | 64.76 | 5 |
| हरपुर बुदहट | 64.45 | 6 |
| बांसगांव | 64.19 | 7 |
| खजनी | 63.60 | 8 |
| गगहा | 60.32 | 9 |
| गोरखनाथ | 79.56 | 10 |
| पिपराइच | 59.28 | 11 |
| सहजनवां | 58.69 | 12 |
| झगहां | 58.57 | 13 |
| ऊरवां बाजार | 58.19 | 14 |
| खोराबार | 57.50 | 15 |
| गोला | 77.49 | 16 |
| कोतवाली | 57.39 | 17 |
| बड़हलगंज | 56.64 | 18 |
| चौरीचौरा | 55.73 | 19 |
| तिवारीपुर | 55.19 | 20 |
| रामगढ़ताल | 52.96 | 21 |
| चिलुआताल | 52.74 | 22 |
| महिला थाना | 52.29 | 23 |
| बेलीपार | 50.84 | 24 |
| पीपीगंज | 48.49 | 25 |
| राजघाट | 48.00 | 26 |
| सिकरीगंज | 45.38 | 27 |
| कैंपियरगंज | 44.71 | 28 |

# गोरखपुर के चौराहों पर बजेगा 'ए भाई जरा देख के चलो'



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Nov):** सड़क सुरक्षा माह के तहत पब्लिक को अवेयर करने के लिए गोरखपुर पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है. गोरखपुर के चौराहों पर अब पब्लिक को अवेयर करने के लिए गाना बजेगा. बुधवार को एडीजी अखिल कुमार ने ट्रैफिक सांग 'ऐ भाई जरा देखकर चलो' लॉन्च किया है. ये गाना पब्लिक को ट्रैफिक रूल्स फॉलो करने के लिए अवेयर करेगा. साथ ही सड़क पर सुरक्षा के उपाय और नियमों का पालन न करने पर क्या परेशानी आती है, इसके बारे में भी ये गाना अवेयर करेगा. एडीजी अखिल कुमार ने बताया, ट्रैफिक पुलिस पब्लिक को अवेयर करने के लिए नया तरीका खोजा है. इसके लिए उन्होंने एक गाना तैयार करवाया है. इस गाने को सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर शेयर कर लोगों को ट्रैफिक नियमों के लिए जागरूक किया जाएगा.

## गाने में नियमों का जिक्र

गाने के बोल के जरिए, ड्राविंग के समय पालन किए जाने वाले हर एक ट्रैफिक नियमों को जिक्र किया गया है, जिसमें हेलमेट से लेकर सीट बेल्ट और ट्रैफिक सिग्नल से लेकर जेब्रा क्रांसिंग पार किए जाने के नियमों का जिक्र है.

## खुद भी करें पालन और दूसरों को भी करें जागरूक

एडीजी ने बताया, ट्रैफिक नियमों का पालन पब्लिक के खुद की सुरक्षा से संबंधित है. अगर कोई भी व्यक्ति सड़क पर सुरक्षित चलेगा और हेलमेट लगाए, सीट बेल्ट लगाए तो वह हमेशा सुरक्षित रहेगा. क्योंकि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन ही एक मात्र ऐसा जरिया है, जिससे कि कोई भी सुरक्षित रह सकता है. इसके लिए जरूरी है कि हर एक नागरिक इसका पालन करे और वे दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करे

गोरखपुर पुलिस लाइंस में ट्रैफिक सांग लांचिंग के दौरान एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, आरटीओ अनीता सिंह, सीओ लाइन/ एएसपी मानुष पारिख आदि लोग मौजूद रहें.

# जांची कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था



**GORAKHPUR (23 Nov):** दीवानी कचहरी में बुधवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल दस्ते की मदद से गहनता से जांच की गई. कचहरी परिसर स्थित पेशी बंदी गृह का भी निरीक्षण किया गया. इस दौरान सीओ कैंट श्यामदेव, कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय आदि मौजूद रहे.

# पुलिस कार्यालय में मनाया गया झंडा दिवस

**GORAKHPUR (23 Nov):** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर जोन कार्यालय परिसर में एडीजी अखिल कुमार ने पुलिस का झंडा फहराकर सलामी दी गई. इसी क्रम में डीआईजी कार्यालय में जे रविन्द्र गोड और एसएसपी कार्यालय में एसपी नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस का झंडा फहराया और सलामी ली.

# तीसरी आंख से होगी रामगढ़ताल की निगरानी, कवायद शुरू

**अराजकतत्वों को चिन्हित करने और टूरिस्ट्स की सुरक्षा के लिहाज से जीडीए ने शुरू की पहल, पुलिस-प्रशासन से लिया जा रहा सहयोग**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Nov):** रामगढ़ताल एरिया में अराजकतत्वों को चिन्हित करने और टूरिस्ट्स की सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरा लगाने की कवायद शुरू हो गई है. पैडलेगंज स्थित गौतम बुद्ध द्वार से नौकायन तक तक हाई क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाने की कवायद जीडीए की ओर से शुरू की गई है. इस कैमरे से वाहनों के नंबर प्लेट को भी रिकॉर्ड किया जा सकेगा. जीडीए वीसी महेंद्र सिंह तंवर ने कैमरों के लगवाने के लिए पहल शुरू कर दी है. उनका कहना है कि बुद्ध गेट से नौका विहार तक कैमरे लगवाने के लिए स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं. इन स्थानों को चिन्हित करने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है.

**i UPDATE**




### दैनिक जागरण आईनेक्स्ट उठा चुका है मुद्दा

चूल्हा चौका में मारपीट की घटना के बाद सीसीटीवी के लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने मुद्दा उठाया था. लोगों ने भी सीसीटीवी लगाने की मांग की थी ताकि लोगों की सुरक्षा बनी रहे. जीडीए वीसी ने संज्ञान में लेकर अब कवायद तेज की है. बता दें कि रामगढ़ताल में सीसीटीवी लगाने की योजना काफी समय से चली आ रही है लेकिन अब तक सफल नही हो सकी है. एक बार फिर लोगों में उम्मीद बढ़ी है.



### रात में भी कैमरे की जद में आ जाएंगे अराजकतत्व

रामगढ़ताल एरिया में जो सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद चल रही है उसमें रात में भी अराजकतत्व बच नहीं पाएंगे. हाई क्वालिटी के नाइट विजन कैमरे में उनकी तस्वीर कैद हो जाएगी. जीडीए प्रशासन का मानना है कि टूरिस्ट्स की भीड़ में अराजकतत्व भी शामिल हो जाते हैं. पुलिस के लिए सभी पर नजर रखना आसान नहीं है. ऐसे में कैमरे लगे जाने से आसानी से अराजकतत्व पकड़े जा सकेंगे.

### पहले भी हुई थी पहल

सीसीटीवी लगाने की पहल नई नहीं है. पहले भी कवायद की गई लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ सकी. नए जीडीए वीसी महेंद्र सिंह तंवर ने यहां की स्थिति को समझने के बाद सीसीटीवी की योजना को महत्वपूर्ण माना और फिर कवायद शुरू की. उन्होंने माना कि रामगढ़ताल में घूमने आने वालों की संख्या काफी है.



**रामगढ़ताल एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद शुरू हो गई है. इसमें पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है. स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं, जल्द ही रामगढ़ताल सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा.**

**महेंद्र सिंह तंवर,** जीडीए वीसी

# चौराहों पर गूंजेगा 'ए भाई जरा देख के चलो' का संदेश

- एडीजी ने लोगों को जागरुक करने के लिए नया प्रयोग किया
- शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा यह गीत

गोरखपुर, निज संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने बुधवार को यातायात माह के अंतर्गत लोगों को जागरुक करने के लिए नया प्रयोग किया। उन्होंने यातायात पुलिस द्वारा तैयार किया गया यातायात जागरुकता गीत ए भाई जरा देख के चलो को लांच किया। जो शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।

एडीजी ने बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह गीत जनता के स्वयं की सुरक्षा से संबंधित है। सड़क पर सुरक्षित चलेंगे और हेलमेट लगाएंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे तो खुद तो सुरक्षित रहेंगे ही साथ में दूसरा व्यक्ति भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए यातायात नियमों का पालन जरुर करें। उन्होंने जनता से अपील किया कि आमजन यह गीत अवश्य सुने और यातायात नियमों का पालन करें। इस मौके पर एसपी यातायात ड. महेंद्र पाल सिंह, एसपी नगर कृष्ण बिश्नोई, संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में यातायात जागरूकता सांग के विमोचन बाद स्क्रीन पर देखते एडीजी अखिल कुमार।

**स्कूली बच्चों ने रैली निकाल किया जागरुक:** यातायात माह के अंतर्गत एसपी यातायात की अध्यक्षता में इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया। रैली को इंदिरा बाल बिहार तिराहा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो गोलघर होते हुए कचहरी चौराहा से गणेश चौराहा से होकर सिटी माल पर आकर समाप्त हुआ। इस दौरान बच्चों ने जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाए थे, उन्हें रोककर हेलमेट और सीट बेल्ट की आवश्यकता को बताते हुए यातायात नियमों के बारे में बताया। इस मौके पर स्कूल के प्रबन्धक महेन्द्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य मिशेल त्रिपाठी, निरीक्षक यातायात धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अजीत कुमार पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# गिरोह सरगना समेत चार पर गैंगस्टर का मुकदमा



## देवरिया के बघौचघाट निवासी एजेंट से की थी लूट

## पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपित को लगी थी गोली

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Nov):** रामगढ़ताल क्षेत्र में आंख में मिर्च का पाउडर डालकर लूट करने वाले चार आरोपितों पर बुधवार को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया. रामगढ़ताल पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश की अनुमति के बाद कार्रवाई की गई. मामले में एक आरोपित को बाद में पुलिस मुठभेड़ में गोली भी लगी थी. वर्तमान में तीन आरोपित जमानत पर बाहर है.

### अगस्त में हुई थी लूट

अगस्त 2021 में देवरिया जिले के बघौचघाट निवासी व एजेंट नवनीत के साथ लूट की घटना हुई थी. वह एक कंपनी द्वारा लोगों को दिए गए ऋण की वसूली कर जा रहे थे. पुलिस ने घटना में शामिल रामगढ़ताल क्षेत्र के बेतियाहाता दक्षिणी निवासी विजय कुमार और इसके सहयोगी कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद, सेंदुली बिंदुली निवासी गोविंद यादव और यहीं के सोनू बांसफोड़ को गिरोहबंद किया गया. विजय कुमार गिरोह का सरगना है. विजय पर रामगढ़ताल थाने में पांच, कानपुर नगर के शीशामऊ थाने में एक, बाराबंकी के कोतवाली, बहोसरा में तीन मुकदमे दर्ज हैं. सिकंदर पर रामगढ़ताल में तीन, गोविंद पर रामगढ़ताल में एक व खोराबार में एक, सोनू पर एक मुकदमा दर्ज है. थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद आरोपितों की तलाश शुरु कर दी गई है.

# लापता चिकित्सक पुलिस टीम को वाराणसी में मिले

गोरखपुर। सीएचसी सुकरौली में प्रभारी अधीक्षक के पद पर तैनात डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव बुधवार को वाराणसी में मिले। पुलिस उनको गोरखपुर लाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सोमवार को सुकरौली से ड्यूटी कर शाम तकरीबन पांच बजे अपनी कार से गोरखपुर के लिए निकले थे। देर रात तक उनके घर न पहुंचने पर परिजनों ने कॉल किया तो उनका मोबाइल बंद मिला।

# नाबालिग से छेड़खानी के जुर्म में दो साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग से छेड़छाड़ के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जाहिदाबाद निवासी अभियुक्त ईशान को दो साल के कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। खजनी पुलिस ने बुधवार को गैर इरादतन हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। खजनी थानेदार संजय कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित की पहचान कन्दराई गांव निवासी शिवकुमार यादव के रूप में हुई है।

# विवेचना में लापरवाही पर दरोगा निलंबित

गोरखपुर। एसएसपी ने मुकदमे की विवेचना में घोर लापरवाही, शिथिलता एवं उदासिनता बरतने पर बेलीपार थाने के दरोगा दुर्गेश शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने विवेचनात्मक कार्यवाही में लापरवाही पर विभागीय जांच का भी आदेश दिया है।

# दीवानी कचहरी में सुरक्षा व्यवस्था की जांच

गोरखपुर। दीवानी कचहरी में बुधवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्क्वाड और बम डिस्पोजल दस्ता की मदद से कचहरी परिसर की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने पेशी बंदीगृह का भी निरीक्षण किया।

# पुलिस कर्यालयों व थानों में मना झंडा दिवस

गोरखपुर। पुलिस झंडा दिवस पर जोन कार्यालय परिसर में एडीजी अखिल कुमार ने पुलिस का झंडा फहराकर सलामी दी गई। इस मौके पर एडीजी ने डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया। डीआईजी कार्यालय में जे रविन्द्र और एसएसपी कार्यालय में एसपी नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने झंडा फहराया ।

# कैम्पियरगंज व राजघाट का प्रदर्शन खराब

## पब्लिक रेटिंग

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** जिले की जनता के प्रति अपना रवैया बेहतर करने में कैम्पियरगंज और सिकरीगंज व राजघाट थाना प्रभारी नाकाम रहे हैं। नवंबर माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में तीनों थाने के प्रभारी को 50 प्रतिशत से कम अंक मिले हैं। वहीं इस बार बेलघाट थाना प्रभारी ने पहले स्थान पर जगह बनाई है। कैंट थाना प्रभारी पहले से दूसरे स्थान पर और शाहपुर प्रभारी तीसरे स्थान पर हैं। एडीजी ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 50 प्रतिशत से कम होने पर थानेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर एसएसपी ने 11 से 17 नवंबर के बीच पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के बाद बुधवार को थाना प्रभारियों की रैंकिंग जारी की। डायरेक्ट पोल में जनता ने बेलघाट थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह के काम को सर्वाधिक सराहा है। कैंट थानेदार शशिभूषण राय दूसरे, शाहरपुर के रणधीर मिश्रा तीसरे, गीडा के राकेश सिंह यादव चौथे, गुलरिहा के मनोज कुमार पाण्डेय पांचवें, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह छठवें, बांसगांव के सत्य प्रकाश सिंह सातवें, खजनी के इकरार अहमद को आठवें, गगहा के संदीप कुमार सिंह को नौवें और गोरखनाथ के दुर्गेश सिंह दसवें स्थान पर है। नियम के अनुसार टॉप पांच में आने वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र मिलेगा। एसएसपी ने बताया कि जिन थानेदारों का प्रदर्शन ठीक नहीं है उनकी काउंसिलिंग की जाएगी।



**50** प्रतिशत से कम अंक मिले कैम्पियरगंज, राजघाट व सिकरीगंज थानेदार को

### खराब प्रदर्शन पर दो थानेदारों का बदल चुका है कार्यक्षेत्र

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में खराब प्रदर्शन करने वाले सिकरीगंज थानेदार रहे दीपक कुमार सिंह और राजघाट थानेदार रहे संजय मिश्र का कार्यक्षेत्र दो दिन पहले ही बदल दिया गया है। एसएसपी ने दीपक कुमार सिंह को पीपीगंज और संजय मिश्रा को खजनी थाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी के निर्देश पर बुधवार को खजनी के कटघर में स्थित साधु ईंट-भट्ठे पर ईंट ढोने वाली ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान की शुरुआत पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। पीसीएफ के अध्यक्ष महंत सिंह, आरटीओ प्रवर्तन वीके सिंह, आरटीओ प्रशासन अनीता सिंह, एआरटीओ प्रशासन संजय झा व यात्री कर अधिकारी वीके आनंद व ईंट-भट्टा एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



हांसूपुर बर्फ खाना रामलीला मैदान के पास लकड़ी और फर्नीचर के व्यवसायियों द्वारा रोड पर किया गया अतिक्रमण हटाया गया।

## अभियान चला कर हटाया अतिक्रमण, दी चेतावनी

**गोरखपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने नौसढ़ पुलिस चौकी इंचार्ज के साथ मिलकर बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान हासूपुर बर्फ खाना रामलीला मैदान के पास लकड़ी और फर्नीचर व्यवसायियों द्वारा रोड पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए। उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्कशॉप में चोरी की कोशिश, दो गिरफ्तार

## पुलिस लाइन

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** कैंट क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन स्थित वर्कशॉप में मंगलवार की रात दो चोर घुस गए। वह अंदर से सामान निकाल कर बाहर करने लगे। इस बीच खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर संतरी ने कैंट पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि चोरों की पहचान शाहपुर क्षेत्र के बशारतपुर, एल्युमिनियम फैक्ट्री निवासी जितेन्द्र केवट और गुलरिहा क्षेत्र के मिर्चाइन चौराहा ठाकुरपुर निवासी अर्जुन कन्नौजिया के रूप में हुई है। दोनों घुम कर कबाड़ बिनने का काम करते है, इस दौरान मौका पाकर चोरी की वारदात को भी अंजाम देते थे। दोनों मंगलवार की रात में पुलिस लाइन में घुस गए। क्वार्टर गार्ड के पीछे बिजली वर्कशॉप में वीआईपी ड्यूटी का सामान, माइक, साउंड रखा हुआ था।

अंदर खटपट की आवाज सुनकर संतरी पहुंचा तो देखा एक व्यक्ति अंदर घुसा है जबकि उसका एक साथी बाहर खड़ा होकर निकले सामान को एकत्रित कर रहा था। चोरी की सूचना पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंची।

# थाने पर महिला ने की आत्मदाह की कोशिश, शांतिभंग में चालान

- महिला ने पुलिस की मिलीभगत से जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप
- पुलिस बोली-जिस जमीन पर कब्जे का आरोप है उसका मामला कोर्ट में

हाटा बाजार/गगहा (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। जमीन पर कब्जा होने और पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाकर बुधवार को एक महिला गगहा थाने पर पहुंची और अपने ऊपर केरोसीन उड़ेल कर आग लगाने की कोशिश करने लगी। संयोग अच्छा था कि एक पुलिसकर्मी ने देख लिया ओर दौड़कर उसके हाथ से माचिस छीन ली। बाद में पुलिस ने महिला का शांतिभंग में चालान कर दिया।

हटवा गांव निवासी बीना देवी अपने पुत्र नंदन सिंह के साथ बुधवार की दोपहर में गगहा थाने पहुंची। वह बोतल में रखे केरोसीन को अपने ऊपर गिरा रही थी इसी दौरान पुलिसकर्मियों की नजर उस पर पड़ गई। एक सिपाही ने दौड़कर बोतल और माचिस की डिब्बी उससे छीन ली। महिला का कहना था कि गांव के दो लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है, वह जनता दर्शन से लगायत सभी बड़े अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा चुकी है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उधर, गगहा पुलिस ने बीना सिंह व उसके पुत्र नंदन सिंह का देर शाम शांति भंग में चालान कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप सिंह का कहना है कि महिला जिस जमीन पर कब्जे का आरोप लगा रही है, उसका वाद न्यायालय में चल रहा है।

# लूट करने वाले चार बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई

गोरखपुर, निज संवाददाता। गैंग बनाकर लूट व डकैती जैसे जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले चार शातिर बदमाशों को रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम के अनुमोदन पर किया है। गैंग के सरगना विजय कुमार पर लूट व डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में नौ मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नाई ने बताया कि यह गैंग आये दिन लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराध करता था। सरगना रामगढ़ताल क्षेत्र के बेतियाहाता दक्षिणी निकट फलमंडी निवासी विजय कुमार शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ बाराबंकी जिले में तीन मुकदमे डकैती व हत्या की कोशिश के दर्ज है। इसके अलावा रामगढ़ताल थाने में पांच और कानपुर के शीशामऊ थाने में एक मुकदमा दर्ज है। गैंग के सदस्य रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद पर तीन मुकदमा, क्षेत्र के सेंदुली बेंदुली निवासी गोविंद यादव पर तीन और सेंदुली बेंदुली के ढोमवा ढाला निवासी सोनू बासफोड़ पर लूट का एक मुकदमा दर्ज है।

## आंख में मिर्च पाउडर डालकर की थी लूट

पुलिस के अनुसार इसी गिरोह ने अगस्त 2021 में आंख में मिर्च डालकर देवरिया जिले के बघौचघाट निवासी व कलेक्शन एजेंट नवनीत के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपित को गोली भी लगी थी। वर्तमान में तीन जमानत पर जेल से बाहर है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

# नफीसा गिरोह पर हाईकोर्ट सख्त एक माह में कार्रवाई का आदेश

- कैंट थाने में सात अगस्त को दर्ज हुआ था केस, नहीं हो सकी कार्रवाई
- हाईकोर्ट ने दोनों सीओ की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई का दिया आदेश

गोरखपुर, निज संवाददाता। दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कराकर वसूली करने वाले नफीसा गिरोह पर कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया है।

एसएसपी के हलफनामे को स्वीकार करते हुए इस प्रकरण में 19 दिसंबर तक कार्रवाई का निर्देश जारी कर दिया है। इसके पहले हाईकोर्ट ने एसएसपी को तलब भी किया था, जिसके बाद हलफनामा दाखिल किया गया। कोर्ट ने साफ किया कि दो सीओ की जांच रिपोर्ट या फिर दर्ज केस की स्वतंत्र जांच कर कार्रवाई की जाए।

सात अगस्त 2022 को कैंट थाने में नफीसा गिरोह के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, लेकिन अभी तक इस प्रकरण में कार्रवाई नहीं हो सकी है। यह केस दो सीओ (कैंट व बांसगांव) की जांच रिपोर्ट के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं कर सकी है। इसी बीच अक्टूबर में आरोपी बनाए गए लोग हाईकोर्ट गए थे। इसी के बाद पूरे मामले में दोनों सीओ की रिपोर्ट के अध्ययन के बाद ही हाईकोर्ट ने एसएसपी को तलब किया था और अब हलफनामा स्वीकार कर 19 दिसंबर तक कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है।

# एडीजी ने लांच किया 'ए भाई जरा देख के...' गीत

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : यातायात माह के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से नया प्रयोग किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यातायात पुलिस द्वारा तैयार गीत 'ए भाई जरा देख के चलो' को लॉन्च किया। यह शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। इसमें चलचित्र (विजुअल) के जरिये यातायात नियम और उसके पालन की आवश्यकता समझाई जाएगी।



पुलिस लाइन में 'ए भाई जरा देख के चलो' गीत के लोकार्पण के दौरान स्क्रीन पर यातायात व्यवस्था का जायजा लेते एडीजी अखिल कुमार ● जागरण

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीजी ने कहा कि यह गीत जनता की स्वयं की सुरक्षा से संबंधित है। सड़क पर सुरक्षित चलेंगे और हेलमेट व सीट बेल्ट लगाएंगे तो खुद सुरक्षित रहेंगे ही, साथ में दूसरा व्यक्ति भी सुरक्षित रहेगा, इसलिए यातायात नियमों का पालन जरूर करें। उन्होंने जनता से अपील की कि आमजन यह गीत अवश्य सुनें और नियमों का पालन करें। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यातायात पुलिस अच्छा कार्य कर रही है।

गीत की लांचिंग के मौके पर एसपी यातायात डा. महेंद्र पाल सिंह, एसपी नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई, संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

**स्कूली बच्चों ने रैली निकाल किया जागरूक**: यातायात माह के तहत एसपी यातायात की अध्यक्षता में इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली को इंदिरा बाल विहार तिराहे पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो गोलघर होते हुए कचहरी चौराहा, गणेश चौराहा से होकर सिटी माल पर जाकर समाप्त हुई।

इस दौरान बच्चों ने वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया। मौके पर स्कूल के प्रबंधक महेन्द्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य मिशेल त्रिपाठी, निरीक्षक यातायात धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अजीत कुमार पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।

**पुलिस कार्यालयों व थानों में मना झंडा दिवस**: पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर जोन कार्यालय परिसर में एडीजी अखिल कुमार ने पुलिस का झंडा फहराकर सलामी दी। एडीजी ने पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सभी को सुनाया। वहीं डीआइजी कार्यालय में जे. रविन्द्र गौड और एसएसपी कार्यालय में एसपी नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस का झंडा फहराकर सलामी ली। थानों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

# छेड़छाड़ करने के आरोपित को दो वर्ष का कारावास

**गोरखपुर**: नाबालिग संग छेड़छाड़ करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जाहिदाबाद निवासी ईशान को दो वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 22 नवंबर 2013 की है। वादी की लड़की स्कूल जा रही थी। अभियुक्त ने उसके साथ बैंक रोड स्टेट बैंक के पास छेड़खानी की। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध निर्णय पारित किया।

# कैंपियरगंज पुलिस की कार्यप्रणाली सबसे खराब

- बेलघाट थाना प्रभारी का काम जनता की नजर में सबसे बेहतर
- कैंट को दूसरा तो शाहपुर थाना प्रभारी को मिला तीसरा स्थान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जनता के प्रति अपना रवैया बेहतर करने में कैंपियरगंज, सिकरीगंज व राजघाट थाना प्रभारी नाकाम रहे हैं। नवंबर की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में तीनों थाने के प्रभारी को 50 प्रतिशत से कम अंक मिले हैं। वहीं इस बार बेलघाट थाना ने जनता की नजर में बेहतर काम करते हुए पहले स्थान पर जगह बनाई है। कैंट थाना को अपना स्थान गंवाना पड़ा है। इस बार जनता ने उन्हें दूसरा और शाहपुर थाना को तीसरा स्थान दिया है। एडीजी ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में 50 प्रतिशत से कम होने पर थानेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर एसएसपी ने 11 से 17 नवंबर के बीच पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के बाद बुधवार को थाना प्रभारियों की रैंकिंग जारी की। डायरेक्ट पोल में जनता ने बेलघाट थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह के काम को सर्वाधिक सराहा है। कैंट थानेदार शशिभूषण राय दूसरे, शाहपुर के रणधीर मिश्र तीसरे, गीडा के राकेश सिंह यादव चौथे, गुलरिहा के मनोज कुमार पांडेय पांचवें, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह छठवें, बांसगांव के सत्य प्रकाश सिंह सातवें, खजनी के इकरार अहमद आठवें, गगहा के संदीप सिंह नौवें और गोरखनाथ के दुर्गेश सिंह 10वें स्थान पर हैं। टाप पांच में आने वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र मिलेगा। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि खराब प्रदर्शन वाले थानेदारों की काउंसिलिंग की जाएगी।

**इनका काम सबसे खराब**: पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में सबसे खराब रैंकिंग कैंपियरगंज थाना प्रभारी की है। यह 28वें नंबर पर है। वहीं सिकरीगंज 27वें, राजघाट 26वें, पीपीगंज 25वें, बेलीपार 24वें, महिला थाना 23वें, चिलुआताल 22वें, रामगढ़ताल 21वें, तिवारीपुर 20वें और चौरी चौरा थाना प्रभारी 19वें स्थान पर हैं।

**सात पायदान ऊपर पहुंचीं महिला थाना प्रभारी**: लगातार सबसे निचले पायदान पर रहने वाली महिला थाना प्रभारी को जनता ने सात पायदान ऊपर करते हुए 23वें स्थान पर पहुंचा दिया है। जनता की नजर में बेहतर काम कर रही हैं।

# पुलिस लाइन की वर्कशाप में चोरी के प्रयास में दो गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : पुलिस लाइन स्थित वर्कशाप में मंगलवार की रात दो चोर घुस गए। वह सामान निकालकर बाहर करने लगे। खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर संतरी ने कैंट पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने जेल भेज दिया।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपित को 10 वर्ष का कारावास

**गोरखपुर** : गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने झगहां के राजधानी भदुई के राजकुम्मार को 10 वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर तीन माह का कारावास भुगतना होगा।

# लूट करने वाले गिरोह के सरगना समेत चार पर गैंगस्टर का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** रामगढ़ताल क्षेत्र में आंख में मिर्च का पाउडर डालकर लूट करने वाले चार आरोपितों पर बुधवार को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया। रामगढ़ताल पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश की अनुमति के बाद कार्रवाई की गई। मामले में एक आरोपित को बाद में पुलिस मुठभेड़ में गोली भी लगी थी। वर्तमान में तीन आरोपित जमानत पर बाहर है।

अगस्त 2021 में देवरिया जिले के बघौचघाट निवासी व एजेंट नवनीत के साथ लूट की घटना हुई थी। वह एक कंपनी द्वारा लोगों को दिए गए ऋण की वसूली कर जा रहे थे। पुलिस ने घटना में शामिल रामगढ़ताल क्षेत्र के बेतियाहाता दक्षिणी निवासी विजय कुमार और इसके सहयोगी कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद, सेंदुली बिंदुली निवासी गोविंद यादव और यहीं के सोनू बांसफोड़ को गिरोहबंद किया गया। विजय कुमार गिरोह का सरगना है। विजय पर रामगढ़ताल थाने में पांच, कानपुर नगर के शीशामऊ थाने में एक, बाराबंकी के कोतवाली, बहोसरा में तीन मुकदमे दर्ज हैं। सिकंदर पर रामगढ़ताल में तीन, गोविंद पर रामगढ़ताल में एक व खोराबार में एक, सोनू पर एक मुकदमा दर्ज है। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद आरोपितों की तलाश शुरु कर दी गई है।

## यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दीवानी कचहरी में बढ़ाए जाएंगे बाडी स्कैनर



दीवानी कचहरी में निरीक्षण करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, साथ में जज ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : एसपी नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने श्वान दस्ते के साथ बुधवार को दीवानी कचहरी परिसर का निरीक्षण किया। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। गेटों पर लगे बाडी स्कैनर की जांच की। साथ चल रहे श्वान और बम डिस्पोजल दस्ते ने परिसर में लगे कूड़े ढेर और गंदगी के आसपास की जांच की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि परिसर के हर गेट पर बाडी स्कैनर लगवाए जाएंगे। एसपी ने सफाई में जुटे कर्मियों से कहा कि सफाई के बाद कूड़ा तत्काल बाहर निकाल दें। पेशी बंदी गृह का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि बाडी स्कैनर लगाने का काम जल्द शुरू होगा।

# छेड़खानी के अभियुक्त को दो साल की सजा

**गोरखपुर।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जाहिदाबाद निवासी अभियुक्त ईशान को दो साल के कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 22 नवंबर 2013 की है। वादी की लड़की स्कूल जा रही थी। उसी समय अभियुक्त ने उसके साथ बैंक रोड स्थित स्टेट बैंक के पास उसके साथ छेड़खानी की। ब्यूरो

# यातायात जागरुकता के लिए गीत जारी




**गोरखपुर।** एडीजी अखिल कुमार ने बुधवार को यातायात माह के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए बतौर मुख्य अतिथि गीत 'ए भाई जरा देख के चलो' को लांच किया। जो शहर के विभिन्न चौराहों पर लगे स्क्रीन पर दिखाए और बजाए जाएंगे। इसमें यातायात नियमों के बारे में बताया गया है और पालन करना कितना आवश्यक है, पिक्चर के माध्यम से बताया गया है। पुलिस लाइंस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीजी ने कहा कि यह गीत जनता के स्वयं की सुरक्षा से संबंधित है। सड़क पर सुरक्षित चलेंगे और हेलमेट लगाएंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे तो खुद तो सुरक्षित रहेंगे ही साथ में दूसरा व्यक्ति भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए यातायात नियमों का पालन जरूर करें। इस दौरान एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह, एसपी नगर कृष्ण बिश्नोई, संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह मौजूद रहीं। ब्यूरो

# विवाद में पीटा और वाहन क्षतिग्रस्त किया, मुकदमा

**जासं, सहजनवां** : आडिलापार के रंजीत गोड ने गीडा थाना पुलिस को तहरीर दी है कि मंगलवार की शाम वह गांव जा रहा था। खरैला गांव के पास मनबढ़ ने गाड़ी रोक कर मारपीट की। विरोध करने पर उसने उधर से गुजर रहे चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर पर खरैला निवासी मंदीप सिंह के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : गैर इरादतन हत्या का आरोपित कंदराई निवासी शिवकुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव को खजनी थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# गैर इरादतन हत्या में दस साल की सजा

**गोरखपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर झगहां थाना क्षेत्र के राजधानी भदुई निवासी अभियुक्त राजकुमार को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी चंद्रभान चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी पिपरहिया का निवासी है। वादी के पिता रमाशंकर मंझना नाला के हनुमान मंदिर पर विगत पांच वर्षों से पूजा पाठ करते थे। 11 दिसंबर 2018 की रात करीब 2:15 बजे एक व्यक्ति आया और वादी के पिता को ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ब्यूरो

# जिला पुलिस को जनता के मिले 50 फीसदी मत

गोरखपुर। जनता ने गोरखपुर पुलिस के काम को फिर से सराहा है। नवंबर की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में कैंपियरगंज व सिकरीगंज को छोड़कर सभी थाने को 50 फीसदी से अधिक मत मिले हैं। बेलघाट नंबर एक पर आया है तो वहीं, कैंट व शाहपुर ने टॉप तीन में अपनी जगह इस बार भी बनाई है।

जानकारी के मुताबिक, एडीजी अखिल कुमार के आदेश पर हर महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के जरिए लोगों से सुझाव लिए जाते हैं। इसी क्रम में एसएसपी ने 11 से 17 नवंबर के बीच पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के बाद बुधवार को थाना प्रभारियों की रैंकिग जारी की। डायरेक्ट पोल में जनता ने बेलघाट थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह के काम को सर्वाधिक सराहा है।

कैंट थानेदार शशिभूषण राय दूसरे, शाहपुर के रणधीर मिश्रा तीसरे, गीडा के राकेश सिंह यादव चौथे, गुलरिहा के मनोज कुमार पांडेय पांचवें, हरपुर-बुदहट के विज्ञानकर सिंह छठवें, बांसगांव के सत्य प्रकाश सिंह सातवें, खजनी के इकरार अहमद को आठवें, गगहा के संदीप कुमार सिंह को नौवें और गोरखनाथ के दुर्गेश सिंह दसवें स्थान पर है। नियमों के अनुसार, टॉप पांच में आने वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र मिलेगा। ब्यूरो

# वसूली की शिकायत पर एसएसपी ने कराई जांच, दरोगा निलंबित

## प्रधान संघ ने बेलीपार में तैनात दरोगा की एडीजी से की थी शिकायत

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। प्रधान पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर वसूली करने के आरोपों से घिरे दरोगा दुर्गेश शुक्ला को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। एसएसपी ने विवेचना में लापरवाही, उदासीनता का आरोपी पाते हुए दरोगा को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक, प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह व जिला प्रभारी हृदय शंकर सिंह के संयुक्त नेतृत्व में प्रधानों ने एडीजी से गत दिनों मुलाकात की थी। आरोप लगाया था कि बेलीपार थाने में तैनात दरोगा दुर्गेश शुक्ला ने प्रधान राजकुमारी भारती को फर्जी मुकदमे में फंसाकर 47 हजार रुपये रिश्वत वसूलकर प्रताड़ित कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए एडीजी ने एसएसपी को जांच कराने का आदेश दिया था। एसएसपी के आदेश पर हुई जांच में लापरवाही सामने आने के बाद बुधवार को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया।

### दरोगा के खिलाफ वाद दाखिल कर नोटिस का आदेश

गोरखपुर। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जगन्नाथ ने मुकदमा अपराध संख्या 784/2022 थाना कैंट में विवेचक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत पर विवेचक अरविंद कुमार सिंह के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज कर उन्हें नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। अदालत के समक्ष वादिनी माया देवी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र धर दूबे का कहना था कि वादिनी का वाहन थाने में बंद है। उसकी अवमुक्ति के प्रार्थना पत्र पर न्यायालय द्वारा विवेचक से रिपोर्ट मांगी गई, परंतु विवेचक ने इस मामले में कोई रिपोर्ट न्यायालय को नहीं भेजी। जिसपर अदालत ने विवेचक के इस कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए उसके खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज कराते हुए उसको नोटिस जारी किया है। ब्यूरो

# महिला से मारपीट में पिता पुत्र पर केस

हरपुर बुदहट। इलाके के बिगही गांव में मंगलवार को गाय के पौधा चरने को लेकर महिला की पिटाई कर दी गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र पर मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**हरपुर बुदहट इलाके में गाय चरने के विवाद में हुई घटना**

जानकारी के मुताबिक, बिगहि गांव निवासी रामसिंह की पत्नी अंजू देवी ने तहरीर में लिखा है कि उनकी गाय बगल के पट्टीदार परमात्मा यादव के मकान के बगल में एक पौधे को चर ली थी।

इसी बात पर परमात्मा यादव और उसके लड़के अमन उर्फ सौरभ ने उन्हें लात-घूसों और लाठी-डंडों से पीट दिया। ब्यूरो

# अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण

गोरखपुर। नगर निगम इंफोर्समेंट टीम प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने नौसड़ पुलिस चौकी इंचार्ज के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान हांसूपुर बर्फ खाना रामलीला मैदान के पास लकड़ी और फर्नीचर व्यवसायियों द्वारा रोड पर किए गए अतिक्रमण हटाया गया।

यहां सड़क के दोनों तरफ काफी संख्या में लकड़ी एवं फर्नीचर व्यवसायियों ने कब्जा कर रखा था जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। नगर निगम के प्रवर्तन दल और स्थानीय पुलिस चौकी के कर्मचारियों ने अतिक्रमण अपनी मौजूदगी में हटाया। चेताया कि भविष्य में अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आंखों में मिर्च डालकर लूट के चार आरोपियों पर गैंगस्टर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में अगस्त 2021 में कलेक्शन एजेंट की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर लूट करने के चार आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है। रामगढ़ताल पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम की अनुमति के बाद कार्रवाई की गई। इस मामले में एक आरोपी को बाद में पुलिस मुठभेड़ में गोली भी लगी थी। वर्तमान में दो आरोपी जमानत पर बाहर हैं, जिनकी फिर से तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं दो आरोपी जेल में बंद हैं।

जानकारी के मुताबिक, अगस्त 2021 में देवरिया जिले के बघौचघाट निवासी व कलेक्शन एजेंट नवनीत के साथ लूट की वारदात हुई थी। बाइक सवार बदमाशों ने आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उनसे 5.28 लाख रुपये लूट लिए थे।

पुलिस ने इस मामले में सिकंदर नाम के बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। अन्य तीन बदमाशों की बाद में गिरफ्तारी हुई थी। अब पुलिस ने सभी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। वर्तमान में विजय और गोविंद जेल में हैं, अन्य दो आरोपी जमानत पर बाहर हैं।



गोविंद और सोनू



सिकंदर और विजय

## इनके खिलाफ दर्ज हुआ केस

रामगढ़ताल इलाके के बेतियाहाता दक्षिणी निवासी विजय कुमार, कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद, सेंदुली बिंदुली निवासी गोविंद यादव व यहीं के सोनू बांसफोड़ को गिरोहबंद किया गया है। विजय कुमार गिरोह का सरगना है। विजय पर रामगढ़ताल थाने में पांच, कानपुर नगर के शीशामऊ थाने में एक, बाराबंकी के कोतवाली, बहोसरा में तीन केस दर्ज हैं। सिकंदर पर रामगढ़ताल में तीन, गोविंद पर रामगढ़ताल में एक व खोराबार में एक व सोनू पर एक केस दर्ज है।

# पुलिस लाइंस वर्कशॉप में चोरी करते दो दबोचे गए

अमर उजाला ब्यूरो

## कैंट पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा



पकड़े गए चोरी के आरोपी

गोरखपुर। पुलिस लाइंस के वर्कशॉप में मंगलवार की रात चोरी करते दो युवकों को दबोच लिया गया। आरोपियों ने वर्कशॉप से सामान बाहर निकाल लिया था। लेकिन, इसी बीच संतरी पहुंच गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहपुर के बशारतपुर, एल्युमिनियम फैक्ट्री निवासी जितेंद्र केवट और गुलरिहा क्षेत्र के मिर्चाइन चौराहा ठाकुरपुर निवासी अर्जुन कन्नौजिया के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, दोनों कबाड़ बीनने का काम करते हैं, इस दौरान मौका पाकर चोरी की वारदात को भी अंजाम देते थे। दोनों मंगलवार की रात में पुलिस लाइंस में घुस गए। क्वार्टर गार्ड के पीछे बिजली वर्कशॉप में वीआईपी ड्यूटी का सामान, माइक, साउंड रखा हुआ था। दोनों मौका पाकर अंदर घुस गए और एक-एक कर सामान बाहर निकालने लगे। अंदर खटपट की आवाज सुनकर संतरी पहुंचा तो देखा एक व्यक्ति अंदर घुसा है जबकि उसका एक साथी बाहर खड़ा होकर निकले सामान को एकत्रित कर रहा था। चोरी की सूचना पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को देख दोनों भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर भोर में तकरीबन तीन बजे उनको गिरफ्तार कर लिया। जितेन्द्र पर जीआरपी थाने से वर्ष 2019 में गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई हो चुकी है। उसपर तीन मुकदमे दर्ज हैं जबकि, अर्जुन पर गुलरिहा और कैंट में एक-एक मुकदमा दर्ज है।

# मां-बेटे ने गगहा थाने में की आत्मदाह की कोशिश

## न्यायालय में विचाराधीन है जमीन का मामला, पुलिस ने किया चालान

अमर उजाला ब्यूरो

**जानीपुर।** गगहा थाने में बुधवार की दोपहर पहुंची मां-बेटे ने आत्मदाह का प्रयास किया। दोनों ने थाना परिसर में ही खुद पर केरोसिन उड़ेल लिया। पुलिस वालों ने दोनों को पकड़ कर आग लगाने से रोका। पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। पुलिस का कहना है कि जमीन विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें दबाव बनाने के लिए मां-बेटे ने ऐसा किया है।



आत्मदाह की कोशिश कर रहे युवक से केरोसिन की बोतल छीनता पुलिसकर्मी। संवाद

जानकारी के मुताबिक, गगहा के हटवा निवासी वीना देवी (50) अपने पुत्र नंदन सिंह (24) के साथ बुधवार दोपहर गगहा थाने पहुंचीं। दोनों ने खुद पर बोतल में साथ लाया हुआ केरोसीन उड़ेल लिया। इसी दौरान पुलिस कर्मियों ने महिला व उसके बेटे को पकड़ लिया।

वीना का कहना है कि पुलिस व स्थानीय नेता की शह पर गांव के दो लोग उनकी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करवा रहे हैं।

जिसकी शिकायत वह जिलाधिकारी से मुख्यमंत्री तक कर चुकी हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि जमीन के मामले में वाद न्यायालय में चल रहा है। महिला अपने पक्ष में दबाव बनाने आई थी। मां-बेटे का शांतिभंग में चालान किया गया है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-11-2022

राष्ट्रीय सहारा 24/11/22

# अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम मेदनापुर ऊर्फ बेलासपोखर में सुरेन्द्र व शम्भू पुत्र गण छत्तर द्वारा सरकारी खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर रुद्रपुर तहसील के लेखपाल अनुराग मणि त्रिपाठी द्वारा तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं दूसरी ओर तहसील क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में सरकारी गड़ही के ज़मीन पर सुभाष यादव पुत्र पारस द्वारा कब्जा किया गया था। जहां लेखपाल संगीता यादव के तहरीर पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ लोकनिवारण सम्पत्ति क्षति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा 24/11/22

# कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म का केस

**तरकुलवा (एसएनबी)**। न्यायालय के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने एक प्राइवेट अध्यापक के खिलाफ दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। कुशीनगर जनपद की एक छात्रा तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में रहकर पढ़ती थी। वह उसी गांव में एक प्राइवेट अध्यापक के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। अध्यापक ने सुनसान घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों द्वारा पूछने पर मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद परिजनों ने तरकुलवा पुलिस का दरवाजा खटखटाया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित पक्ष ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जहां से कोर्ट ने आरोपी प्राइवेट अध्यापक मनदीप यादव पुत्र रतन के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट और एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। बीती रात तरकुलवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गयी है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी श्रीयांश त्रिपाठी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी प्राइवेट अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश का पालन होगा।

राष्ट्रीय सहारा दि. 24/11/22

# प्रेमी निकला युवती का हत्यारा

**बनकटा /अकटही बाजार (एसएनबी)**। एक सप्ताह पूर्व सोहनपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के एक सप्ताह बाद पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करते हुए हत्या के आरोपी व मृतका के प्रेमी युवक राजन पुत्र रामवृक्ष प्रसाद को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

बताया जाता है कि विगत 17 नवम्बर की सुबह बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर गांव के दक्षिण स्थित लालबाबू के खेत मे सोहनपुर गांव निवासीनी रिंकी कुमारी 17 वर्ष पुत्री मुन्ना पासवान की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर सनसनी फैल गयी। ।ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना परिजनों को दी।सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।शव मिलने की सूचना पर पहुंची बनकटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मौत 16 नवम्बर की शाम गला दबा कर होने से पुष्ट की गई।

**खेत मे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवती के शव का मामला**

घटना को लेकर परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया था।आरोप तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का आधार बनाकर पुलिस ने कारवायी आगे बढ़ाया तो रहस्य खुलते गये जिसमे युवक द्वारा हत्या किए जाने की पुष्टि पाई गई। परिजनों के मुताबिक युवती से उसी गांव के युवक से प्रेम सम्बन्ध था।युवती की शादी तय होने से उसका प्रेमी आहत था।पुलिस के अनुसार मृतका का प्रेमी अपनी प्रेमिका को घटना की शाम मिलने के लिए बुलाया और प्रेमिका को अपने साथ भाग जाने के लिए दबाव बनाने लगा।युवती द्वारा इनकार करने पर उसने आव न देखा न ताव देखा अपनी प्रेमिका का गला दबा कर उसकी हत्या कर दी।

# दुष्कर्म के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ में रामपुर कारखाना पुलिस को दो सफलताएं मिली थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में एसआई रिजवान अली और मिथिलेश कुमार ने दुष्कर्म के आरोपी संजय यादव और एक वारंटी रामरक्षा निवासी बिशुनपुर उर्फ चिरकिहवा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

# क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने को क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। क्षेत्राधिकारी कार्यालय लाइन/वीआईपी विनय कुमार यादव को सीओ भाटपाररानी, अंशुमान श्रीवास्तव को सीओ बरहज, बरहज में तैनात पंचमलाल को सीओ रुद्रपुर, सीओ भाटपाररानी प्रेमनारायण तिवारी को सीओ लाइंस और सीओ रुद्रपुर जिलाजीत को क्षेत्राधिकारी कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है।

हिन्दुस्तान दि. 24/11/22

# पूर्व सभासद के दो बेटे समेत 24 पर केस दर्ज

**24 लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

- छेड़खानी व मारपीट करने का है आरोप

देवरिया, निज संवाददाता। शहर के सिंधी मिल कॉलोनी में कोचिंग से घर जा रही नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने व विरोध करने पर दरवाजे पर गोलबंद होकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पूर्व सभासद के दो बेटे समेत करीब 24 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कॉलोनी की है।

सिंधी मिल कॉलोनी की रहने वाली किशोरी सोमवार की शाम कोचिंग से पढ़ कर घर लौट रही थी। आरोप है कि उसी दौरान एक पूर्व सभासद के बेटे ने छात्रा को रास्ते में रोक कर उसे जबरन मोबाइल देने का प्रयास किया। छात्रा के इंकार करने पर उसे अपशब्द बोलते हुए छेड़खानी करने लगा। छात्रा किसी तरह मनबढ़ से अपने को बचाते हुए घर पहुंची और पूरी बात परिजनों को बताई। मंगलवार को इसी मामले को लेकर पूर्व सभासद के दो बेटे अपने 15-20 सहयोगियों संग छात्रा के घर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि वे लोग दरवाजे पर जाकर गेट तोड़कर घर में घुस गए और छात्रा के परिजनों से मारपीट करने लगे। यही नहीं मोटर साइकिल व जंगले के फाटक को भी तोड़ दिया। घटना की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची ये लोग फरार हो गए। मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने पूर्व सभासद मदनमोहन सिंह उर्फ छेदी सिंह के बेटे कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू सिंह व अजीत प्रताप सिंह उर्फ हिंमाशु सिंह और आरिफ पुत्र सऊद तथा समीर पुत्र अज्ञात एवं 15-20 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान 24/11/22

# एक सिपाही लाइन हाजिर, दो का तबादला

देवरिया। एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर एक सिपाही को लाइन हाजिर जबकि दो का तबादला कर दिया है।

बघौचघाट में तैनात मो. शरीफ अंसारी को लाइन में भेज दिया। मदनपुर में तैनात कांस्टेबल जगदीश प्रसाद को कोतवाली, पुलिस लाइन से मनोज पटेल को मदनपुर थाने भेज दिया।

हिन्दुस्तान पृ 24/11/22

# सगाई से नाराज प्रेमी ने की थी युवती की हत्या

**खुलासा**

सोहनपुर/भाटपाररानी, हिटी। प्रेमिका की सगाई किसी और से होने पर नाराज प्रेमी ने उसे मिलने के बहाने खेत में बुला कर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी थी। बुधवार को इस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को सोहनपुर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार सोहनपुर की रहने वाली रिंकी का गांव के ही राजन (20) से करीब तीन वर्षों से प्रेम-प्रसंग था। प्रेम-प्रसंग को लेकर दोनों के परिवारों में कई बार विवाद भी हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई थी। रिंकी के परिजनों ने राजन को समाज का डर भय दिखा कर समझाने का प्रयास भी किया था। लेकिन इसके बाद भी दोनों का मिलना-जुलना कम नहीं हुआ था। परिजन भी रिंकी की शादी करने के लिए रिश्ते की तलाश में जुटे हुए थे। इसी बीच 16 नवंबर को सोहनपुर स्थित रामजानकी मंदिर में परिजन रिंकी की सगाई किसी और लड़के से कर दिए। सगाई की रस्म पूरी करने के बाद सभी घर चले आए। सगाई की बात रिंकी के प्रेमी राजन को भी पता चल गई।

सगाई से नाराज होकर राजन ने सगाई की रात ही रिंकी को मिलने के लिए गांव के बाहर खेत में बुला लिया। जहां शादी की बात को लेकर दोनो में वाद-विवाद हो गया। उसी दौरान राजन ने रिंकी की गला दबा कर हत्या दी और शव को खेत में छोड़ कर फरार हो गया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी राजन।

- खेत में मिलने के बहाने बुला गला दबा कर दी थी युवती की हत्या
- 17 नवंबर खेत में मिला था सोहनपुर की रहने वाली युवती का शव

> राजन पुत्र रामवृक्ष निवासी सोहनपुर ने युवती का गला दबा कर हत्या कर दिया था। पुलिस ने घटना खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। राजन का युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच युवती का रिश्ता कहीं और तय हो जाने पर उसने घटना को अंजाम दे दिया।
>
> बरजोर सिंह, थानाध्यक्ष बनकटा

## पुलिस को चकमा देता रहा प्रेमी

रिंकी का हत्यारा उसका प्रेमी पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस की जांच से वह भागता रहा। पुलिस शव मिलने के दिन से ही हत्याकांड की खुलासा करने में पुलिस जुटी थी। प्रेमी पर शक होने के बाद उसके परिजनों से पूछताछ की गई। शक गहरा होने के बाद पुलिस प्रेमी के पीछे पड़ गई। पुलिस के पूछने पर अपने को वह अहमदाबाद में मौजूद बता रहा था जबकि उसका मोबाइल लोकेशन सोहनपुर से देवरिया मिल रहा था। शक होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

दैनिक जागरण दि० 24/11/22

# छेड़खानी मामले में 11 के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, देवरिया**: घर में घुसकर महिला से छेड़खानी के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद समेत 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला के पति से एक व्यक्ति ने रुपये उधार लिए थे। मांगने पर दस लोगों के साथ तीन नवंबर को घर पहुंचकर ईंट पत्थर फेंकने लगा व विरोध करने पर छेड़खानी की। पुलिस ने सिंधी मिल कालोनी निवासी अंगेश तिवारी व दस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

**23 लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का मुकदमा**: देवरिया: तीन दिन पहले मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के 23 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पिपरपाती गांव के रहने वाले सुनील मिश्र व नागेंद्र शुक्ल पक्ष के बीच 20 नवंबर को विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने सुनील मिश्र की तहरीर पर नागेंद्र शुक्ला, अभय शुक्ला, आशीष शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, रौनक शुक्ला, अंकुर शुक्ला, चंदन शुक्ला, हरीश शुक्ला, संजय शुक्ला, शीर्षक शुक्ला, देवेश मिश्र, फणीश मिश्र के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जबकि दूसरे पक्ष के नागेंद्र शुक्ल की तहरीर पर केतन मिश्र, अविनाश मिश्र, देवेंद्र मिश्र, अखिलेश मिश्र, राजेश मिश्र, प्रमोद मिश्र, अरुण मिश्र, सुनील मिश्र, सीनू मिश्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**चार के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा**: देवरिया: शहर के साकेतनगर पूर्वी के रहने वाले राजेश्वर मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने चार के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे राजेश्वर मिश्र के आम के पेड़ों को हरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरेराम सिंह व अरविंद सिंह जबरदस्ती काट रहे थे। मना करने पर सभी ने हमला कर दिया। हरेंद्र ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे नाक की हड्डी टूट गई। इलाज मेडिकल कालेज में चला।

# बरहज, रुद्रपुर व भाटपाररानी के सीओ बदले गए

देवरिया : पांच सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि सीओ भाटपाररानी प्रेम नारायण तिवारी को सीओ लाइन व सीओ लाइन विनय कुमार यादव को भाटपाररानी का सीओ बनाया गया है। 15 नवंबर को प्रशिक्षण पूरा करने वाले सीओ अंशुमन श्रीवास्तव को बरहज का सीओ बनाया गया है। बरहज के सीओ पंचम लाल को रुद्रपुर व रुद्रपुर के सीओ जिलाजीत चौधरी को एसपी कार्यालय में तैनात किया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 24/11/22

# सगाई से नाराज प्रेमी ने की थी किशोरी की हत्या

जासं, बनकटा: एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी के शव मिलने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। सगाई से नाराज प्रेमी ने किशोरी को गांव से बाहर बुलाकर गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीया किशोरी का शव 17 नवंबर की सुबह खेत में मिला था। उस समय किशोरी के आंख व गले पर चोट के निशान थे। स्वजन ने हत्या करने का अंदेशा



गिरफ्तार आरोपित • सौ.पुलिस

जताया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद बनकटा पुलिस सक्रिय हो गई। इस मामले के पर्दाफाश के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस की विवेचना में पता चला कि प्रेम प्रसंग में किशोरी की हत्या की गई है, हत्यारोपित कोई और नहीं, बल्कि किशोरी का प्रेमी है। पुलिस ने सोहनपर स्थित दुर्गा मंदिर से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बरजोर सिंह से बताया कि किशोरी का राजन पुत्र रामबृक्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। किशोरी की सगाई दूसरे जगह हो गई थी। इसी बात से युवक नाराज था। उसने किशोरी को गांव के बाहर मिलने के लिए बुलाया और गला दबाकर हत्या कर दी। किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि. 24/11/22

# किशोरी से छेड़खानी व तोड़फोड़ करने के मामले में मुकदमा

जासं, देवरिया: किशोरी से छेड़खानी करने, घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने सिंधी मिल कालोनी के रहने वाले आरोपित कृष्ण कुमार सिंह उर्फ बिट्टू, अजीत प्रताप सिंह, आरिफ व समीर के विरुद्ध पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों ने कोचिंग जाते समय शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली छात्रा को मोबाइल देने का प्रयास किया। मना करने पर छेड़खानी की। स्वजन के विरोध करने पर गेट, घर में घुसकर बाइक व खिड़की तोड़ डाली। कोतवाल कपिलदेव चौधरी ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

अमर उजाला 24/11/22

# अंशुमन बरहज विनय भाटपाररानी के सीओ बने

देवरिया। एसपी संकल्प शर्मा ने दो क्षेत्राधिकारियों को नई तैनाती दी है। इसमें से एक को बरहज तो दूसरे को भाटरपारानी सर्किल की जिम्मेदारी दी है।

सीओ एसपी कार्यालय से अंशुमन श्रीवास्तव को सीओ बरहज बनाया गया है। इससे पहले सीओ एसपी कार्यालय के पद पर तैनात रह चुके हैं।

उधर, साइबर सेल के सीओ विनय कुमार यादव को भाटपारानी सर्किल का नया क्षेत्राधिकारी बनाया गया है।

इससे पहले वह सलेमपुर के भी सीओ रह चुके हैं। बरहज में तैनात पंचम लाल और भाटपाररानी के सीओ प्रेम शंकर त्रिपाठी को ऑफिस से संबद्ध किया गया है। संवाद

अमर उजाला दि. 24/11/22

# मो. कासिफ की कुंडली खंगालेगी पुलिस

## द किलिंग मशीन ए गैंग का गुर्गा है लार का रहने वाला कासिफ

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** पश्चिमी यूपी का दुर्दांत अपराधी मुनीर मोहताब गैंग के गुर्गे लार निवासी मो. कासिफ की कुंडली जिले की पुलिस खंगालेगी।

इस गैंग ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया था। गिरोह के सरगना मुनीर ने एनआईए के डीएसपी तंजील अहमद और उनकी पत्नी की हत्या कर दी थी।

अलीगढ़ विश्व विद्यालय में पढ़ाई के दौरान जिले के लार निवासी मो. कासिफ से मुनीर मोहताब की मुलाकात हुई थी। इसके बाद द किलिंग मशीन ए गैंग बिजनौर पुलिस ने इस गैंग कोड संख्या आईएस 32-21 में दर्ज किया।

### वाराणसी में मरे मुनीर के साथी कासिफ के बारे में पुलिस जुटा रही जानकारी

इस गैंग में पूर्वांचल देवरिया, आजमगढ़, अयोध्या और देवरिया निवासी कासिफ शामिल रहा है। पुलिस विभाग के सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो पुलिस कस्टडी में इलाज के दौरान वाराणसी में मरे मुनीर के साथी कासिफ के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

> *इस गिरोह के गुर्गे जिला निवासी युवक के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। अभी तक कोई गतिविधियां प्रकाश में नहीं आई हैं। मामले की जांच की जाएगी।*
>
> **-संकल्प शर्मा,** एसपी

कारण यह कि इस गैंग ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को आशंका है कि जनपद के अन्य युवक भी कासिफ के संपर्क में हो सकते हैं। स्थानीय स्तर पर आपराधिक इतिहास न होने के कारण पुलिस कासिफ की गतिविधियों के बारे में खास जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

सबसे अहम सवाल तो यह है कि इस गिरोह के सदस्यों के तार जब जनपद से जुड़े हुए हैं तो पुलिस को अभी तक इसके बारे जानकारी नहीं थी। पुलिस का मानना है कि गिरोह ने कोई भी वारदात जिले के आसपास नहीं की है। इसके कारण गैंग प्रकाश में नहीं आया था।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

# झंडा दिवस पर एसपी ने किया ध्वजारोहण

**कुशीनगर।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगणों को संबोधित करते हुए पुलजि ध्वज के इतिहास के बारे में जानकारी दी।

पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस कर्मियों व अधिकारियों के जारी यूपी पुलिस के महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया। एसपी ने कुछ उदाहरण गिनाते हुए मातहतोंसे कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने की सीख दी और पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा थाना, चौकी व इकाइयों में ससम्मान पुलिस झंडा दिवस मनाया गया।

# स्कूली बच्चों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

**पडरौना।** किसान इण्टरमीडिएट कॉलेज पिपरा बाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के तहत यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। यातायात माह के तहत स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगता है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के लिए यातायात नियमों का पालन न करना है।

# वोटिंग में बरवापट्टी थाना रहा अव्वल

**कुशीनगर।** एडीजी गोरखपुर जोन द्वारा कराए गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत करायी गयी वोटिंग में जनता ने कुशीनगर जिले की बरवापट्टी थाने की पुलिस की कार्यप्रणाली को पहला स्थान दिया है। जनपद के समस्त थानों के बारे में जिले के 19,718 लोगों ने अपना फीडबैक दिया है।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार द्वारा कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग व सर्वेक्षण के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों के सम्बन्ध में कुल 19,718 व्यक्तियों द्वारा अपना फीड बैक दिया गया। कुशीनगर पुलिस के कार्यों का मूल्यांकन कराया गया।

# पशु तस्करी में जिपं सदस्य गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** पशु तस्करी के मुकदमे में लंबे से वांछित चल रहे छहूं गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव को को तुर्कपट्टी व पटहेरवा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर पशु तस्करी को लेकर विभिन्न थानों में 28 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार वह पशु तस्करी का अभ्यस्त अपराधी है।

थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि अमरेश की गिरफ्तारी पटहेरवा में पंजीकृत गो वध के एक मुकदमे के तहत की गयी है। उसी में बहुत दिनों से वह फरार चल रहा था।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में गिरफ्तार

**सिसवा नाहर।** जवही मलही एहतमाली निवासी जिउत साहनी के 20 वर्षीय पुत्र प्रमोद साहनी का शव गांव के पास गन्ने के खेत में मिला था। मृतक के पिता ने मंगलवार को 3 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि मेरे ही गांव के इरशाद अंसारी, दिलकुश साहनी व प्रदीप साहनी ने बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाया है। जिससे बाद बेटे ने आत्महत्या कर ली है। तरया सुजान थानाध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि म्एक अभियुक्त इरशाद अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दो अभियुक्त दिलकुश साहनी व प्रदीप साहनी की तलाश जारी है।

# घूस मांगने का ऑडियो वायरल होने पर सिपाही सस्पेंड

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के गांव पटहेरिया में एक ही समुदाय के दो पक्षों में बीते 17 नवंबर की हुई मारपीट के मामले में हल्का सिपाही द्वारा आरोपित के नाबालिक लड़के से थाने बुलाकर सुलह कराने के नाम पर रुपये मांगने का ऑडियो वायरल हो गया है।

एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। उनके निर्देश पर पटहेरवा थाने में सिपाही पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गयी है। घटना की विस्तृत जांच सीओ तमकुही राज को सौंपी गयी है।

बीते 17 नवंबर को थाना क्षेत्र के गांव पटहेरिया में एक ही समुदाय के दो पक्षों में वाहन हटाने के लेकर जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुये थे। दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की थी। हल्का सिपाही विजय यादव व हल्का दरोगा पर आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय दोनों सुलह समझौता कराने में जुट गए। अगले दिन एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को पकड़ कर गंभीर रूप से पीट दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर आपबीती बतायी। बाद में बीस नवंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बिचौलियों के माध्यम से हल्का सिपाही फिर से सुलह का दबाव बनाने लगे। आरोपित के नाबालिक लड़के ने सिपाही की बातचीत मोबाइल में रिकार्ड कर ली। यही ऑडियो बुध्वार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित के रिश्तेदार ने ऑडियो के साथ सीएम कार्यालय व एसपी कार्यालय को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि कोट-मुझे ट्विटर के माध्यम से ऑडियो की जानकारी मिली थी। प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया है। उसके खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सेवाभाव से परिपूर्ण है पुलिस का कार्य

## जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य, आत्म बलिदान का प्रतीक है झंडा : एसपी



पुलिस झंडा दिवस पर ध्वजारोहण करते एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

**जासं, पडरौना :** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस के झंडे का बड़ा मतलब है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 23 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश पुलिस के झंडे को सर्वप्रथम रंग प्रदान किया गया। यह पुलिस की जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य, आत्म बलिदान का प्रतीक है। यही वजह है कि इसे झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वे बुधवार को पुलिस लाइन में झंडा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का कार्य सेवाभाव से परिपूर्ण होता है। सभी को झंडे का महत्व समझना चाहिए। इसके पूर्व उन्होंने झंडारोहण किया और झंडे को सलामी दी। पुलिसकर्मियों को डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया। कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने को प्रेरित किया। पुलिसकर्मियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लिया। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, आरआई रुपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

नगर कोतवाली पुलिस ने हर्षोल्लासपूर्वक झंडा दिवस मनाया और ध्वज को सलामी दी। प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने झंडारोहण कर वर्दी पर झंडे का स्टीकर लगाया। पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया।

एसएसआइ अनिल कुमार सिंह, दारोगा धर्मदेव चौधरी, वेद प्रकाश सिंह सहित कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय बार्डर के पुलिस पिकेट का एसपी ने किया निरीक्षण

- अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय बार्डर से सटे थानों को अतिरिक्त सतर्कता के निर्देश
- निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**जासं, पडरौना :** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बुधवार रात सात बजे कसया व हाटा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत देवरिया बार्डर पर स्थापित पुलिस पिकेट का औचक निरीक्षण किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को नगर निकाय चुनाव को लेकर बार्डर क्षेत्र में और भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। लापरवाही पर कार्रवाई को चेतावनी दी।

पुलिस अधीक्षक कसया क्षेत्र स्थित बनवारी टोला पहुंचे। वहां पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी मुस्तैद मिले। पिकेट प्रभारी एके सिंह से वार्ता कर दिन भर में की गई वाहनों की जांच की जानकारी मांगी। प्रभारी ने बताया कि संदिग्ध वाहनों की गहनता से छानबीन की जाती है। आज 20 चार पहिया तथा 38 दो पहिया वाहनों की जांच की गई। एसपी ने नगर निकाय चुनाव को लेकर हर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। बनवारी टोला के बाद वे हाटा कोतवाली के गौरी बाजार तिराहा स्थित पिकेट पहुंचे। मौजूद पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जानकारी ली। कहा कि नगर निकाय चुनाव नजदीक है। अराजकतत्व व्यवस्था में बाधा न पहुंचाने पाएं, इसे लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय सीमा पर तैनात पुलिसकर्मी अपने दायित्वों को लेकर सतर्कता बरतें। एसपी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय सीमा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कसया आशुतोष तिवारी, कोतवाली प्रभारी हाटा निर्भय कुमार सिंह, पीआरओ भुपेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पडरौना :** तुर्कपट्टी पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के नोनिया पट्टी चौराहे से दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे अजीत शाही निवासी तिरमा साहून को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह मातहतों संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि क्षेत्र के नोनियापट्टी चौराहे पर दुष्कर्म के मुकदमे में नामजद व फरार चल रहा युवक मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां पहुंच सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। उसे पुलिस ने पकड़ लिया। एसएचओ ने बताया कि घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था।



# एक ट्रक अवैध लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार



पकड़े गए आरोपितों के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

- कोतवाली पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- हाईवे पर स्थित तितला के पास से किया गया गिरफ्तार

जासं, हाटा, कुशीनगरः कोतवाली पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक ट्रक अवैध आम व शीशम की लकड़ी के साथ दो लोगों को हाईवे पर स्थित तितला के पास से गिरफ्तार किया है।

साथ ही पकड़े गए तस्कर सूरजभान सिंह निवासी अंध्या थाना कसया व मनोज सिंह पुत्र शारदा सिंह निवासी चौराखास थाना पडरौना के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। पकड़ने वाली टीम में क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित श्रीवास्तव, वन दारोगा महेंद्र यादव, उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार, वनरक्षक अब्दुल आलम आदि शामिल रहे।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओ
के सहयोग से पेट व

# गैंगस्टर व पशु तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी :** तुर्कपट्टी के छहूं निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव को पुलिस ने बुधवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। यादव के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों के अतिरिक्त गोरखपुर के खोराबार थाने में गोवंश से संबंधित कुल 28 मुकदमें दर्ज हैं। जिला प्रशासन ने आरोपित के विरुद्ध गैंगस्टर की भी कार्रवाई कर रखी है। जिपंस की पत्नी ग्राम प्रधान रानी का कहना है कि हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश मिला हुआ था, बावजूद इसके पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि पटहेरवा में दर्ज पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमें में फरार चल रहा था। (जासं)

# बरवापट्टी पहले व सेवरही थाना दूसरे स्थान पर

**जासं, पडरौना :** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर जनपद के थानों की पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर कराए गए पब्लिक पोल में थाना बरवापट्टी पहले स्थान पर है। वहीं सेवरही को दूसरा तथा पटहेरवा थाने को तीसरा स्थान मिला है। नागरिकों की राय में कप्तानगंज व महिला थाने की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है।

थानों की कार्यप्रणाली के बारे में राय जानने के लिए एसपी धवल जायसवाल ने एक से सात नवंबर तक नागरिकों से वाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर के माध्यम से प्रतिक्रिया मांगी थी। इसके अलावा आइजीआरएस तथा एफआइआर व एनसीआर दर्ज कराए लोगों से बात कर उनका फीडबैक लिया गया। निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। शिकायतकर्ताओं से सुझाव मांगे गए। पूछा गया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं या नहीं। पब्लिक पोल में ट्विटर के माध्यम से 4641 लोगों ने प्रतिक्रिया दी, जबकि 10002 लोगों से बात कर उनकी राय जानी गई। इसी तरह एनसीआर, एफआइआर दर्ज कराए 399, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण-पत्र बनवाने वाले 3324 व आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराए 1352 लोगों से पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में पूछा गया। इस तरह कुल 19718 नागरिकों से मिली राय के आधार पर एडीजी जोन ने थानों की रैंकिंग तय की।

| थाना | स्थान |
|---|---|
| बरवापट्टी | पहला |
| सेवरही | दूसरा |
| पटहेरवा | तीसरा |
| कोतवाली पडरौना | चौथा |
| रामकोला | पांचवां |
| कोतवाली हाटा | छठवां |
| तुर्कपट्टी | सातवां |
| कसया | आठवां |
| खड्डा | नौवां |
| कुबेरस्थान | 10वां |
| तमकुहीराज | 11वां |
| हनुमानगंज | 12वां |
| अहिरौलीबाजार | 13वां |
| नेबुआ-नौरंगिया | 14वां |
| विशुनपुरा | 15वां |
| तरयासुजान | 16वां |
| जटहाबाजार | 17वां |
| कप्तानगंज | 18वां |
| महिला थाना | 19वां |

- **19718 लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर व्यक्त की अपनी राय**
- **नागरिकों की नजर में कप्तानगंज व महिला थाने की कार्यप्रणाली ठीक नहीं**

> हर बार की तरह नवंबर में भी पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों से राय मांगी गई थी। प्राप्त सुझाव पर अमल कर पुलिस व नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित किया जाएगा। नागरिकों से मिली राय पुलिस को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# भ्रष्टाचार के मामले में सिपाही पर मुकदमा, निलंबित

**जासं, पटहेरवा :** पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही विजय यादव पर भ्रष्टाचार के आरोप में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय की तहरीर पर बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित द्वारा दस हजार रुपये घूस मांगने का आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है।

क्षेत्र के गांव पटहेरिया में एक समुदाय विशेष के दो पक्षों में बीते 17 नवंबर को मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष के लोग घायल हुए थे। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। हलका सिपाही विजय यादव कार्रवाई की जगह सुलह-समझौता की बात करने लगे। 20 नवंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर सिपाही मोलभाव करने लगे। इस दौरान स्वजन के साथ आए एक पक्ष के किशोर ने पूरी बात मोबाइल में टेप कर ली। आडियो में सिपाही 10 हजार रुपये की मांग करते हुए दारोगा का भी हिस्सा बता रहा है। आडियो को किशोर के एक रिश्तेदार ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस अधीक्षक को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग करते हुए इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपित सिपाही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सुबह टहलने निकले युवक को मारा चाकू हमलावर फरार

**जासं, हाटा:** क्षेत्र के गांव मंगलपुर मंगरुआ में बुधवार की सुबह टहलने निकले युवक पर घात लगाए बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद बाइक से फरार हो गए। घटना में गांव के ही दो मनबढ़ों के शामिल होने की भी चर्चा है। पुलिस जांच कर रही है। मंगलपुर मंगरुआ के अविनाश सिंह सुबह टहलने गए थे। अभी गांव से बाहर निकलकर सड़क पर पहुंचे ही थे कि घात लगाकर बैठे दो युवकों ने चाकू से वार कर दिया।

# टॉपटेन बदमाशों में शामिल जिला पंचायत सदस्य गिरफ्तार

## अमरेश यादव पर जनपद सहित गोरखपुर में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं

संवाद न्यूज एजेंसी

गुरवलिया बाजार/तुर्कपट्टी (कुशीनगर)। थाना क्षेत्र के छहूं निवासी व सपा के वर्तमान जिला पंचायत सदस्य व टॉपटेन बदमाशों की सूची में शामिल अमरेश यादव को तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने बुधवार की सुबह पशु तस्करी व गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार कर थाने ले आई।

उधर, जिला पंचायत सदस्य के समर्थक ग्रामप्रधान रानी यादव के नेतृत्व में थाने पहुंचे और पुलिस पर हाईकोर्ट का आदेश न मानने का आरोप लगाते हुए अमरेश को छोड़ने की मांग करने लगे।

बुधवार सुबह तुर्कपट्टी थाने की पुलिस अमरेश को गिरफ्तार कर ले आई और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। इधर, गिरफ्तारी से नाराज अमरेश यादव की पत्नी व ग्रामप्रधान रानी यादव की अगुवाई में कई लोग थाने पहुंचे और पुलिस पर हाईकोर्ट का आदेश न मानने का आरोप लगाया। वे अमरेश को छोड़ने की मांग करने लगे। थाने में जुटी भीड़ से तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस ने बताया कि अमरेश यादव पर जनपद के विभिन्न थानों सहित गोरखपुर में भी मुकदमा दर्ज है। इसी मामले की जांच की जा रही है।



गिरफ्तार आरोपी अमरेश। संवाद

पुलिस के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव पिछले कई महीनों से फरार था। उसकी तलाश की जा रही थी। बीते 29 जून को पुलिस ने अमरेश के कार्यालय पर छापा मारकर मालवाहक को बरामद करके पशुओं को मुक्त कराया था। वहीं, सात सितंबर को भी डीआईजी के निर्देश पर दबिश देकर धरपकड़ की कोशिश की गई थी। इसमें पुलिस की पकड़ में अमरेश नहीं आया था। उस समय पुलिस ने मौके से छह गाड़ियों को कब्जे में लिया था। उसके बाद अमरेश के साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**आरोपी की पत्नी की अगुवाई में थाने में पहुंचे लोगों ने अमरेश को छोड़ने की मांग की**

**पशु तस्करी व गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मामलों में पुलिस कर रही थी तलाश**

### हाईकोर्ट से स्टे के बावजूद गिरफ्तार करने का आरोप

अमरेश यादव की पत्नी और छहूं की प्रधान रानी यादव ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में पंचायत के दौरान उनके पति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट से इस मामले में 20 दिसंबर तक स्टे प्राप्त है। इसके बाद जो फैसला आता, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से कुछ बताया नहीं जा रहा। मात्र जांच का आश्वासन मिल रहा है।

*जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ जिले के विभिन्न थाने सहित गोरखपुर के थानों में मुकदमा दर्ज है। स्टे एक मुकदमे में होने की बात सामने आ रही है। इसकी भी जांच की जा रही है। अमरेश यादव टॉपटेन के अपराधी में शामिल है। विविध कार्रवाई की जा रही है।*

*– धवल जायसवाल, एसपी*



**महुअवा देवरिया में फुटबाल टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय।** संवाद

# लापता महिला का शव पोखरे में मिला

## 72 वर्षीय जानकी देवी छह दिनों से लापता थीं

संवाद न्यूज एजेंसी



बुजुर्ग महिला का शव पोखरे में मिलने पर बिलखते परिजन। संवाद

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के भलुही गांव के टोला लहटोलवा निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव पोखरे में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोखरे से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि भलुही गांव के लहटोलवा निवासी जानकी देवी छह दिनों से लापता थीं। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार को दिन में करीब डेढ़ बजे खेत की तरफ जा रहे लोगों ने पोखरे में इस बुजुर्ग महिला के शव को देखा और गांव में जाकर सूचना दी। उसके बाद वहां लोग जुट गए।

वह शव जानकी देवी का था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। अहिरौली बाजार थाने के अपराध निरीक्षक रामदरश आर्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोखरे से निकलवाकर थाने लाए।

विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# वाराणसी में मिले डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा (कुशीनगर)। रविवार की शाम को लापता होने की सूचना मिलने के बाद सुकरौली सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव का पता चल गया है। वाराणसी में उनके होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों एवं पुलिस ने राहत महसूस की।

सुकरौली सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव रविवार की शाम को गोरखपुर अपने घर के लिए निकले। घर नहीं पहुंचने पर उनके लापता होने की सूचना फैल गई। उनका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। परिजनों और उनके सहयोगियों में किसी अप्रिय घटना की आशंका उत्पन्न हो गई थी।

परिवार के लोगों ने इस संबंध में गोरखपुर के कैंट थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस उन्हें खोजने में जुट गई थी। इसी बीच बुधवार की

## रविवार की शाम को लापता होने की मिली थी सूचना

## परिवार के लोगों ने गोरखपुर के कैंट थाने में दर्ज कराया था केस

सुबह उनका मोबाइल फोन ऑन हुआ तो पुलिस को उनके वाराणसी में होने की जानकारी मिली।

बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने अपनी मां को कॉल करके बात की और बनारस में होने की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग पुलिस के साथ उन्हें लेने के लिए वाराणसी निकल गए। इसी के साथ परिवार के लोगों और पुलिस ने राहत की सांस ली।

हालांकि, उनके साथ ऐसा क्या हुआ था कि वह घर जाने के बजाय वाराणसी चले गए और मोबाइल फोन ऑफ हो गया, इन सब सवालों का जवाब उनके आने के बाद ही मिल सकेगा।

# रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल

## दस हजार रुपये मांगने के आरोप में एसपी ने किया निलंबित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पटहेरवा/उजारनाथ।** रिश्वत के तौर पर दस हजार रुपये मांगने का ऑडियो वायरल होने पर एसपी ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज कराकर सीओ को जांच के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, बीते 17 नवंबर को पटहेरिया गांव में मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में वाहनों की टक्कर के बाद जमकर मारपीट हुई थी। इसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

आरोप है कि हल्का सिपाही विजय यादव व हल्का दरोगा कार्रवाई करने के बजाय, सुलह की बात दोनों पक्षों से करने लगे। अगले दिन एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को पकड़कर गंभीर रूप से पीट दिया। पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत हुआ। आरोप है कि 20 नवंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बिचौलियों के माध्यम से सिपाही व हल्का दरोगा मोलभाव करने लगे। उसी मोलभाव को आरोपी के नाबालिग बेटे ने रिकॉर्ड कर लिया।

*पटहेरवा थाने में तैनात सिपाही का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें लेनदेन की बात सामने आई है। इसी प्रकरण में सिपाही को निलंबित कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है।*

*- **धवल जायसवाल**, एसपी*

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हुआ केस, सीओ को जांच के निर्देश

ऑडियो में सिपाही किशोर से 10 हजार रुपये की मांग करते हुए सुना जा रहा है। उसका कहना था कि हल्का दरोगा का भी शेयर उसी में है। किशोर से उसके पिता को शांतिभंग के अंदेशा में जेल भेजकर मामला शांत करने की बात करता सुना गया।

इसी ऑडियो को किशोर के एक रिश्तेदार ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस अधीक्षक के ट्वीट पर टैग करके पोस्ट कर दिया।

इंटरनेट मीडिया पर ऑडियो वायरल होने के बाद सिपाही विजय यादव को निलंबित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मुकदमा भी दर्ज कराया है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

# गायब मोटरसाइकिल बरामद

**सिन्दुरिया (महराजगंज)(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा लक्ष्मीपुर एकडंगा निवासी एक युवक का मोटरसाइकिल मंगलवार की शाम को रजवल चौराहे से गायब हो गयी। युवक अपनी मोटरसाइकिल का काफी खोजबीन किया लेकिन मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चल सका। थक हार कर पीड़ित अपने घर चला आया। बुधवार की सुबह अचानक थाना क्षेत्र के ग्रामसभा विश्वनाथपुर पडवनिया में ग्रामीण द्वारा सूचना मिली कि एक लावारिस मोटरसाइकिल एक बास की कोठी में रखी गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया और बुधवार की शाम को मोटरसाइकिल स्वामी को सुपुर्द कर दिया।

# पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस

**महराजगंज (एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस झंडा को फहराया। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा जारी संदेश से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय पर पुलिस झण्डा को फहराया। साथ ही डीजीपी के संदेश से अवगत कराया।



डीजीपी का संदेश पढ़ते एसपी। फोटो : एसएनबी

उल्लेखनीय है की 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। उसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप पुलिस कलर्स अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है जो हम सबके लिए गर्व का विषय है। उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक,लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान वीर साथियों की अहर्निश जन-सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की। इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई उर्जा संचारित होती है जो नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है। इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से धर्म की अधर्म पर विजय अविस्मरणीय रही है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार, सी ओ लाइन सुनील दत्त दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# इनामी अपराधियों की करें गिरफ्तारी

## अपराध समीक्षा बैठक

**महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने पुलिस के उच्चाधिकारियों,थाना प्रभारियों एवं कार्यालय प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। साथ ही लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण वांछित आरोपियों एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के गिरफ्तारी का निर्देश दिया। साथ ही साथ शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2021 से पूर्व के लम्बित विवेचना की समीक्षा की। साथ ही दो माह से अधिक समय से लम्बित विवेचना के निस्तारण का निर्देश दिया। बरामद तथा शेष अपृहता/अप्रहत के सम्बन्ध में पूर्व में आपरेशन तलाश भी चलाया गया था। आईजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं फीड बैंक की स्थिति की समीक्षा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा धारा अधिनियम के अन्तर्गत थाना द्वारा कृत कार्यवाई की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने सड़क दुर्घटना वाले स्थानों की फीडिंग करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। साथ ही साथ यातायात माह के दौरान की गयी कार्यवाई एवं दो पहिया वाहनों पर हेलमेट के प्रयोग करने एवं उसको जागरुक करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त प्रभारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने आगामी नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में निर्देशित किया। सारी तैयारी पूर्ण कर ले। इस दौरान एएसपी आतीश कुमार सिंह सहित सभी क्षेत्राधिकारी,प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष व विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।



गोष्ठी को सम्बोधित करते एसपी महराजगंज। फोटो : एसएनबी

# 8 बोरी यूरिया व 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**नौतनवां**। स्थानीय पुलिस द्वारा गश्त के दौरान 8 बोरी यूरिया बरामद की गयी। इसके साथ ही 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किये जाने में भी सफलता मिली। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि शराब के साथ राममिलन पुत्र बेचन निवासी चकदह टोला लालपुर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। दूसरी घटना में चंडीथान बाग से 8 बोरी यूरिया लावारिश हालत में बरामद किये जाने में सफलता मिली। पुलिस ने उसे अग्रिम कार्यवाही के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है।

सभी नगरीय निकाय में मतदान केन्द्र, बूथ आदि की सूचना एकत्र करने का निर्देश, कंट्रोल रूम में कर्मी तैनात

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाएं पुलिस कर्मी

**बैठक**

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस कार्यालय के सभागार में बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने अपराधों की समीक्षा की। आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी से तैयारी शुरू करने का आदेश दिया। पुलिस कंट्रोल रूम का गठन कर उसमें कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया। ऐसे में आईजीआरएस में महराजगंज जिले को प्रथम स्थान मिलने पर एसपी ने पुलिस कर्मियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। और इसके बाद से कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखना जरूरी है। इसके बाद से जन सुनवाई और आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र पर सभी थानाध्यक्ष प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करें।

एसपी ने थानावार पंजीकृत मुकदमा की समीक्षा की। कहा कि जिन आपराधिक मामलों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है उनके अनावरण के लिए प्रयास करें। इसके बाद से वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों व वारंटीओं को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान का निर्देश दिया। इसके बाद से वर्ष 2021 से पूर्व के लंबित विवेचना की समीक्षा किया। दो माह से अधिक समय से लंबित विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



पुलिस कार्यालय के सभागार में बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने अपराधों की समीक्षा की। • हिन्दुस्तान

## पोर्टल पर एक्सीडेंट वाले स्थलों की फीडिंग का दिया निर्देश

एसपी ने दुर्घटना सड़क दुर्घटना वाले स्थानों की फीडिंग करने के मामले की जानकारी लिया। सभी थानाध्यक्ष एवं प्रभारी निरीक्षक को फीडिंग करने के लिए निर्देश दिया। यातायात माह के दौरान की कार्यवाई एवं दोपहिया वाहनों पर हेलमेट के प्रयोग करने एवं उनको जागरूक करने का फरमान सुनाया। इस मौके पर एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह, सभी सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, सभी शाखा के प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## सपाइयों ने सूची में धांधली का आरोप लगाया

- निकाय चुनाव के प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर आपत्ति
- आरोप, गांवों के जनप्रतिनिधियों का नाम शहर में शामिल किया

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। निकाय चुनाव के प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर सपाइयों ने आपत्ति जतानी शुरू कर दी है। गांवों के जनप्रतिनिधियों का नाम सपरिवार शहर की सूची में दर्ज होने का आरोप लगा सपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला। कलक्ट्रेट पहुंचे सपाइयों ने कहा कि इस मामले में न्यायोचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन के लिए विवश होंगे।

निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला ने कहा कि यह प्रकाशित सूची आपत्तिजनक है। अगर प्रशासन त्वरित कार्रवाई नहीं करता है तो समाजवादी लोग बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ने के लिए विवश होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के नाक के तले नगर पालिका परिषद महराजगंज में तमाम ग्रामीण स्तर के जनप्रतिनिधियों जैसे बीडीसी और ग्राम प्रधानों का भी नाम शामिल कर लिया गया है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश यादव, आमिर खान, तबस्सुम हुसैन, विजय जायसवाल, अमरनाथ यादव, लल्ला यादव, राममिलन गौड़, मुकेश पांडे उर्फ सोनू, मोहम्मद रफीउल्लाह, अतुल पटेल, उमेश यादव आदि ने इस मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। पत्रक के साथ गांवों के लोगों का शहर में नाम शामिल होने के प्रमाण में कुछ पत्रक दिए गए हैं। सपाइयों ने कहा कि 31 अक्टूबर को प्रकाशित अनंतिम सूची में तमाम गलत नाम थे। 18 दिन बाद 18 नवंबर को अंतिम सूची प्रकाशित हुई तो 12707 मतदाता बढ़कर 62396 हो गए। यह सोचने वाली बात है। सपाइयों ने सूची को सही कराने की मांग की।



मतदाता सूची में धांधली का आरोप लगाकर सपाई कलक्ट्रेट पहुंचे थे। • हिन्दुस्तान

# नेपाली शराब बरामद

खनुआ। खनुआ पुलिस ने हरदी डाली गांव के नो मेंस लैंड पर बुधवार को एक युवक को 22 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक आकाश गुप्ता ग्राम बेलहिया, रुपन्देही नेपाल का रहने वावला है। वह शराब को भारतीय क्षेत्र में बिक्री करने आ रहा था।

# कच्ची शराब संग गिरफ्तार

नौतनवा। नौतनवा पुलिस ने बुधवार को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव चकदह टोला लालपुर निवासी राममिलन को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# गायब बाइक पुलिस ने सौंपा

चिउटहा। एसओ सिंदुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामसभा लक्ष्मीपुर एकडंगा निवासी कौशलेंद्र बहादुर सिंह अपनी बाइक को लेकर किसी काम के वास्ते रजवल चौराहे पर गया था। अचानक कुछ देर बाद चौराहे से इनकी बाइक गायब हो गयी। गायब बाइक को एक बास की कोठी में पुआल से ढका देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी है। बाइक मिलने की सूचना मिलते ही पीड़ित ने सिन्दुरिया थाने पर पहुंचकर अपनी आप बीती बताई है और उसके कागजातों का सत्यापन करने के बाद बाइक उसे सौंप दी गई है।

# पब्लिक रैंकिंग में शीर्ष पर कोल्हुई, चौक थाना फिसड्डी

**महराजगंज, निज संवाददाता।** आम लोगों की नजर में थानों की पुलिस का कामकाज कैसा है? इसको लेकर अक्तूबर माह का कराए गए पब्लिक एप्रूवल रैंकिंग को एडीजी जोन ने सार्वजनिक कर दिया है। इसमें कोल्हुई थाना को पहला स्थान मिला है। रैंकिंग लिस्ट में सबसे नीचे पायदान पर चौक थाना है। रैंकिंग में टॉप फाइव में कोल्हुई, बरगदवा, सोनौली, सदर कोतवाली व नौतनवा थाना शामिल है। खराब रैंकिंग वाले अंतिम पांच थानों में श्यामदेउरवा, पुरन्दरपुर, बृजमनगंज, महिला थाना व चौक थाना शामिल है।

एडीजी गोरखपुर जोन निखिल कुमार हर माह ट्वीटर पर पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों का फीडबैक मांगते हैं। ट्वीटर पोल में हिस्सा लेकर भी लोग थानों की पुलिस के प्रति अपनी राय रखते हैं। इसमें आईजीआरएस को लेकर संतुष्टीकरण, एफआईआर/एनसीआर, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन को लेकर आनलाइन मिले वोट के हिसाब से जोन स्तर के सभी थानों की पब्लिक एप्रूवल रैंकिंग सूची हर माह जारी की जाती है।

इस सूची को देख कर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस के प्रति लोगों की राय कैसी है। इसके बाद से रैंकिंग देख पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार लाती है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों को जनता के बीच पुलिस की छवि बेहतर बनाने का दिशा निर्देश जारी है। छवि में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।


एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन के क्वाटर गार्द पर पुलिस झंडा फहराया।

# पुलिस ध्वज फहरा कर्तव्य परायणता का दिया संदेश

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस झंडा दिवस पर बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन के क्वाटर गार्द पर पुलिस झंडा फहरा कर पुलिस कर्मियों को कर्तव्य परायणता, पराक्रम, जन सेवा का संदेश दिया। कहा कि यह ध्वज पुलिस की शक्ति व निष्ठा की प्रतीक है। सभी इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का गौरव बनाये रखें और अपनी संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं उच्चस्तर की व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहें जिससे यूपी पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नए आयाम स्थापित होते रहें। एसपी कार्यालय पर एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह के अलावा सभी थानों पर एसओ ने पुलिस ध्वज फहराया।

- सभी थानों पर पुलिस ध्वज फहराकर उसके प्रति जताया सम्मान
- पुलिस कर्मियों को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने संदेश पढ़ कर सुनाया

इस मौके पर पुलिस कर्मियों को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने संदेश पढ़ कर सुनाया। बताया कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री ने पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत् एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करते हुए प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी, महिला हेल्पडेस्क व साइबर क्राइम थानों पर महिला साइबर हेल्पडेस्क स्थापित किये गये हैं। यूपी 112 की सेवा के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार व फुटपेट्रोलिंग के जरिए पुलिस की बढ़ती विजिबिलिटी ने अपराध नियंत्रण के साथ ही जनसंवाद को बढ़ाया है। यूपी 112 सेवा को वीमेन पावर लाइन 1090, जीआरपी, फायर सर्विस, महिला हेल्पलाइन 181 सेवा, एम्बुलेंस सेवा 108 व उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया गया है। निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता एवं संस्थागत सुधारों ने पुलिस के मनोबल में अभूतपूर्व वृद्धि की है।

बहुआर संवाद के अनुसार बुधवार को आदर्श पुलिस चौकी प्रभारी बहुआर विवेक कुमार सिंह ने अपने सभी जवानों के साथ झंडा दिवस मनाया।

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को डेढ़ वर्ष की कैद

**जासं, नौतनवा**: नौतनवा थाना में एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को न्यायालय ने बुधवार डेढ़ वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित बजरंगी यादव निवासी गौतम बुद्ध नगर के विरुद्ध 2016 में हुए दर्ज मुकदमे के विवेचक एसआई राजेंद्र सिंह व आरक्षी प्रेम चंद ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद न्यायालय ने आरोपित को सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड जमा नहीं करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# मृत जन्मे बच्चों के स्वजन से संपर्क करेगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : जिला महिला अस्पताल में सोमवार की रात शौचालय के कूड़ेदान में फेंके गए नवजात के शव को लेकर कुत्ता के भागने के मामले की जांच शुरू हो गई है। अस्पताल में बुधवार को भी गहमा-गहमी रही। हर तरफ इस घटना की चर्चा होती रही। अस्पताल प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। उस दिन अस्पताल में मृत पैदा हुए नवजातों के स्वजन से कोतवाली पुलिस संपर्क करनेगी। मामले में अज्ञात स्वजन और अज्ञात स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिला महिला अस्पताल में सोमवार को चार सामान्य प्रसव हुआ था। इसमें दो बच्चे मृत पैदा हुए थे। पहला मृत नवजात दोपहर 2.50 बजे तथा दूसरा रात नौ बजे पैदा हुआ था। अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि दोनों शव स्वजन साथ ले गए थे। जिस नवजात का शव कुत्ता शौचालय के डस्टबिन से लेकर भागा था वह कहां से आया पुलिस इसकी जांच कर रही है। नवजात के शव को मोर्चरी में रखा गया है। अस्पताल में बुधवार को सुबह से ही सतर्कता बढ़ा दी गई है। हर आने जाने वालों पर पुलिस और स्वास्थ्यकर्मी नजर रखे हुए हैं। अचानक पुलिस की सख्ती देख लोग हैरत में भी रहें। पुलिसकर्मी शक होने पर लोगों का नाम पता पूछने के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दे रहे हैं।



महिला अस्पताल में पूछताछ करती महिला पुलिसकर्मी ● जागरण

अस्पताल में प्रवेश के अन्य रास्ते बंद कर दिए गए हैं। मुख्य गेट से ही प्रवेश की अनुमति दी गई। सुरक्षाकर्मियों को चौकस कर दिया गया है। वार्ड में महिला सिपाही भी तैनात है, उन्हें सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्यकर्मियों को सावधानी बरतने को कहा गया है। सभी सीसी कैमरे क्रियाशील हैं। हर आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**डा. राकेश रमन**, प्रभारी सीएमएस

तहरीर के आधार पर अज्ञात स्वजन और अज्ञात स्वास्थ्यकर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। मृत पैदा हुए नवजातों के स्वजन से भी पुलिस संपर्क साधेगी। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

**रवि कुमार**, सदर कोतवाल

# महिला सशक्तीकरण के तहत जागरूक हुई छात्राएं

- **वेझिझक हेल्पलाइन नंबर पर दें किसी भी घटना की सूचना**
- **पुलिस ने स्कूल में छात्रओं को दी अधिकारों की जानकारी**

**जासं, श्यामदेउरवा :** रामपुर चकिया में स्थित महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तीकरण के तहत पुलिस ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव ने कहा कि घरेलू हिंसा से बचने का सही तरीका है जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना हो तो उसको अपने शुभचितकों को जरूर बताएं।

जो महिला किसी बात को लेकर अपने स्वजन से न कह पाती हों वह महिला हेल्प लाइन नंबर 1076, 112, 1090 पर अपनी समस्या बताएं। महिला कांस्टेबल ने कहा कि महिलाएं बेफिक्र होकर कहीं भी आएं-जाएं बस सतर्कता और जागरूकता होनी चाहिए। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। यदि कभी संकट में पड़ जाएं जो पुलिस से मदद मांगने में जरा भी संकोच न करें और न ही घबराएं। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। महिला सशक्तीकरण अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। प्रबंधक महाजन गुप्ता, हरिशंकर सिंह, सलाउद्दीन अली, सत्यप्रकाश गुप्ता, संतोष यादव, आकाश, संतोष साहनी, कुसुम सिंह, ममता, प्रतिमा चौधरी मौजूद रहे।

# वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी में लाएं तेजी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बुधवार को पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में सभी सीओ, थानाध्यक्षों और विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध की समीक्षा की। विभिन्न मुकदमों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के अलावा अपराध नियंत्रण को लेकर निर्देश दिए। इसके अलावा दुर्घटनाओं को आइरेड मोबाइल एप पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

दोपहर में शुरू हुई बैठक में सर्वप्रथम समस्त थाना क्षेत्रों के अपराध की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, वांछित आरोपितों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटीओं की गिरफ्तारी, शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण एवं उनके कार्रवाई की समीक्षा की। लापरवाही पर कई थानाध्यक्षों को



तथागत सभागार में बैठक को संबोधित करते एसपी डा.कौस्तुभ ● जागरण

सुधार का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि दो माह से अधिक पुराने मुकदमों में स्वयं थानाध्यक्ष निगरानी करें और विवेचकों से समन्वय स्थापित कर उसका निस्तारण कराएं। अपहरण के मामलों में एसपी ने ससमय बालिकाओं की बरामदगी के लिए आरेशन तलाश जैसे अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में आइजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं फीडबैक की स्थिति की समीक्षा की। एसपी ने कहा कि ठंड के दिनों में चल रहे आपरेशन रात्रि प्रहरी के तहत सभी थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन गश्त होनी चाहिए। ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक लगे। एएसपी आतिश कुमार सिंह, कोमल प्रसाद मिश्र, अजय सिंह चौहान, सूर्यबली मौर्य, अनुज कुमार सिंह मौजूद रहे।

# 10 लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, नौतनवा:** नौतनवा पुलिस ने बुधवार शाम 10 लीटर कच्ची के साथ राम मिलन निवासी ग्राम चकदह टोला लालपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

# जनता की नजर में कोल्हुई प्रथम, चौक थाना फिसड्डी

**जासं, महराजगंज** : पुलिस के पब्लिक एप्रूवल रेटिंग सिस्टम प्रणाली के तहत अक्टूबर माह की रिपोर्ट में जिले के नागरिकों की नजर में कोल्हुई थाने को प्रथम स्थान मिला। चौक थाना फिसड्डी साबित हुआ है। वहीं महिला थाना को 17वां स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने जहां कोल्हुई को बधाई दी है, वहीं अन्य थानों को भी बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया है।

अक्टूबर की रिपोर्ट में पहले स्थान पर कोल्हुई, दूसरे स्थान पर बरगदवा, तीसरे पर सोनौली, सदर कोतवाली को चौथा, नौतनवा पांचवां, परसामलिक छह, कोठीभार सात, सिंदुरिया आठ, निचलौल नौ, ठूठीबारी 10, फरेंदा 11, पनियरा 12, घुघली 13, श्यामदेउरवा 14, पुरंदरपुर 15,बृजमनगंज 16, महिला थाना 17 और चौक थाने को 18वां स्थान मिला है।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने कहा कि रैंकिंग में सुधार नहीं होने पर थानाध्यक्षों पर जांच के बाद कार्रवाई की जाती है, यह प्रक्रिया प्रत्येक तीन माह की रैंकिंग गिरने पर अपनाई जाती है।

# स्वाभिमान का प्रतीक है पुलिस का ध्वज

- पुलिस लाइंस सहित थानों व चौकियों में मनाया गया झंडा दिवस
- कर्तव्य, दायित्वों का निर्वहन करते हुए बनाए रखें ध्वज की गरिमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस लाइंस सहित सभी थानों व चौकियों में बुधवार को झंडा दिवस मनाया गया। पुलिसकर्मियों ने ध्वज को सलामी दी, इसके बाद पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया गया। सभी अफसरों व पुलिसकर्मियों ने शर्ट पर पुलिस ध्वज का प्रतीक स्टीकर भी लगाया।

पुलिस लाइंस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी डा. कौस्तुभ ने कहा कि यह ध्वज हमारा चरित्र दर्शाता है। यह हमारे उस गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, जिसमें हमने देश सेवा में कौशल, शौर्य और कर्तव्य परायणता से अप्रतिम योगदान दिया है। बताया कि 23 नवंबर 1952 को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने यूपी पुलिस व पीएसी को ध्वज प्रदान किया था। पुलिस व पीएसी बल को यह ध्वज उनके शौर्य, प्रदर्शन व कर्तव्य परायणता के चलते दिया गया था। इसे यूपी पुलिस का सबसे बड़ा गौरव माना जाता है। समस्त अधिकारी कर्मचारियों अपने कर्तव्यों, दायित्वों का



पुलिस लाइंस में झंडे को सलामी देते एसपी डा.कौस्तुभ ● जागरण

निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखें। प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार के अलावा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस कार्यालय पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने ध्वज को सलामी दी। पुलिसकर्मियों को ध्वज की महत्ता बताई। सदर सीओ अजय सिंह चौहान सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। सभी सीओ कार्यालय और पुलिस थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# अनहोनी की वजह न बन जाए नियमों की अनदेखी

- नियमों का पालन करना मुनासिब नहीं समझते हैं चालक
- मार्ग से गुजरने वाले अधिकारी भी नहीं देते जुगाड़ वाहनों पर ध्यान

**जासं, आनंदनगर** : फरेंदा तहसील क्षेत्र की सड़कों पर नियमों की अनदेखी कर ट्रैक्टर ट्राली, पिकअप, जुगाड़ की गाड़ी दौड़ाए जा रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्राली एवं पिकअप से यात्रा करना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है।

मौजूदा समय में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें लोगों की जान चली गई। बावजूद इसके ना तो ट्रैक्टर चालक व मालिक इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही यात्रा करने वाले जोखिम भरा सफर करने से चूक रहे हैं। खास बात तो यह है कि मुख्य मार्ग से होकर गुजरने वाली इन ट्रैक्टर ट्राली पर परिवहन और यातायात पुलिस की नजर भी नहीं पड़ती। विधिक कार्रवाई न होने का नतीजा है कि हादसे रुक नहीं रहे हैं। बुधवार को परगापुर मार्ग पर ट्रैक्टर के पीछे गिट्टी मिक्स करने वाली मशीन लगी थी। जिस पर मजदूर बेतरतीब बैठ कर यात्रा कर रहे थे। कुछ लोग लटक कर जान जोखिम में डाल यात्रा कर रहे थे। इसी तरह फरेंदा कस्बे में दोपहर में एक पिकअप गोरखपुर की तरफ से आ रही थी। इसमें कई लोग बैठे थे। बच्चे और महिलाएं पिकअप के फाटक पर बैठे थी। उनके गिरने की संभावना अधिक थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र ने कहा कि वाहन चालकों को नियम का पालन करना चाहिए। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



फरेंदा में ट्रैक्टर से जुड़ी मशीन पर बैठकर जान जोखिम में डाल यात्रा करते मजदूर ● जागरण



पुलिस कार्यालय के सभागार में बुधवार को क्राइम मीटिंग को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ। संवाद

# रात्रि गश्त तेज करने के निर्देश

**महराजगंज।** पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध नियंत्रण के प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाने, वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटिओं की गिरफ्तारी, शिकायत प्रार्थना पत्र के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2021 से पूर्व की लंबित विवेचना की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि दो माह से अधिक समय से लंबित विवेचना के निस्तारण त्वरित करें। ऑपरेशन तलाश को प्रभावी ढंग से संचालित करें।

आईजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सड़क दुर्घटना वाले स्थानों को चिह्नित करें। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्रवाई शुरू कर दें।

रात्रि गश्त तेज करने के साथ ही हर छोटी-बड़ी घटना की जानकारी होने पर त्वरित पहुंचे। उन्होंने सभी थानेदारों को दायित्व के प्रति सचेत रहने की हिदायत दी। संवाद

## तीन वारंटी जेल भेजे गए

**पनियरा।** स्थानीय पुलिस ने तीन वारंटियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं एक बाल अपचारी आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि राहुल निवासी सोहरौना तिवारी, विरेन्द्र निवासी बभनौली, रामभवन निवासी बभनौली को जेल भेजा गया है। संवाद

## 10 बोरी जैविक खाद बरामद

**खनुआ।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ पुलिस सीमावर्ती गांव कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गी फार्म के पास नेपाल ले जाते समय एक युवक के पास से 10 बोरी जैविक खाद बरामद की गई है। खनुआ चौकी प्रभारी रामरतन यादव ने बताया कि खाद को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। संवाद

# क्वार्टर गार्ड पर पुलिस झंडा फहराया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस कर्मियों ने झंडा दिवस मनाया

**महराजगंज।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में बुधवार को क्वार्टर गार्ड पर पुलिस झंडा फहराया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान के संदेश को सुनाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय पर झंडा फहराया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके योगदान के फलस्वरूप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए 'मिशन-शक्ति' अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी, महिला हेल्पडेस्क व साइबर क्राइम थानों पर महिला साइबर हेल्पडेस्क स्थापित की गई है।

# बालू लदा ट्रक किया सीज

**पनियरा।** बड़वार में एक गिट्टी बालू की दुकान पर एक ट्रक पर सफेद बालू लादी जा रही थी। इसी दौरान एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम मौके पर पहुंचे।

उन्होंने ट्रक ड्राइवर से सफेद बालू के कागजात मांगे तो उसने आनाकानी करना शुरू कर दिया। एसडीएम ने तत्काल खनन इंस्पेक्टर को ट्रक को सीज करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर पहुंचे खनन विभाग के कर्मियों ने ट्रक को थाने में बंद करा दिया। एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम ने बताया कि चालक के बालू का पेपर नहीं दिखाने पर कार्रवाई की गई। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद एक गिरफ्तार

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के चकदह गांव में पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आरोपी राममिलन निवासी चकदह टोला लालपुर को चालान किया गया है। संवाद



गड़ौरा पुलिस चेक पोस्ट के पास बाइक पर रेडियम पट्टी लगाता व्यक्ति।

# वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाकर कर रहे थे वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** क्षेत्र के ठूठीबारी निचलौल मार्ग पर गड़ौरा पुलिस चेक पोस्ट के निकट बुधवार को कुछ लोगों ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाकर वसूली की।

चालकों का आरोप है कि पुलिस मौके पर मौजूद थी। हालांकि, क्षेत्राधिकारी से शिकायत करने के बाद वसूली कर रहे लोगों को पकड़वाने की बात कही गई।

गजेंद्र गुप्ता निवासी जगदौर, प्रमोद निवासी नेपाल राष्ट्र नवलपरासी, कमरुद्दीन निवासी भागाटार ने बताया कि वह निचलौल ठूठीबारी मार्ग से गुजर रहे थे। इसी बीच भारत नेपाल सीमा से सटी ठूठीबारी कोतवाली चेक पोस्ट गड़ौरा के निकट कुछ लोग दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को रोककर वसूली कर रहे थे। बाइक पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाकर 100 रुपये तथा कार वालों से 200 रुपये ले रहे थे।

## वाहन चालकों के विरोध के बाद खिसके, पुलिस पर भी सहयोग देने का आरोप

आरोप है कि चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मी वसूली करने वालों का साथ दे रहे थे। लोगों ने वसूली कर रहे लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की तो उचित जवाब नहीं मिल पाया। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मी मौके से किनारे हो गए।

# रिफ्लेक्टर नहीं लगाने पर 27 वाहनों का किया गया चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** ठंड में कोहरा पड़ने पर सड़क पर सामने के वाहन भी नहीं दिखाई देते हैं। ऐसे में वाहनों पर लगा रिफ्लेक्टर काफी उपयोगी साबित होता है। इससे वाहन होने का संकेत मिल जाता है और हादसे की आशंका कम हो जाती है।

यही वजह है कि परिवहन विभाग ने वाहनों की जांच शुरू कर दी है। वाहनों पर रिफ्लेक्टर नहीं होने पर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को रिफ्लेक्टर नहीं लगा रहने पर 27 वाहनों का चालान किया गया। इसमें नौ बसें शामिल हैं। जिले में अलग अलग रूटों पर टीम वाहनों की जांच कर रही है।

जांच के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगवाया जा रहा है। संभागीय निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पिकअप समेत कई वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाया। उन्होंने वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगवाने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। बताया कि कोहरे के समय लाइट पड़ने पर दूर से ही वाहन दिखाई देने लगाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका कम हो जाती है।




पिकअप पर रिफलेक्टर लगवाते हुए आरआई संजय सिंह। संवाद

## वाहन पर रिफ्लेक्टर लगा हो तो कोहरे के दौरान मिलती है मदद

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरसी भारतीय ने बताया कि चालकों को वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही वाहनों में फाग लाइट लगवाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस समय ट्रैक्टर ट्राली से गन्ने की ढुलाई हो रही है। रात्रि में चलते समय इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर सबसे जरूरी है। सभी वाहन चालक अपने ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर जरूर लगवा लें। टीम बनाकर जांच की जा रही है। 29 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाया जा चुका है।

# कोर्ट ने उप निरीक्षक व सिपाही पर केस दर्ज करने का दिया आदेश

## सोहगीबरवां के सुभाष ने एससीएसटी न्यायालय में दाखिल किया था वाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सोहगीबरवां निवासी एक व्यक्ति ने दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वाद दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायधीश एससीएसटी पवन कुमार श्रीवास्तव ने उप निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा एवं सिपाही सुरेंद्र वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार सोहगीबरवां निवासी सुभाष गौड़ ने विशेष न्यायधीश एससीएसटी न्यायालय में 25 अगस्त 2021 को वाद दाखिल किया कि 19 जून सुबह 9 बजे गांव के ध्रुव व कन्हैया ने उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया।

जिस मामले में उप निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा व सिपाही सुरेंद्र वर्मा ने थाने में उन्हें बुलाकर लॉकप में डालकर रकम की मांग की। जिस पर असमर्थता जताई तो पुलिकर्मियों ने मारापीटा व जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। जिसमे गंभीर चोट आई।

शिकायत पर पुलिस के उच्चाधिकारियों ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर अधिवक्ता सुरेंद्र गांधी के माध्यम से धारा 156 तीन के तहत न्यायालय की शरण में पहुंच कर कार्रवाई की मांग की। जिस पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## बेटे के साथ मां-बाप को 10 साल का सश्रम कारावास

**महराजगंज।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय (एक) अनिल कुमार सेठ ने गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त परमात्मा के साथ उनके पिता रामचंद्र, माता राजकुमारी निवासी भगवतनगर परसिया टोला हथौसा थाना फरेंदा जिला महराजगंज को 10 साल सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। मामला तीन मई 2017 का है। पीडित परमेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रास्ता अवरूद्ध होने के दौरान विरोध करने पर परमात्मा ने कुल्हाडी के बेंत से परमेश्वर की पत्नी पर्वाती के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत सिंह ने गवाही करा कर सजा की मांग की। साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। संवाद

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

# दुष्कर्मी को 14 वर्ष की जेल, सत्ताइस हजार का अर्थदंड

**बस्ती (एसएनबी)।** दुष्कर्म के आरोपी को अपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप माननीय न्यायालय ने 14 वर्ष का कठोर कारावास के साथ ही सत्ताइस हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाइ है। लालगंज थाने में वर्ष 2018 में घर में घुसकर पीड़िता के साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म तथा गालियां व धमकी देते हुए मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी बिजली तिवारी उर्फ राजमणि तिवारी के विरूद्ध धारा 376, 354, 452, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत कर कार्यवाही किया था। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना लालगंज पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से बुधवार को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट्रैक कोर्ट प्रथम बस्ती द्वारा अभियुक्त बिजली तिवारी उर्फ राजमणि तिवारी पुत्र राममूरत तिवारी निवासी ग्राम लोइया भारी कला थाना लालगंज को 14 वर्ष का कठोर कारावास व सत्ताइस हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## घर में घुसकर पीटा, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** वारिस दर्ज कराने की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए उसके घर में घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के खन्ता ससना गांव निवासी संजीव कुमार के बाबा चिराऊतथा बाबा के तीन भाईयों के मृत्यु के उपरान्त उनके जायदाद में वारिस दर्ज कराये जाने के विवाद में आरोपी रामचन्दर तथा चार अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए उसे घर के अन्दर घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित संजीव कुमार चौधरी पुत्र इन्द्रजीत चौधरी निवासी खन्ता ससना थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचन्दर पुत्र बलदेव, ष्पराम पुत्र धनीराम, लखपत पुत्र जलेसर, दिनेश चौधरी पुत्र संतराम निवासीगण खन्ता ससना थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज को लेकर महिला को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने एक विवाहिता व उसके डेढ़ वर्ष के बेटो को मरापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में विवाहिता की शिकायत पर आरोपी पति सहित पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुण्डेरवा थाने में शिकायती पत्र देते हुए पीड़िता माया यादव ने बताया कि दहेज में एक लाख रूपये की मांग को लेकर उसके पति हनुमान यादव तथा सास, ससुर, देवर ने मिलकर गालियां देते हुए उसे मारापीटा। मारपीट के दौरान उसे तथा उसके डेढ़ वर्षीय बेटे को गम्भीर चोट लगी। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी पति हनुमान यादव पुत्र राम चन्दर, ससुर राम चन्दर पुत्र राम सावर, सास सोनमती पत्नी राम चन्दर, देवर ज्ञान प्रसाद पुत्र राम चन्दर तथा हरिशंकर निवासीगण फेलवा पोस्ट बनकटी थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3\4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## गन्ने के खेत में लगी आग, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुआल जलाने के दौरान एक व्यक्ति के गन्ने के खेत में आग लग गयी जिससे फसल पूरी तरह से जल गया। इस बात का जब आरोपी के घर उलाहना दिया तो पीड़िता को, गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के मनिकौरा खुर्द गांव निवासी वकील अहमद अपने खेत का पुआल लापरवाही पूर्वक जला रहे थे। जिससे बागल में रियाज अहमद के गन्ने के खेत में आग लग गयी और चार बीघा फसल जलकर नष्ट हो गया। वहीं मसीम अहमद का एक बीघा खेत भी जल गया। नुकसान का उलाहना लेकर रियाज अहमद जब वकील अहमद के घर गया तो वकील ने उसे गालियां देते हुए मान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रियाज अहमद पुत्र मुबारक निवासी मनिकौरा खुर्द थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वकील अहमद पुत्र रवनक निवासी मनिकौरा खुर्द थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 427, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगो ने घर के अन्दर घुसकर महिला को मरापीटा तथा उसकी लड़की के साथ छेड़खानी किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगो को नामजद किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के कोहड़वा गांव निवासिनी महिला ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर रानू, विष्णु, दीपक व विकास एकराय होकर गालियां देते हुए उसके घर में घुस गये और उसे मारापीटा। इस दौरान बेटी को अकेला देखकर उसके साथ छेड़खानी किया। बीच बचाव में आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी रानू पुत्र पराग, विष्णु, दीपक पुत्रगण दुरविजय, विकास पुत्र हरिकेश निवासीगण ग्राम कोहडवा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 452, 323, 354(क), 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**पुलिस झण्डा दिवस**

# डीआईजी ने स्टीकर लगा दिलायी शपथ

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया साथ ही अपने तथा अन्य पुलिस कर्मियों की वर्दी पर यूपी पुलिस के झंडे का स्टीकर लगाया। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों ने झंडे को सलामी दी। डीआईजी आरके भारद्वाज द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस देवेंद्र सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया।


पुलिस महानिदेशक का संदेश सुनाते डीआईजी आरके भारद्वाज।

23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में उत्ष्ट प्रदर्शन के लिये भारतवर्ष के प्रदेशों में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश राज्य के पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किये जाने का गौरवमयी गाथा का अनुभूति कराया गया जिसकी प्रेरणा से कर्तव्यनिष्ठ और नये उर्जा के निरंतर संचरण से अनेक कीर्तिमान स्थापित किये गये जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस की अहम भूमिका रही है। महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति" अभियान के अन्तर्गत एण्टी रोमियो स्ड को और सक्रिय करते हुये प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी, महिला हेल्पडेस्क व साइबर क्राइम थानों पर "महिला साइबर हेल्प डेस्क" स्थापित किये गये है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में पीएसी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना की गयी है। वर्तमान मे 18 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है एवं 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना से सम्बन्धित कार्यवाही प्रचलित है। यूपी 112 की सेवा के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार तथा फुट पेट्रोलिंग के जरिये पुलिस की बढ़ती विजिबिलटी ने अपराध नियंत्रण के साथ ही जनसंवाद को बढ़ाया है। यूपी 112 सेवा को वीमेन पावर लाइन 1090, जीआरपी, फायर सर्विस, महिला हेल्पलाइन 181 सेवा, एम्बुलेंस सेवा 108 व उप्र राज्य परिवहन हेल्पलाइन के साथ एकीत किया गया है। उन्होंने कहा कि झंडे के नीचे सभी पुलिसकर्मी संकल्प लें कि पीड़ितों को न्याय, सबको सुरक्षा और सम्मान दिलाकर झंडे की गरिमा बढ़ाएंगे। इस अवसर पर प्रभारी गोपनीय शाखा, प्रभारी प्रधान लिपिक शाखा, प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रभारी चुनाव सेल व प्रभारी वाचक शाखा, प्रभारी साइबर क्राइम थाना समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विद्यालय में नौकरी के नाम पर फ्राड

बस्ती। हर्रैया थाने में तहरीर देकर कोदई निवासी शिवशंकर ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को केन्द्रीय विद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी व जालसाजी करके विपक्षियों ने चार लाख रुपया हड़प लिया।

पुलिस ने गोंडा जिले के छपिया थानांतर्गत असनहरा निवासी अर्जुन, संदीप व बलराम के खिलाफ आईपीसी 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहर कोतवाली के कम्पनी बाग सब्जी मंडी की है घटना

# सब्जी मंडी में मारपीट के दौरान पुलिस पर पथराव

**दुस्साहस**

**03** युवकों की पिटाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी

**08** से दस अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

- दुकानदारों ने ईंट-पत्थर से पुलिस टीम पर किया हमला
- बीच-बचाव के प्रयास में पुलिस टीम के एक सिपाही को चोट आई

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर कोतवाली के कम्पनी बाग सब्जी मंडी के पास तीन युवकों की पिटाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि बीच-बचाव का प्रयास किया तो पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर फेंकते आठ-दस दुकानदार हमलावर हो गए। इसमें एक सिपाही को चोट आई। इससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि आठ-दस अज्ञात दुकानदारों के खिलाफ बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा व 7 सीएलए एक्ट के तहत केस कायम कर लिया गया है। मनबढ़ दुकानदारों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कंपनी बाग सब्जी मंडी में बाइक सवार तीन युवकों की तेज गति से बाइक चलाने की बात को लेकर एक व्यक्ति से कहासुनी हो गई थी। मामला बढ़ा तो कुछ दुकानदार भी वहां पहुंच गए और बाइक सवार तीनों युवकों को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। किसी राहगीर द्वारा दी गई सूचना पर चौकी प्रभारी सिविल लाइन दुर्गविजय सिंह एक कांस्टेबल पर चीता ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी संग मौके पर पहुंच गए। बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन मनबढ़ों ने पुलिस की एक नहीं सुनी।

चौकी इंजार्च दुर्गविजय सिंह ने तहरीर में बताया है कि मौके पर पहुंचे तो देखा कि लात-घूंसे व ईंट-पत्थर चलाकर आठ-दस दुकानदार तीन अज्ञात लोगों को मारपीट रहे थे। यह देख उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पुलिस बल से ही उलझ गए। इतना ही नहीं ईंट-पत्थर फेंकते हुए पुलिस बल पर भी हमलावर हो गए। इस दौरान एक कांस्टेबल को चोट भी आई। जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाली व कण्ट्रोल रुम को सूचना दी गई।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि चौकी इंचार्ज सिविल लाइन की शिकायत पर आठ-दस अज्ञात दुकानदारों के खिलाफ आईपीसी 147, 323, 504, 332, 353 व 7 सीएलए एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच एसआई ऋषिदेव प्रसाद को सौंपी गई है। आरोपियों के शिनाख्त के प्रयास के साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी गई है।

# हेराफेरी को लेकर केस

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर लालगंज के पिपरपाती निवासी वन्दना सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पति रविन्द्र प्रताप के नाम से पंजीकृत वाहन को पति के भाई जितेन्द्र सिंह, जर्नादन सिंह व अन्य ने कूटरचित कागजात तैयार करा एनओसी प्राप्त कर ली आरटीओ कार्यालय से गाड़ी को अपने नाम करा लिया। पुलिस ने 419, 420, 467, 468, 471 व 506 में केस दर्ज किया।

# युवती के आत्महत्या में आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती/ बनकटी।** जिले के लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी से आहत एक युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के गांव के रहने निवासी संदीप यादव के लिए छेड़खानी और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को उसे पाकरडाड़-महसो के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 14 साल की जेल

बस्ती। फॉस्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने युवती के साथ घर में घुसकर, धमकी देकर दुष्कर्म के मामले में एक युवक को 14 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 27 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने अदालत को बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 10 जुलाई 2018 को वह घर में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान गांव के बिजली तिवारी उर्फ राजमणि घर में घुस आए और दुष्कर्म किया।

# दहेज प्रताड़ना के चार मामलों में केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है ससुराल में दहेज को मारापीट में पति हनुमान, ससुर रामचंदर, सास सोनमती, देवर ज्ञान समेत पांच पर निवासी फैलवा थाना लालगंज पर केस किया है।

कलवारी थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दस लाख रुपये की दहेज में मांग की गई। पूरी न होने पर मारपीट की। धनघटा पौली निवासी सादमान, अतीकुर्रहमान, अरबाज, समेत छह के पर केस किया है। महिला थाना में तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया।मुंडेरवा थाने के नरियांव निवासी जयराम समेत चार पर अभियोग पंजीकृत किया। गौर थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन को ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया।

# फरार वांछित को पकड़ा

कप्तानगंज। कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सतेन्द्र कुंअर ने बताया कि खजुहा गांव में रिटायर ब्लॉक कर्मी विश्वनाथ चौधरी के घर हुई चोरी के मामले में वांछित युवक चंदन गौड़ ऊर्फ छोटू निवासी गढ़हा गौतम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बुधवार को दुबौलिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# बस्ती में कनेक्शन के नाम पर घूस लेते जेई समेत दो दबोचे


बस्ती, निज संवाददाता। कमर्शियल कनेक्शन लगाने के नाम पर 10 हजार रुपये घूस लेते जेई व प्राइवेट लाइनमैन को एंटी करप्शन गोरखपुर की टीम ने बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराकर टीम ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी जेई विद्युत उपकेंद्र ओड़वारा पर तैनात है।

मुंडेरवा क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी गोपाल ने विद्युत उपकेंद्र ओड़वारा पर तीन किलोवाट के कमर्शियल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद भी कनेक्शन नहीं लगा तो केंद्र पर तैनात जेई राजेश कुमार प्रजापति निवासी भरवरपुर थाना खानपुर जिला गाजीपुर से संपर्क किया। जेई ने कनेक्शन के नाम पर 10 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा। इसके बाद गोपाल ने गोरखपुर स्थित एंटी करप्शन डिपार्टमेंट से संपर्क किया।



घूस लेते गिरफ्तार जेई राजेश कुमार और लाइनमैन राहुल कुमार। (बाएं से दाएं लाल घेरे में)

जाल में फंसा जेई P 07



रेंज कार्यालय पर ध्वजारोहण के बाद सलामी देते डीआईजी व अन्य पुलिस अधिकारी।

# पुलिस झंडा दिवस पर सुरक्षा व न्याय का लिया गया संकल्प

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, परिक्षेत्रीय कार्यालय, पुलिस कार्यालय और सभी थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसमें ध्वजारोहण के साथ ही पुलिस झंडा स्टीकर लगाया गया। रेंज कार्यालय पर डीआईजी आरके भारद्वाज ने, पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने अपने व अन्य पुलिस कर्मियों की वर्दी पर पुलिस के झंडे का स्टीकर लगाया। पुलिस कर्मियों ने झंडे को सलामी दी। दोनों अधिकारियों ने डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान का संदेश पत्र पढ़ा। पुलिस कर्मियों को याद दिलाया कि 23 नवंबर 1952 को पुलिस लाइन लखनऊ के परेड ग्राउंड में वार्षिक परेड के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने पुलिस व पीएसी ध्वज प्रदान किया था। मिशन शक्ति अभियान, एण्टी रोमियो स्क्वॉड, प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारीआदि की चर्चा की गई। डीआईजी ने कहा कि यूपी 112 के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार, जनसंवाद को भी बढ़ाया है।

# एंटी करप्शन टीम के जाल में फंस गया जेई

**बस्ती, निज संवाददाता।** मुंडेरवा क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी गोपाल ने विद्युत उपकेंद्र ओड़वारा पर तैनात जेई राजेश कुमार प्रजापति के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को गोरखपुर से इंस्पेक्टर संतोष कुमार दीक्षित के नेतृत्व में आई एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया।

जेई राजेश प्रजापति के लिए काम करने वाले प्राइवेट लाइनमैन राहुल कुमार निवासी कसैला थाना मुंडेरवा को सहज जनसेवा केंद्र ओड़वारा पर दो हजार रुपये लेते हुए दबोच लिया। टीम उसकी निशानदेही पर उपकेंद्र पर पहुंची, जहां जेई राजेश कुमार प्रजापति मौजूद था। गोपाल द्वारा 8 हजार रुपये लेते हुए टीम ने जेई राजेश को उपकेंद्र पर अकाउंटेंट कार्यालय से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

मालूम हो कि अगस्त में इसी उपकेंद्र पर तैनात एक अन्य जेई राघवेंद्र प्रताप सिंह को भी एंटी करप्शन ने घूस लेते रंगेहाथ दबोचा था।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

## कसा शिकंजा

**बस्ती/ सल्टौआ, हिटी।** जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई युवती के साथ गैंगरेप के दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक बाल अपचारी है।

पुलिस कार्यालय पर बुधवार को धरपकड़ की जानकारी देते हुए एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से बुधवार को सुबह साढ़े छह बजे पुरैना भट्ठे के पास से आरोपी रवींद्र निवासी भकुरहिया थाना दुधारा संतकबीरनगर व एक बाल अपचारी को पकड़ लिया। इनके कब्जे से युवती की मोबाइल बरामद कर ली गई। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती के पिता ने मंगलवार की सुबह पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। तहरीर के मुताबिक सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे उनकी बेटी शौच को खेत की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आईपीसी 354बी, 323, 504, 506, 376डी, 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।


### पीड़िता के गांव में पुलिस तैनात

युवती को जबरन ले जाकर उसके गैंगरेप की घटना से पीड़िता के गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। माहौल को देखते हुए पीड़िता के घर के आसपास व गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह के अनुसार ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसएसआई संतोष कुमार दूबे, स्वॉट प्रभारी उमाशंकर तिवारी अन्य शामिल रहे।

# खजुहा गांव में चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती** : थानाक्षेत्र के खजुहा गांव में 25 अगस्त को हुई चोरी के मामले में वांछित एक आरोपित को पुलिस ने बुधवार को दिन में 12 बजे कप्तानगंज चौराहे के दुबौलिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। घटना में वांछित दो अन्य की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।

पुलिस की मानें तो गिरफ्तार चंदन गौड़ उर्फ छोटू निवासी गड़हा गौतम ने खजुहा गांव में हुई चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार भी कर ली है। तलाशी में एक सोने की अंगूठी, चांदी का एक जोड़ा पायल व दो बिछुआ के अलावा 6900 रुपये नकद बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर ने पुलिस इसे लंबे समय से तलाश रही थी।



# दुष्कर्म के आरोपित को 14 वर्ष की कठोर कैद

**जासं, बस्ती** : फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने दुष्कर्म के मामले में दोषी पाए गए युवक को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त को 27 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। जुर्माना न देने पर एक वर्ष नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने न्यायालय में पीड़ित पक्ष की पैरवी करते हुए कहा कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती 10 जुलाई 2018 को घर पर अकेली थी। माता-पिता और बड़ी बहन घर से दूर पेड़ की छाया में बैठे हुए थे। लड़की का पीछा कर रहे बिजली तिवारी उर्फ राजमणि निवासी ग्राम लोहिया भारी कला थाना लालगंज ने समय करीब 12 बजे दिन में युवती के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर माता-पिता और बड़ी बहन पहुंच गई। पीड़िता को धक्का देते हुए आरोपित भाग गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज हुआ था। न्यायालय में जब पीड़िता का बयान हुआ तो उसके बाद दुष्कर्म, मारने-पीटने व धमकाने की धारा बढ़ाई गई। सात गवाह पेश किए गए, जिन्होंने घटना को सही साबित करते हुए अभियोजन का समर्थन किया। न्यायालय ने आरोपित युवक को दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# पुलिस पर ईंट फेंकने में दुकानदारों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के कंपनी बाग सब्जी मंडी के पास मंगलवार को तीन युवकों की पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर कुछ दुकानदार ईंट-पत्थर फेंकते हुए हमलावर हो गए। घटना में एक सिपाही को चोट लगी है।

- कंपनीबाग सब्जी मंडी के पास मंगलवार को दो पक्षों में हुई थी मारपीट
- मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस पर कुछ लोगों ने फेंका था ईंट- पत्थर

जानकारी के अनुसार कंपनीबाग सब्जी मंडी के पास बाइक सवार तीन युवकों द्वारा तेज गति से बाइक चलाने की बात को लेकर एक व्यक्ति से मंगलवार को कहासुनी हो गई थी। मामला बढ़ा तो कुछ दुकानदार भी वहां पहुंच गए और बाइक सवार तीनों युवकों को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। इसी बीच चौकी प्रभारी सिविल लाइन दुर्गविजय सिंह, एक आरक्षी कांस्टेबल, चीता ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी के साथ मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराने लगे।

चौकी इंचार्ज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि आठ-दस दुकानदार तीन अज्ञात लोगों को मारपीट रहे थे। यह देख उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दुकानदार पुलिस से ही उलझ गए।

आरोप लगाया कि दुकानदार ईंट-पत्थर फेंकते हुए पुलिस पर भी हमलावर हो गए। इस दौरान एक कांस्टेबल को चोट भी आई। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि आठ-दस अज्ञात दुकानदार नाम पता अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ ही सेवन सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुकानदारों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गाय बांधने को लेकर विवाद, दो पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव में गाय बांधने को लेकर विवाद हो गया। गांव की शांति गौतम पुत्री अशोक गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे जब वह गाय बांध रही थी, तभी गांव के ही दुर्बली और चंदन उनकी गाय को मारने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा।

बीच बचाव के लिए पहुंचे उनके पति गौराज गौतम को भी उन लोगों ने मारा पीटा। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# कर्तव्य निर्वहन के साथ पुलिस ध्वज की बनाए रखें गरिमा



पुलिस झंडा दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी आशीष श्रीवास्तव ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व समस्त थानों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में जबकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने पुलिस झंडा दिवस पर ध्वजारोहण किया। इसके अलावा कोतवाली में कोतवाल शशांक शेखर राय, महिला थाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय, पुरानी बस्ती थाने में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, सहित सभी थानों में प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष ने झंडारोहण किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखें। इस मौके पर पुलिस लाइन में सीओ लाइन अंबिका राम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में झंडारोहण के समय सभी शाखाओं के प्रभारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**पुलिस लाइन में एसपी आशीष श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने किया झंडारोहण**

# हत्यारोपित पति को आजीवन कारावास, 25 हजार जुर्माना

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने विवाहिता की हत्या करने के मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 25 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने सास व ससुर को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने घटना का विवरण अदालत में प्रस्तुत करते हुए कहा कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पायलपुर उर्फ पटखौली निवासी अर्जुन ने अपनी बहन रेनू का विवाह 12 मई 2014 को परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बुबौना गांव निवासी आदित्य के साथ किया था। ससुराल में सास शांति देवी, ससुर राधेश्याम एवं पति ने कार व 50 हजार रुपये के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। 10 जनवरी 2018 को रेनू ने अपने भाई को फोन करके बताया कि उसके ससुराल वाले उसे मारपीट रहे हैं। 13 जनवरी 2018 को आदित्य ने फोन करके बताया कि तुम्हारी बहन रेनू मर गई है। रेनू के भाई अर्जुन ने परशुरामपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। गवाहों के बयान व अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने माना कि आदित्य ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। विवाहिता के सास-ससुर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य न पाते हुए न्यायालय ने उन्हें संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया।

# सुरक्षित यातायात के लिए छात्र छात्राओं को किया जागरूक




एपीएन पीजी कालेज में यातायात जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** यातायात माह के तहत बुधवार को बस्ती शहर में स्थित अंबिका प्रताप नारायण पीजी कालेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में सुरक्षित यातायात को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने कहा कि हादसों का कारण यातायात नियमों की अनदेखी होती है। नियमों का पालन कर खुद तो सड़क हादसों से बचा जा सकता है और दूसरों को भी बचाया जा सकता है। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्हें अपने परिवार के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। छात्रों के बीच यातायात नियमों व चिन्हों से संबंधित पंफलेट, स्टीकर आदि वितरित किए गए। इस मौके पर एसोसिएट प्रोफेसर ब्रजेश दूबे, फूलचंद यादव आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपित हुए गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** सोमवार की रात में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपितों को वाल्टरगंज पुलिस, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बुधवार को सुबह 6.30 बजे पुरैना भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक बाल अपचारी है। उसके पास से पीड़िता का मोबाइल भी बरामद किया गया है।

- **गिरफ्तार आरोपितों में एक बाल अपचारी भी शामिल**
- **एक आरोपित के पास से पीड़िता का मोबाइल भी बरामद**

मंगलवार को थाना वाल्टरगंज में पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि सोमवार की रात करीब 9.30 बजे उनकी बेटी बगल के खेत में शौच करने गई थी। इसी बीच दो लोगों ने पीछे से उसे पकड़ लिया और गांव के पास खेत में ले गए। आरोप लगाया कि दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे मारा पीटा और निर्वस्त्र कर दिया। जब वह बेहोश हो गई तो आरोपित उसके शरीर को जैकेट से ढक कर उसका मोबाइल लेकर भाग गए। दो घंटे के बाद जब उनकी बेटी को होश आया तो उसने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। मामले में आरोपित रविंद्र निवासी भकुरहिया थाना दुधारा, जनपद संतकबीरनगर और एक बाल अपचारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। बुधवार को दोनों पुलिस के हाथ लग गए। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष कुमार दूबे, प्रभारी स्वाट उमाशंकर तिवारी, प्रभारी सर्विलांस शशिकांत सिंह आदि शामिल रहे।



# दहेज उत्पीड़न के चार मामलों में दर्ज हुई एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिताओं के उत्पीड़न के अलग-अलग चार मामलों में महिला थाना, मुंडेरवा, कलवारी और गौर थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज के लिए मारपीट की गई। उनके डेढ़ माह के बेटे को भी मारापीटा व जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति हनुमान यादव, ससुर रामचंदर, सास सोनमती, देवर ज्ञान प्रसाद समेत पांच लोग निवासी फैलवा थाना लालगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कलवारी थाने में तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दस लाख रुपये की दहेज में मांग की गई। पूरी न होने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी देते हुए प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने संतकबीरनगर के धनघटा पौली निवासी सादमान, अतीकुर्रहमान, अरबाज, रोशन, कुलसुम समेत छह के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। महिला थाना में तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। महिला थाना पुलिस ने मुंडेरवा थाने के नरियांव निवासी जयराम समेत चार के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। गौर थाने में तहरीर में व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि बहन को ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया।

## घर में घुसकर लड़की से छेड़खानी

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि उनके घर में घुसकर चार लोगों ने उनकी बेटी से छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे अपशब्द कहते हुए मारापीटा। पुलिस ने उसी गांव के रहने वाले रानू, विष्णु, दीपक और विकास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## चोरी का वांछित सामान सहित गिरफ्तार

**कप्तानगंज।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येन्द्र कुंवर ने बताया कि उनकी टीम ने बुधवार को दोपहर थानाक्षेत्र के दुबौलिया मोड़ से चंदन गोंड़ उर्फ छोटू निवासी गड़हा गौतम को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की अंगूठी, पायल, बिछिया के अलावा 69 सौ रुपये नकद बरामद किया गया।

इस संबंध में खजुहा थाना कप्तानगंज निवासी विश्वनाथ प्रसाद ने अपने घर में 26 अगस्त को हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि आलमारी में रखी ढाई लाख रुपये नकदी, अटैची में रखी उसकी पत्नी व बेटी के आभूषण चोरी हो गया। गायब हुए रुपयों में से एक लाख रुपये एक दिन पहले बैंक से निकालकर लाने की बात बताई गई थी। संवाद

# दस दुकानदारों पर पुलिस कर्मियों से मारपीट का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## शहर कोतवाली के कम्पनी बाग सब्जी मंडी की घटना

बस्ती। शहर के कचहरी पेट्रोलपंप सब्जी मंडी के पास मंगलवार को बाइक सवार युवकों की पिटाई के मामले में बुधवार को नया मोड़ आ गया। सिविल लाइंस चौकी के प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने तहरीर दी है, जिसमें कहा गया है कि मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची तो आठ-दस दुकानदारों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर फेंके और हमलावर हो गए। इसमें एक सिपाही को चोटें भी आईं। इससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि आठ-दस अज्ञात दुकानदारों के खिलाफ बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा व क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुकानदारों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

गौरतलब है कि मंगलवार को कंपनी बाग से शास्त्री चौक जाने वाले मार्ग की सब्जी मंडी में बाइक सवार तीन युवकों की एक व्यक्ति से कहासुनी हो गई थी। बहस बढ़ने पर कुछ दुकानदार भी वहां पहुंच गए और बाइक सवार तीनों युवकों को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। सूचना पर चौकी प्रभारी सिविल लाइंस दुर्गविजय सिंह चीता ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी के साथ पहुंच गए और बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराने का प्रयास किया। मगर वे पुलिस बल से ही उलझ गए। ईंट-पत्थर फेंकते हुए पुलिस बल पर भी हमलावर हो गए। इस दौरान एक कांस्टेबल को चोट भी आई। इस मामले का वीडियो वायरल हुआ था, जिसे पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया था।

# बिजली लाइन बनवाने में पहले भी निलंबित हो चुके हैं राजेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** एंटी करप्शन द्वारा बुधवार को पकड़े गए ओडवारा अवर अभियंता राजेश कुमार प्रजापति पहले भी निलंबित हो चुके हैं। तब इन्होंने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दुबौलिया में अवर अभियंता पद पर रहते हुए मनमाने तरीके से बिजली लाइन स्थानांतरित कराया था। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत पर उन्हें तत्कालीन अधीक्षण अभियंता आरबी कटियार ने निलंबित कर दिया था।

उल्लेखनीय है कि एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की शिकायत 23 दिसंबर 2020 को मुख्य अभियंता से की थी।

शिकायत के अनुसार, अवर अभियंता पर आरोप था कि उन्होंने 19 खंभे की 11 केवी लाइन मनमाने तरीके से स्थानांतरित करा दिया है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता ने 30 दिसंबर 2020 को तीन सदस्यीय टीम का गठन कर मामले की जांच

## एमएलसी की शिकायत पर मुख्य अभियंता ने कराई जांच

## विशेषरगंज में स्थानांतरित किया था 11 केवी लाइन

कराया। टीम ने छह महीने में जांच कर 21 जून 2021 को अधीक्षण अभियंता के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

रिपोर्ट के अनुसार, अवर अभियंता राजेश ने विशेषरगंज मार्केट में गोदाम के पास स्थित 11 केवी लाइन को उत्तर दिशा में स्थानांतरित कर नहर की पटरी के सहारे 19 खंभे की 11 केवी लाइन बनवा दिया था।

निर्माण में पुरानी लाइन की सामग्री इस्तेमाल की भी पुष्टि हुई थी। जांच टीम ने इसे अवैध करार दिया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर अधीक्षण अभियंता ने उन्हें निलंबित कर अधिशासी अभियंता तृतीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया था।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों में एक संतकबीनगर जिले का रहने वाला है

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में नित्यक्रिया के लिए गई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। जिसमें एक बाल अपचारी भी शामिल है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह की टीम ने स्वॉट व सर्विलांस टीम के सहयोग से बुधवार को सुबह साढ़े छह बजे पुरैना भट्ठे के पास आरोपी रवींद्र निवासी भकुरहिया थाना दुधारा संतकबीरनगर व एक बाल अपचारी को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से युवती का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया।

मंगलवार को वाल्टरगंज थाने पर 19 वर्षीय पीड़िता को साथ लेकर पहुंचे उसके पिता ने तहरीर देकर बताया है कि सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे उनकी बेटी नित्यक्रिया के लिए खेत की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो लोग पहुंचे और उसे उठाकर जबरन अपने गांव के पास खेत में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह बेहोश हो गई। उसे मरा जानकर उसके ऊपर अपनी जैकेट डाल दिया। युवती का मोबाइल फोन भी लेकर दोनों भाग गए थे।

करीब दो घंटे बाद जब होश आया तो किसी तरह घर पहुंची और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही थाने की पुलिस टीम के अलावा एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी, सीओ सिटी मौके पर पहुंचे। पीड़िता व आसपास के अन्य लोगों से भी बातचीत कर घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली। इस मामले के खुलासे के लिए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने थाने की टीम के अलावा स्वॉट व सर्विलांस टीम को भी लगाया था।

### पीड़िता के गांव में दहशत, पुलिस तैनात

**वाल्टरगंज** थानाक्षेत्र में युवती को घसीट कर ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से उसके गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। लोग इस संबंध में किसी से कुछ बात करने से कतरा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। पीड़िता के घर के आसपास भी पुलिस मौजूद है। एसओ वाल्टरगंज योगेश सिंह का कहना है कि लोगों को समझाया जा रहा है कि आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# दुष्कर्म के आरोपी को चौदह साल सश्रम कारावास की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक प्रथम) की अदालत ने दुष्कर्म मामले में अभियुक्त बिजली को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 27 हजार रुपये अर्थदंड लगाते हुए कहा है कि इसे अदा न करने पर एक साल नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

लोक अभियोजक दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने अदालत को बताया कि मामला लालगंज थाना क्षेत्र के लोइयाबारी कला गांव की है। एक महिला ने 10 जुलाई 2018 को थाने में तहरीर देकर बताया कि वह घर में अकेली थी और परिजन खेत में काम करने गए थे।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

उन्हें घर में अकेला देखकर दिन में 12 बजे गांव के ही बिजली बुरी नीयत से घुस आया। बिजली उनके साथ छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने लगा। चिल्लाने पर परिजन और गांव के लोग आ गए।

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के समय पीड़िता के बयान और मेडिकल जांच के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा में बढ़ोत्तरी की। आरोप पत्र 25 सितंबर 2018 को न्यायालय में प्रेषित किया। सात गवाहों, मेडिकल जांच और पीड़िता के बयान के आधार पर न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया।

# रिश्वत लेने के आरोप में जेई व उसका सहयोगी गिरफ्तार

## विद्युत वितरण खंड तीन के ओडवारा उप केंद्र पर तैनात है जेई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर की टीम ने विद्युत वितरण निगम के अवर अभियंता को 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में बुधवार को धर दबोचा। टीम ने अधिशासी अभियंता कार्यालय से शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पकड़ा। पकड़े गए अवर अभियंता ने रकम को हाथ न लगाने की दलील दी है।

उधर, इंस्पेक्टर संतोष कुमार दीक्षित की अगुवाई वाली टीम का आरोप है कि प्राइवेट लाइनमैन के जरिए उसने रुपये लिए। कोतवाली पुलिस भी आरोपी जेई का बचाव करती नजर आई। बाद में जेई और उसके सहयोगी प्राइवेट लाइनमैन के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विद्युत वितरण खंड तीन के ओडवारा उपकेंद्र पर तैनात राजेश प्रजापति पर आरोप है कि वह ट्रांसफॉर्मर लगवाने के लिए 10 हजार रुपये की मांग किए।



पुलिस ने बिजली निगम के जेई को घूस लेते गिरफ्तार किया। संवाद

संबंधित व्यक्ति ने इसकी शिकायत गोरखपुर के एंटी करप्शन टीम से कर दी। टीम प्रभारी ने बताया जा रहा है कि टीम दो दिन से यहां डेरा डालकर अवर अभियंता पर नजर रखे हुए थी। बुधवार को शिकायतकर्ता ने जेई का खास बताए जा रहे एक प्राइवेट लाइनमैन के जरिए जेई को देने के लिए रुपये पकड़ाया। प्राइवेट लाइनमैन से टीम ने पूछताछ की तो उसने जेई राजेश को रुपये देने की बात कही।

### जेई के सहयोगी को भी किया गया गिरफ्तार, दोनों पर दर्ज हुआ मुकदमा

इसके बाद एंटी करप्शन टीम अधिशासी अभियंता कार्यालय पर जा पहुंची। वहां मौजूद जेई को पकड़कर ले जाने लगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता और अन्य विभागीय अधिकारियों ने प्रतिरोध भी किया लेकिन टीम जेई को गाड़ी में बैठाकर कोतवाली रवाना हो गई। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि टीम प्रभारी की तहरीर के आधार पर जेई राजेश प्रजापति और प्राइवेट लाइनमैन पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-11-2022

# यातायात जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता

बर्डपुर(एसएनबी)।सिद्धार्थ महाविद्यालय बर्डपुर में यातायात जागरूकता विषय पर,रोटरी क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में यातायात जागरूकता संगोष्ठी सभा, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई विद्यालयों के वच्चो ने हिंस्सा लिया।





सिद्धार्थ महाविद्यालय बर्ड पुर में यातायात जागरूकता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बुद्ध विधा पीठ इंटर कालेज,नवज्योति इटर कालेज,स्वामी विवेकानंद इटर कालेज,एंव महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमे बालक वर्ग में प्रथम स्थान सिद्धार्थ उपाध्याय द्वितीय स्थान कुसल तिवारी तृतीय स्थान दीपक गिरी और बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नैंसी कसौधन द्वितीय स्थान पर सपना तथा तृतीय स्थान पर महिमा कसौधन द्वारा प्राप्त किया गया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस दौरान महाविद्यालय के प्रवंधक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी यातयात पुलिस, श्री देवी गुलाम, रोटरी क्लव के पदाधिकारी सचिव अरूण कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, रोटेरियन गोविंद ओझा, राघवेंद्र, पंकज कुमार, फरीद अहमद महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर सीमा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नव ज्योति इंटर कालेज ओ पी यादव, प्रधानाचार्य बुद्ध विद्या पीठ इंटर कालेज मनोज कुमार मिश्रा,प्रवेश संयोजक डा. रवि प्रकाश श्रीवास्तव, एन,एस,एस, कार्यक्रम अधिकारी डा. पंकज कुमार चतुर्वेदी, प्रवक्ता हेमलता चतुर्वेदी, हौसिला पटेल, कुलदीप श्रीवास्तव, नसीरूद्दीन, सत्येंद्र बहादुर पाल, पूणिमाँ पाण्डेय,सुदीश पाण्डेय, कपिलदेव, इजराइल, इमामुदीन,अर्जुन प्रसाद,भगीरथी, केशव चंद्र यादव, विजय कुमार श्रीवास्तव सहित अनेकों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस झंडा दिवस पर सुनाई जवानों की वीर गाथा

**आयोजन**

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस झंडा दिवस पर बुधवार को डुमरियागंज थाना परिसर में पुलिस ध्वज फहरा गया। पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने यूपी पुलिस के वीर जवानों की शौर्य गाथा से कर्मियों को रूबरू कराया। सभी को पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए कर्तव्य बोध कराया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 23 नवम्बर 1952 के दिन उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यूपी पुलिस पूरे देश का प्रथम राज्य पुलिस है जिसे उसके योगदान के फलस्वरूप ध्वज प्रदान किया गया। यह सभी पुलिस कर्मियों के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान कृपाशंकर मौर्य, शाइस्ता खान, प्रमोद ओझा, राम सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिस झंडा दिवस पर डुमरियागंज थाना परिसर में झंडे को सलामी देते प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्र।

## एसपी ने झंडा फहराया और संदेश पढ़कर सुनाया

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस लाइंस में एसपी ने झंडा फहराया। एसपी कार्यालय, सभी सीओ व थानों पर भी ध्वजारोहण किया गया। एसपी ने पुलिस महानिदेशक की ओर से भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। कहा कि पुलिस ध्वज देश की सेवा एवं लोकसेवा में अपने कौशल, शौर्य एंव कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। 1952 मे पूर्व पीएम पं. जवाहर लाल नेहरु ने प्रदेश पुलिस प्रमुख को झंडा देकर सम्मानित किया था। यूपी पहला राज्य है जिसे सबसे पहले ध्वज दिया गया था। उन्होंने मातहतों की वर्दी पर पुलिस झंडा भी लगाया।

# गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ थाने की पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के चार आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि राहुल पुत्र प्रह्लाद गुप्त निवासी मोहल्ला चट्टी बाजार कस्बा बढ़नी, नक्षत्रबली पुत्र वंशराज व रामबली पुत्र वंशराज निवासी ढेकहरी बुजुर्ग, हीरालाल पुत्र भागीरथी निवासी रेहरा खास पर धारा 147, 336, 323, 504 व धारा 3 (1) यूपी गैगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।


पंज
मण्डल स
जबकि,
पुर्नगठन तथ
के अधीन प्रद
अनुसार मांग
/जमानतक
नियम, 2002
एतदद्वारा ऋ
का कब्जा ले
ऋणियों/
की धारा 13
ऋणियों को


# बेतरतीब खड़े वाहनों से जाम

उस्का बाजार। कस्बा के प्रमुख बाजार रेहरा में सड़क पर ही बेतरतीब ढंग से वाहनों के खड़ा करने से आए दिन जाम की समस्या हो रही है। इससे राहगीरों और आसपास के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा समस्या जुगुल किशोर जायसवाल की दुकान से मनोज गुप्ता की दुकान तक सड़क के किनारे व बीच में भी कई लोग बाइक खड़ा कर देने से हो रही है। जिसके चलते रागीरों को आवगमन में परेशानी होती है। यह समस्या रेहरा बाजार में आए दिन बनी रहती है। कस्बावासियों ने प्रशासन से इस जाम की समस्या को दूर करने की मांग की है।

# तमाम प्रयास के बाद भी मदद को नहीं बढ़ रहे हाथ

जासं, सिद्धार्थनगर : सिद्धार्थनगर-श्रावस्ती राजमार्ग पर डिडिहया थाना क्षेत्र के गौरहनिया गांव के पास 27 अगस्त को गांव निवासी सोनम को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टोक्कर मार दी। सोनम घायल होकर सड़क पर काफी देर तक पड़ा रहा। किसी भी राहगीर ने मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई। जब तक एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाते, उसकी मृत्यु हो गई। यह लोगों की संवेदनहीनता का परिचायक है। सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी मार्ग दुर्घटना में घायल को समय से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए स्थिति में सुधार नहीं हो रही है। दैनिक जागरण ने इसकी पड़ताल की। प्रस्तुत है रिपोर्ट..

## हिट एंड रन के आए मामले

| | | |
|---|---|---|
| 69 | 35 | 11 |
| हिट एंड रन के कुल मामले | नेक आदमी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल | नेक आदमी को मिला प्रोत्साहन राशि |

(यह डाटा 1 जनवरी 2018 से 31 अक्टूबर 2022 तक है।)

## एक वर्ष में हुई मार्ग दुर्घटनाएं

| | | |
|---|---|---|
| 187 | 111 | 119 |
| मार्ग दुर्घटना | मृतक | घायल |

(यह डाटा एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक का है।)



सर्वोच्च न्यायालय ने मार्ग दुर्घटना को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वालों को परेशान नहीं किया जाएगा, इसके संबंध में स्पष्ट गाइडलाइन जारी किया है। घायल को अस्पताल पहुंचाने के काम में सभी सहयोग करें।

**शशिकांत उपाध्याय**, अधिवक्ता



घायलों को अस्पताल पहुंचाना नेक कार्य है, लेकिन लोग इससे कतराते हैं। उनके मन में होता है कि बाद में कोर्ट-कचहरी का चक्कर काटना पड़ सकता है। वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि नेक आदमी को परेशान नहीं किया जाएगा। इस कार्य में सहयोग करना होगा।

**डा. हरेंद्र शर्मा**, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय

# चोरी कर भाग रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

लोटन, हिन्दुस्तान संवाद। लोटन कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात कस्बे के एक खाद की दुकान से खाद चुराते समय दुकानदार के शोर मचाने पर चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया। शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए टीम लगा दी गई है।

कस्बे के रविंद्र मोदनवाल कोतवाली रोड पर मकान बनाकर रहते हैं। मकान में ही किराना स्टोर एवं खाद की दुकान खोल रखी है। दुकानदार के मुताबिक कई दिन से रात में खाद की बोरी गायब हो रही थी लेकिन पता नहीं चल रहा था। मंगलवार रात खाद की बोरियों के बीच बैठकर रखवाली कर रहे थे। आधी रात के बाद दो लोग आए और डीएपी खाद अपनी पीठ पर लेकर गांव की तरफ भागने लगे।

दुकानदार ने शोर मचाते हुए चोरों को दौड़ा लिया। शोर सुनकर कस्बे में गश्त कर रही पुलिस ने दौड़ाकर एक चोर को पकड़ लिया जबकि दूसरा भागने मे सफल रहा। पकड़ा गया आरोपित योगेंद्र लोटन कस्बा का निवासी है।

# पुलिस ने चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

**जासं,तुलसियापुर** : बुधवार को ढेबरुआ पुलिस चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपितों का नाम राहुल, नक्षत्रबली, रामबली व हीरालाल है। टीम में उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, उपनिरीक्षक रतीस चंचल शामिल रहे।

**वाहन दुर्घटना में दो घायल**: जासं, तुलसियापुर , ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे पर बुधवार शाम दो बाइक आपस में भिड़ गयी। इसमें दोनों बाइक चालक घायल हो गए हैं। घायल युवकों का नाम शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जुगडिहवा निवासी रियाज पुत्र करम हुसैन, ढेबरुआ थाना क्षेत्र के झिंगहा निवासी रामवृक्ष पुत्र केशरी है। दोनों को उपचार के लिए भेजा गया है।

# पुलिस ध्वज कर्तव्य परायणता का प्रतीक

**जासं, सिद्धार्थनगर** : उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी ने पुलिस के झंडे को फहराया। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। आज का दिन हम सब के लिए गौरव का दिन है। इसी दिन पुलिस प्रमुख को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने झंडा देकर सम्मानित किया था। उन्होंने अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार के संदेश को बढ़कर सुनाया।

ध्वजारोहण के बाद पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने उप्र की पुलिस को पहला झंडा देकर सम्मानित किया था। तभी इसे इसे पुलिस झंडा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपनी गरिमा बनाए रखें। क्षेत्र में ड्यूटी पर रहने के दौरान शालीनता से पेश आएं। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि पुलिस ध्वज सेवा एवं लोकसेवा में अपने कौशल, शौर्य का प्रतीक है। इसे बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। सीओ सदर अखिलेश कुमार यादव, सीओ प्रशिक्षु गर्वित सिंह, एसपी के पीआरओ चंदन कुमार आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

**सर्किल के थानों में मनाया गया पुलिस झंडा दिवस**: इटवा, बुधवार को सर्किल के थानों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। इटवा, मिश्रौलिया, गोल्हौरा थाने पर सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एकत्रित हुए। सुबह 11 बजे सभी थाना कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। सलामी देने के साथ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के वर्दी की जेब के ऊपर झंडे का स्टीकर लगाया गया। अधिकारी ने झंडा दिवस और इसके महत्व पर जानकारी दी। इटवा में पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीश चंद्र ने कहा कि यूपी पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी दिन यूपी पुलिस को झंडा का चिन्ह प्रदान किया गया था। 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को ध्वज प्रदान किया गया था। इसी तिथि को पुलिस झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में थानों पर इसका आयोजन हुआ। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस के लिए बहुत विशेष दिन है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को मेहनत, लगनशीलता से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षक अपराध दिलीप यादव, उप निरीक्षक देवव्रत पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, अभिमन्यु सिंह सहित सुनील कुमार, अजय कुमार द्विवेदी व थाने के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मिश्रौलिया में थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह व गोल्हौरा में प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया।

# परीक्षा के जरिये परखी यातायात नियमों की जानकारी

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ यातायात जागरूकता माह, बिना हेलमेट बाइक न चलाने की अपील

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : यातायात जागरूकता माह के तहत बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में स्कूली छात्रों की निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता करायी गयी। इसमें यातायात नियमों से जुड़े प्रश्नों को हल कराया गया। बच्चों के परीक्षा के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के यातायात से जुड़ी जानकारी का आंकलन किया। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित छात्र-छत्राओं व स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए नियमों के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित व वाहन चलाते समय सावधानी बरतने संबंधी जानकारी दी गयी। पत्रक वितरण कर सभी को जागरूक किया गया।

क्षेत्राधिकारी यातायात देवी गुलाम ने कहा कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इसके बिना हम सुरक्षित यात्रा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं। यातायात निरीक्षक अमरेश कुमार यादव ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता से मार्ग दुर्घटना में होने वाले मृत्यु को कम किया जा सकता है।

प्रतियोगिया में केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर,रघुवर प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल,जय किसान इंटर कालेज,सिंहेश्वरी इंटर कालेज के कुल 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में सिद्धार्थ महाविद्यालय में रोटरी क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मे जागरूकता संगोष्ठी एव भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज बर्डपुर, नवज्योति इटर कालेज, स्वामी विवेकानंद इटर कालेज एव महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में सिद्धार्थ उपाध्याय प्रथम, कुशल तिवारी द्वितीय व दीपक गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नैंसी कसौधन प्रथम, सपना द्वितीय महिमा कसौधन को तृतीय स्थान मिला। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं ● जागरण

महाविद्यालय के प्रबंधक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने यातायात के नियमों के पालन करने की अपील किया। क्षेत्राधिकारी यातायात देवी गुलाम ने कहा भी यातायात से जुड़ी जानकारी दी।

# बिजली थानों में दर्ज होगा उपकरण चोरी का केस

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** बिजली थानों में अब बिजली उपकरणों की चोरी से जुड़े मामले भी दर्ज किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने इसके लिए कुछ दिन पहले शासनादेश भी जारी है। उसके तहत विद्युत चोरी निरोधक अधिनियम में चार धाराएं बढ़ाई गई हैं। इस संबंध में बिजली थानों के प्रभारियों के अधिकार भी बढ़ाए गए हैं। वहीं, शासन ने बिजली उपकरण चोरी के मामलों का शीघ्र पर्दाफाश करने का भी निर्देश दिया है।

बिजली थाने में अब तक बिजली चोरी और राजस्व से संबंधित मामलों की ही एफआईआर दर्ज होती रही है। इसके लिए अधिकारी धारा 135 (बिजली चोरी) और 136 (बकाये पर कनेक्शन जोड़ना) का प्रयोग करते थे। अब धारा 136, 137, 139 और 140 (बिजली उपकरणों की चोरी) में भी एफआईआर दर्ज होगी।

उपकरण और बिजली चोरी के मामले अलग- अलग देखें जाएंगे। इसके लिए थाने में दो टीम गठित की जाएगी।

दोनों टीमों के बीच काम का बंटवारा रहेगा। इसके जिम्मे जो कार्य होगा, उसकी जवाबदेही संबंधित अधिकारी की होगी।

## उसका बाजार में स्थापित है थाना

जनपद के उसका बाजार में बिजली थाना स्थापित है। यहां बिजली चोरी से जुड़े मामलों में मुकदमा एवं इसकी जांच का जिम्मा थाने में तैनात पुलिस के जिम्मे था। अब थाने में बिजली उपकरण चोरी से जुड़े मामले भी दर्ज होंगे। फिलहाल अभी तक उपकरण चोरी का मामला थाने में दर्ज नहीं हुआ है। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरएस प्रसाद ने कहा कि अब बिजली थानों में बिजली उपकरण के चोरी से जुड़े मामले भी दर्ज किये जाएंगे। अभी तक इससे जुड़े मामले संबंधित थाने में दर्ज कराए जाते थे। उपकरण चोरी के लिए अलग थाना होने से गायब सामानों के जल्द बरामदगी की संभावना रहेगी।

**2012** में सेव लाइफ फाउंडेशन ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन यानी अच्छे व्यक्ति को कानूनी संरक्षण देने की मांग की थी

- कानूनी पचड़े में फंसने के डर से लोग नहीं करते पीड़ित की मदद



# इस साल नहीं मिला कोई 'अच्छा व्यक्ति'

## हादसों में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए शुरू हुई योजना का हाल

**05** हजार रुपये गुड सेमेरिटन को देने की नियमावली अक्टूबर 2021 में आई है, इसके तहत अभी तक किसी को भी चिह्नित नहीं किया जा सका है और न ही किसी को पुरस्कार मिला

**48** लोगों को दो वर्ष में दिया गया है प्रशस्ति पत्र

**34** को योजना के तहत पहली बार सम्मानित किया गया था

**2020** में प्रदेश सरकार ने गुड सेमेरिटन योजना लागू की

**2021** में 14 लोगों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र दिए गए

> हम लोगों ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कुछ गुड सेमेरिटन को सम्मानित किया था। आम जनता को इस योजना के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अस्पताल पहुंचाने वालों को पुलिस जांच के नाम पर परेशान नहीं करेगी, यह भी बताया जा रहा है। इसके बावजूद अभी कम लोग मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इस योजना के प्रति लोगों को और जागरूक किया जाएगा।

# तमाम प्रयास के बाद भी मदद को नहीं बढ़ रहे हाथ

**हिट एंड रन के आए मामले**

| 69 | 35 | 11 |
|---|---|---|
| हिट एंड रन के कुल मामले | नेक आदमी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल | नेक आदमी को मिला ईनाम |

(यह डाटा 1 जनवरी 2018 से 31 अक्टूबर 2022 तक है।)

**एक वर्ष में हुई मार्ग दुर्घटनाएं**

| 187 | 111 | 119 |
|---|---|---|
| मार्ग दुर्घटना | मृतक | घायल |

(यह डाटा एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक का है।)



> सर्वोच्च न्यायालय ने मार्ग दुर्घटना को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।



> घायलों को अस्पताल पहुंचाना नेक कार्य है, लेकिन लोग इससे कतराते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं सबसे अधिक दुर्घटनाएं

बीते कुछ वर्षों से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, लेकिन इसी के साथ चिंता की बात यह भी है कि देश में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं ग्रामीण क्षेत्र में ही हो रही हैं। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार एक और तथ्य यह है कि चाहे ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं रिहायशी इलाकों के आसपास ही हो रही हैं।

**59.7%** सड़क दुर्घटनाएं वर्ष 2021 में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में दर्ज की गई

**30%** रोड एक्सीडेंट ग्रामीण क्षेत्रों में रिहायशी इलाकों के निकट हुए। इनकी संख्या 72,330 रही

**7.7%** सड़क दुर्घटनाएं शहरी क्षेत्रों में पैदल पार पथ पर हुईं। इनकी संख्या 12,528 रही

**1,62,169** सड़क दुर्घटना देश के शहरी क्षेत्रों में हुई जो कुल दुर्घटनाओं का 40.3 प्रतिशत है

**2,40,747** सड़क दुर्घटनाएं देश के ग्रामीण क्षेत्र में बीते वर्ष हुईं। इस अवधि में कुल रोड एक्सीडेंट की संख्या 4,02,116 रही

**48,270** सड़क दुर्घटनाएं शहरी क्षेत्रों में वहां हुईं जहां आसपास लोगों की रिहायश थी। यह शहरी क्षेत्रों में हुई कुल दुर्घटनाओं का करीब 30 प्रतिशत रहा

**28,873** रोड एक्सीडेंट देश में बीते वर्ष स्कूल, कालेज या अन्य शिक्षण संस्थानों के पास हुए। देश में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं का यह आठ प्रतिशत है

## स्कूल, कालेज और शिक्षण संस्थानों के पास खतरा अधिक

एनसीआरबी की वर्ष 2022 की रिपोर्ट कहती है कि देश में स्कूल, कालेज और अन्य शिक्षण संस्थानों के पास सड़क दुर्घटनाओं की संख्या चिंतित करने वाली है। तमाम संकेतकों व उपायों के बावजूद शिक्षण संस्थानों के निकट दुर्घटना व उससे होने वाली मानव क्षति को रोकने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

**24.4%** सड़क दुर्घटनाएं उत्तर प्रदेश में बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में स्कूल, कालेज या शिक्षण संस्थानों के निकट हुई जो देश में सबसे अधिक हैं

**9.4%** सड़क दुर्घटनाएं तमिलनाडु में वर्ष 2021 में शहरी क्षेत्र के स्कूल, कालेज या शिक्षण संस्थानों के निकट हुईं

**18%** मौतें उत्तर प्रदेश में बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में रिहायशी इलाके के निकट हुई सड़क दुर्घटनाओं में दर्ज की गईं। यह देश में सबसे अधिक संख्या है

# जनसूचना शाखा प्रभारियों के कामकाज की डीआईजी ने की समीक्षा

**बस्ती।** परिक्षेत्रीय कार्यालय पर बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर जनपद के जन सूचना शाखा, एंटी सबोटॉज चेक टीम, जनपदीय परिवहन शाखा व यूपी 112 के प्रभारियों/कर्मचारियों के साथ डीआईजी आरके भारद्वाज ने की समीक्षा की।

डीआईजी ने निर्देशित किया कि जो भी उपकरण वर्तमान में क्रियाशील न हों उनकी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ को मांग पत्र भेज कर मांग कर लिया जाए। डीप सर्च मेटल डिटेक्टर की कार्य क्षमता में वृद्धि करने के लिए पत्राचार करने को कहा। जनपदीय परिवहन शाखा प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी वाहनों पर चालकों की रिक्ति के सापेक्ष जिस आरक्षी के पास ड्राइविंग लाइसेंस हो उसका 15 दिवस का प्रशिक्षण दिलाकर वाहन चलवाया जाय। संवाद

# जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए एसपी से लगाई गुहार

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सुकरौली निवासी अयोध्या, रामदास, शिवप्रसाद और दयाराम ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा। आरापे लगाया कि ग्राम धौरीकुईयां में मौजूद खेत पर उसी गांव के लोगों ने कब्जा कर लिया है।

मंगलवार को एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में कहा कि धौरीकुईयां गांव में उनकी जमीन है जो सरकारी कागजात में दर्ज भी है। बावजूद इसके गांव के कुछ लोग जमीन की जुताई-बुवाई के लिए रोकते हैं। इस मामले को लेकर कई बार थाने से लेकर तहसील तक शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

शिकायतकर्ताओं ने एसपी से जमीन पर कब्जा दिलाने के साथ विरोध करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। संवाद

# खाद की चोरी करते एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**सिद्धार्थनगर।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार देर रात कस्बे की खाद की दुकान से खाद चुराते एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। कस्बे के रविंदर मोदनवाल कोतवाली रोड पर मकान बनाकर रहते हैं। वह अपने ही मकान में ही किराना व खाद की दुकान खोल रखे हैं। दुकानदार के मुताबिक दुकान से कई बार खाद की चोरी हो चुकी है। बुधवार रात में खाद के बीच बैठकर खाद की रखवाली कर रहे थे। रात के करीब साढ़े तीन बजे दो लोग आए और डीएपी अपनी पीठ पर लेकर भागने लगे। दुकानदार ने शोर मचाया तो गश्त कर रही पुलिस ने चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया। दूसरा भागने मे सफल रहा। कोतवाली प्रभारी देवनंदन उपाध्याय ने बताया की मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# गैंगस्टर का आरोपी दोषमुक्त

**सिद्धार्थनगर।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ब्रजेश कुमार द्वितीय ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को महेंद्र पांडेय को दोषमुक्त कर दिया।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल 1997 को तत्कालीन थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह ने महेंद्र पांडेय निवासी महुलानी थाना उसका बाजार एवं गिरोह के सदस्य चंद्रभूषण पांडेय निवासी बसडिलिया थाना सिद्धार्थनगर को गैगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियुक्त चंद्रभूषण पांडेय की मृत्यु हो गई, जिससे उनके विरुद्ध मामला समाप्त किया गया। मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों, गैंग चार्ट, प्राथमिकी आदि के साथ तथ्यों एवं परिस्थितियों का विश्लेषण कर न्यायालय ने आरोपी महेंद्र पांडेय को दोष मुक्त कर दिया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

**सीएम सामूहिक विवाह**

# 274 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते सांसद प्रतिनिधि, विधायक मेंहदावल, एसडीएम सदर व नव दंपति को प्रमाण पत्र देते सदर विधायक अंकुरराज तिवारी तथा सीडीओ अतुल कु. मिश्र व सामान की जांच करते डीएम प्रेम रंजन सिंह एवं एसपी सोनम कुमार तथा विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जोड़े व परिजन।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित शगुन मैरिज हाल खलीलाबाद में 274 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन पालियों में सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें धनघटा तहसील क्षेत्र के 75, मेंहदावल तहसील के 105 एवं खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के 94 जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि आनंद कुमार त्रिपाठी, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र व अन्य अतिथियों ने नवदंपतियों को अशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

इस अवसर पर विधायकगण ने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सामूहिक

## सांसद प्रतिनिधि, जिले के तीनों विधायकों, डीएम-एसपी ने नव-दम्पतियों को दिया अशीर्वाद

विवाह योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की बेटियों की शादियां पूरे सम्मान एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाएं निष्पक्ष भाव से सभी धर्म जाति एवं वर्ग के लोगों के लिये समान रूप से लागू है जिसका लाभ विभिन्न विभागों के माध्यम से निरंतर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम समारोह में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कराने हेतु बनाई गई चाक-चौबंद व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये सभी वर पक्ष, वधू पक्ष एवं उनके संबंधियों का स्वागत करते हुए विवाह सूत्र में बंधने वाले सभी नवयुगलों को उनके सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वचन दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के कुल 274 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है जिनमें 237 जोड़ों का हिन्दू धर्म की परम्परा एवं धार्मिक रीति-रिवाज के साथ गायत्री परिवार के विद्वान आचार्य-पंडितों तथा 37 जोड़ों का मुस्लिम धर्म की परम्परा के अनुसार मौलवी-काजी द्वारा निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उपहार स्वरूप लड़की के खाते में ₹ 35 हजार धनराशि सहित पायल, बिछिया, बर्तन सेट, वर-वधू को कपड़ा, अटैची इत्यादि के अलावा वन विभाग द्वारा एक-एक आम का पौधा भी दिया गया। मुख्य प्रवेश द्वार पर कोरोना जांच टीम द्वारा आवश्यकतानुसार आगंतुकों का एंटीजन टेस्ट भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी वर-वधुओं को अशीर्वाद प्रदान करने के पश्चात कार्यक्रम में आये हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान निदेशक समाज कल्याण के प्रतिनिधि/जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) बस्ती लालजी यादव, जिला कमान्डेंट होमगार्ड, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी, डीसी मनरेगा जीशान रिजवी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे। **डीएम व एसपी ने सामानों व भोजन की देखी गुणवत्ता :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सामूहिक विवाह के पण्डाल में उपस्थित वर-वधू एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपहार में दिये जाने वाले सामानों की गुणवत्ता को भी परखा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने वर-वधुओं एवं आगंतुकों हेतु बनाये गये भोजन को ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता की भी जांच की।

# वाहन चालक के विरूद्ध केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र में रामजानकी मार्ग पर बीते सोमवार को अपरान्ह बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मारकर बुरी तरह से घायल करने वाले चार पहिया वाहन चालक के विरूद्ध बुधवार को धनघटा पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में थाना क्षेत्र के बारीडीहा गांव निवासी मुनिराम पुत्र रामकरन ने बताया कि उसका बेटा अनिल अपने मित्र छोटू के साथ बीते सोमवार को अपरान्ह जरूरी कार्य से गोरखपुर जिले के खजनी थानान्तर्गत भरोहिया गांव बाइक से जा रहे थे। अभी रामजानकी मार्ग पर डुहिया पुल के समीप पहुंचे ही थे कि गलत साइड से थाना क्षेत्र के गाई बसन्तपुर गांव निवासी राधेश्याम पुत्र महेन्द्र अचानक चार पहिया वाहन लेकर पहुंचा और बेटे की बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया जिससे बाइक पर सवार उसका बेटा अनिल और उसकी मित्र सोनू बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी हैसर बाजार पहुंचाया गया जहां बेटे अनिल की गंभीर हालत का हवाला देकर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पहले जिला अस्पताल और बाद में गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया

# थाने में फरियादियों के साथ हो विनम्र व्यवहार



मेंहदावल थाने का निरीक्षण करते एएसपी संतोष कुमार सिंह।

मेंहदावल (एसएनबी)। बुधवार को मेंहदावल थाने का औचक निरीक्षण एएसपी संतोष कुमार सिंह ने की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई व पत्रावलियों आदि की जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जागरूक करते हुए बारीकियां सिखायी। इसके पहले एएसपी को गार्द द्वारा सलामी दी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मेंहदावल थाने का अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अच्छे टर्नआउट पर संबंधित पुलिसकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किया।

तत्पश्चात एएसपी ने परिसर व कार्यालय की साफ-सफाई का जायजा लिया। सीमित संसाधनों में परिसर की साफ-सफाई उत्कृष्ट पाई गई जिसके लिए थाना प्रभारी की सराहना की गई। थाना कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रख रखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी और थाने के कार्यालय के दीवान एवं मुंशी को निर्देशित किया। आगंतुक रजिस्टर/हेल्पडेस्क में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारे में जानकारी की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आंगतुकों के साथ शालीनतापूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। एएसपी द्वारा थाने के महिला हेल्प डेस्क तथा कार्यालय में निरीक्षण के बाद उनके द्वारा पुलिस मेस का निरीक्षण किया गया व मेस में साफ सफाई रखने के साथ उन्होंने पौष्टिक भोजन उपलब्ध भोजन कराने को आदेशित किया गया।

इसके पश्चात सभी विवेचकों के विवेचनाओं तथा प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई तथा फुट पेट्रोलिंग भी की गई। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल 'रविन्द्र कुमार सिंह सहित थाने समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भेदभाव का अंत करने को चलाया जा रहा सहभोज कार्यक्रम

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के चेरापुर गांव निवासी एक दलित महिला को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक युवक ने बुधवार को मारपीट कर घायल कर दिया। दलित महिला की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध मारपीट और एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चेरापुर गांव निवासी दलित महिला अनीता पत्नी रूदल हरिजन ने बताया कि गांव निवासी त्रिवेणीशंकर पाण्डेय से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश को लेकर बुधवार को उक्त विपक्षी त्रिवेणीशंकर पाण्डेय उसे घेरकर अकारण भद्दी भद्दी जातिसूचक गाली देने लगे। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त त्रिवेणीशंकर पाण्डेय उसे जानमाल की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया और मारपीट कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। दलित महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त हमलावर के विरूद्ध मारपीट, जातिसूचक गाली देने, जानमाल की धमकी देने तथा एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस



संतकबीरनगर(एसएनबी)। प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही स्वंय व अन्य पुलिसकर्मियों के वर्दियों पर झंडा लगाया गया। एसपी ने इस दौरान उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों-कर्मचारीगणों को उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया (पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश) देवेन्द्र सिंह चौहान के संदेश को पढ़कर सुनाया और उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस बल की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों सहित सभी कार्यालय में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। दुधारा प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने झंडा दिवस पर सलामी दी। उन्होंने वताया कि आज के ही दिन 23 नवम्बर 1952 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को उनका अपना झंडा प्रदान किया था। तभी से प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को सुबह 11.000 बजे झंडा दिवस के रूप मे झंडे को सलामी देकर मनाया जाता है। इस दौरान एसएसआई लालविहारी निपाद, उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, राम दरश यादव, शम्भू राम, उमाकांत ओझा, पुनीत कुमार सिंह, अरविन्द यादव, वीरेन्द्र रावत आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी नवविवाहिता के कब्र की तलाश नहीं कर सका प्रशासन

# विरोध के चलते तलाश अधूरा छोड़ लौटा प्रशासन

नाथनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के निर्देश पर महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर निवासी नवविवाहिता के कब्र की तलाश स्थानीय प्रशासन नहीं कर सका। ग्रामीणों के विरोध के चलते कब्र की तलाश अधूरी छोड़कर प्रशासन के लोगों को बैरंग वापस जाने को मजबूर होना पड़ा।

विदित हो कि गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट थानान्तर्गत पचौरी गांव निवासी मुस्तकीम की बेटी हसीना का निकाह बीते 13 मई 2022 को महुली थानान्तर्गत सुखारी उर्फ वाहिद के बेटे साहिल के साथ हुआ था। आरोप है कि हसीना के निकाह के दौरान उसके माता पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार स्वरूप दान दहेज भी दिया था लेकिन हसीना के ससुराल पहुंचने पर उसके पति साहिल तथा ननद सवाना दहेज में बाइक की मांग को लेकर हसीना को तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। हसीना की मां सैरुन्निशा पत्नी मुस्तकीम की मानें तो दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके दामाद साहिल और बेटी की ननद सवाना और गुड़िया तथा सास हसरुनिशा ने बीते तीन जुलाई 2022 को उसकी बेटी हसीना का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को गांव के बाहर कब्रिस्तान में दफन कर दिया। मृतका हसीना की मां सैरुन्निशा ने बताया कि बेटी की मौत के बाद स्थानीय पुलिस सहित पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर उसे कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। कोर्ट के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर नवविवाहिता हसीना की संदिग्ध मौत की छानबीन कर रही है। मंगलवार को भी जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने नवविवाहिता के शव को हासिल कर उसका पोस्टमार्टम कराने के लिए नाथनगर स्थित कब्रिस्तान पहुंची थी लेकिन कब्र की पहचान न हो पाने के चलते प्रशासन को वापस जाना पड़ा था। दूसरे दिन बुधवार को भी नायब तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र पाण्डेय तथा महुली थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी पुलिसबल के साथ नाथनगर के कब्रिस्तान पहुंचे जहां नवविवाहिता मृतका हसीना के मायके वालों द्वारा बताई जा रही कब्र के पास पहुंचे ही थे कि गांव निवासी गौहर अली नामक युवक मौके पर पहुंच गया और उस कब्र को अपने चाचा की कब्र बताते हुए कब्र की खुदाई शुरू होने से पूर्व ही हंगामा करने लगा। धीरे धीरे मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गयी और मृतका के मायके वालों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच कब्र की खुदाई को लेकर तीखी बहस शुरू हो गयी। विवाद बढ़ता देख मृतका हसीना के मायके वाले मौके से भाग खड़ा हुए और प्रशासन भी बगैर कब्र की खुदाई किए ही बैरंग वापस जाने को मजबूर हो गया। मौके पर पहुंचे प्रशासन का कहना है कि मृतका हसीना के शव को दफन करते समय मौजूद रहे उसके पिता मुस्तकीम को बुलाया जाएगा और उनके चिन्हित करने के बाद हसीना के कब्र की खुदाई कराकर शव को निकालकर पीएम के लिए भेजा जाएगा।


नवविवाहिता के कब्र की खुदाई के लिए कब्रिस्तान पहुंचा प्रशासनिक अमला।

# हत्यारों की तलाश में रात भर दौड़ती रही पुलिस

**फॉलोअप**

बघौली, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा थाना क्षेत्र के हटवा गांव निवासी विश्वमोहन के हत्यारों की तलाश में पुलिस रात भर दौड़ती रही। उसकी गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस के शक की सुई हटवा और बढ़या गांव पर घूम रही है। पूरी रात पुलिस की टीम दौड़ती रही है। यह घटना पुलिस के लिए चुनौती बनी गई है। पुलिस प्रेम प्रंसग, रंजिश सहित अन्य पहलुओं पर बिन्दुवार जांच में जुटी है। पुलिस का यह भी दावा है कि जल्द ही हत्यारों के गिरवान तक पहुंच कर खुलासा कर दिया जाएगा ।

बखिरा थाना क्षेत्र के जोगीडीहा के बुढ़इया सीवान में हटवा गांव निवासी विश्वमोहन निषाद की गला रेत कर हत्या कर दिया गया। मंगलवार को शव बरामद होने के बाद एसपी सोनम कुमार, सीओ राजीव यादव, थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने घटना का जायजा लिया। एसपी के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र पर लैब में जांच के लिए भेज दिया।

## काल डिटेल से हो सकता है खुलासा

बखिरा। हटवा निवासी विश्वमोहन उर्फ बुढ़ई निषाद के मामले के खुलासे में पुलिस जुटी है। उसकी गायब मोबाइल व मौके से बरामद चप्पल व अस्तूरा से घटना का खुलासा हो सकता है। विश्वमोहन के पिता रजई ने बताया कि विश्वमोहन बारात व अन्य शुभ कार्यों में नाचने-गाने का कार्य करता था। उसने नई मोबाइल भी कुछ दिन पहले ही खरीदा था। इधर 20 नवम्बर को वह बिना कुछ कहे घर से कहीं चला गया था, तभी से वह घर से गायब है। मंगलवार को घटना वाले दिन पुलिस व फोरेंसिक टीम को मोबाइल नहीं मिला। यदि मोबाइल बरामद होता तो घर से गायब होने के दो दिनों तक वह कहां व किसके साथ रहा, इस बात का खुलासा हो सकेगा।



जिला मुख्यालय पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रक्रिया पूरी करते वर वधू के जोड़े। • हिन्दुस्तान

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन, विधायक के साथ ही डीएम,एसपी व सीडीओ ने पहुंच वर वधू को दिया आशीर्वाद

# सीएम सामूहिक विवाह के बंधन में बंधे 274 जोड़े

**आयोजन**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का बुधवार को भव्य तरीके से आयोजन किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न गांव से आए 274 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। धार्मिक रीति रिवाज के साथ विवाह को सकुशल सम्पन्न कराया गया। सभी जोड़ों को जरूरत के सामान के साथ ही उन्हें एक पौधा भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विधायकों के साथ ही डीएम, एसपी, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर वर और वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

कुल 274 जोड़ों में धनघटा तहसील के 75, मेंहदावल तहसील के 105 एवं खलीलाबाद तहसील के 94 जोड़ों का विवाह सकुशल एवं धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया गया। विवाह तीन पालों में हुआ। ताकि अधिक भीड़ न हो। विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान के साथ ही जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। विधायक अंकुरराज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बेटियों की शादियां पूरे सम्मान कराई जा रही है। प्रदेश सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि अधिकारी नव विवाहित जोड़े जिस भी योजना के लिए पात्र हों उसका लाभ त्वरित गति से दिलाया जाए। विधायक गणेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे गरीब परिवारों के लड़के-लड़कियों की शादी करवाना है जो शादी का खर्च स्वयं नहीं उठा सकते। सामूहिक विवाह कार्यक्रम समारोह में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कराने हेतु बनाई गयी चाक-चौबन्द व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार एवं कर्मचारियों को बधाई दी। डीएम ने सामूहिक विवाह के पाण्डाल में उपस्थित वर-वधू एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपहार में दिए जाने वाले सामानों की गुणवत्ता को भी परखा। वर वधुओं एवं आगंतुकों हेतु बनाए गए भोजन को ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता की भी जांच की। सामूहिक विवाह में शामिल 274 जोड़ों में से 237 का हिन्दू धर्म की परंपरा से विवाह और 37 जोड़े का मुस्लिम धर्म की परम्परा से निकाह कराया गया। इस अवसर पर लालजी, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ श्वेता, डीसी मनरेगा जीशान रिजवी, सूचना अधिकारी सुरेश सरोज आदि मौजूद रहे।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधू को आशीर्वाद प्रदान करते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान



सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह करने पर वर को बधाई देते धनघटा विधायक गणेश चौहान। • हिन्दुस्तान

### वधू के खाते में भेजे गए 35 हजार रुपये

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में के अंतर्गत उपहार स्वरूप लड़की के खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि सहित पायल, बिछिया, बर्तन सेट, वर वधू को कपड़ा, अटैची आदि दिया गया। इसके अलावा वन विभाग द्वारा एक-एक आम का पौधा भी दिया गया। मुख्य प्रवेश द्वार पर कोरोना जांच टीम द्वारा आवश्यकतानुसार आगतुकों का एंटीजन टेस्ट भी किया गया।

# पुलिस ने चार आरोपितों को दबोचा

संतकबीरनगर। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो और थाना मेंहदावल पुलिस ने एक आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। वहीं थाना धनघटा पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नन्दा प्रसाद निवासी सेमरी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना धनघटा पर केस दर्ज की कार्रवाई की।

# वारंटी को दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी किया। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त अखिलेश पुत्र निवासी खैराटी को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# एएसपी ने थाने का किया निरीक्षण

- गार्द की ली सलामी, अच्छे टर्नआउट पर किया पुरस्कृत
- अभिलेखों का निरीक्षण कर अद्यतन करने का दिया निर्देश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को जनपद के मेंहदावल थाना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। थाना पर पहुंचकर एएसपी ने गार्द की सलामी लिया। साथ ही अच्छे टर्न आउट पर पुलिस टीम को पुरस्कृत करने के साथ ही निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी अभिलेखों की जांचकर उसे अद्यतन करने के लिए जिम्मेदारों को आदेशित किया।

अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान एएसपी ने परिसर कार्यालय के साफ-सफाई का जायजा लिया। कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां के स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रख-रखाव के लिए एएसपी ने थाना प्रभारी और थाने के कार्यालय के दीवान एवं मुंशी को निर्देशित किया। आगंतुक रजिस्टर,



बुधवार को मेंहदावल थाने के अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाने में जानकारी लेते एएसपी संतोष कुमार सिंह। • हिन्दुस्तान

हेल्पडेस्क में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारें में जानकारी ली। थाने के महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर महिलाओं एवं अन्य महिलाओं से संबन्धित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मनचलों एवं शोहदों के विरूद्ध कार्रवाई एवं महिलाओं के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। जिले की ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को खलीलाबाद शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। यातायात माह के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया की अगुवाई में पुलिस टीम ने ब्लूमिंग बड्स स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।

स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के पालन करने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन व ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक करते हुए सभी के बीच में पम्पलेट भी वितरित किया।

# ऑनलाइन पोल में मेंहदावल अव्वल

संतकबीरनगर। ऑनलाइन पोल में जनपद का मेंहदावल थाना माह अक्टूबर में अव्वल आया है। जिले के समस्त थानों के कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11 से 17 नवंबर तक पोल कराया गया था।

ऑनलाइन पोल में आम जनमानस को जागरुक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर व एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव भी लिए गए। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया इस आनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप आदि पर लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया।

# महिला की तहरीर पर एक के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस

**नाथनगर**। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम चेरापुर की रहने वाली महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज करना, जानमाल धमकी, तोड़फोड़ व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम चेरापुर निवासी महिला अनीता पत्नी रूदल ने बताया है। कि गांव के त्रिवेणी शंकर पाण्डेय से पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार को इसी बात को लेकर उसे उसको मारपीट कर घायल कर दिया। सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रतिवादी त्रिवेणी शंकर पाण्डेय पुत्र केदारनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के आरोप में तीन पर केस

**बखिरा।** थाना क्षेत्र के रमवापुर निवासी एक व्यक्ति ने भड़ारी निवासी तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। गोविंद मिश्र निवासी रमवापुर ने बताया कि 19 नवम्बर की शाम 6.30 बजे तिघरा चौराहे की ओर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ही भड़ारी निवासी रामप्रसाद व अन्य दो लोगों ने मिलकर उसे अपशब्द कहा। विरोध करने पर लोगों ने उसे लात-घूसे व लाठी-डंडे से मारपीटकर घायल कर दिया। इसमें उसके दाहिने हाथ व आंख में चोट आ गई। पुलिस ने वादी की शिकायत पर रामप्रसाद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बहू पर दर्ज कराया मारपीट का केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के चकदही गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहू के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कराया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि चकदही गांव निवासी अनिल कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके बड़े नाती सोनू कुमार पुत्र अजीत कुमार को छोटी बहू प्रियंका देवी पत्नी सुजीत कुमार ने डंड़े से आंख व शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी मारा। साथ ही उन्हें भी गाली देते हुए जानमाल की धमकी दी। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, चार लोगों पर केस

- कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के पडोखर गांव में हुई
- दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल, गंभीर महिला रेफर

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के पड़ोखर गांव में मंगलवार की देर शाम मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। मारपीट की घटना के दोनों पक्ष से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय ने बताया कि पड़ोखर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित राजेंद्र ने अपने प्रार्थना पक्ष में बताया कि मामूली विवाद में हुए कहासुनी को लेकर गांव के मदन, सोनू, रामचरन एवं रामदास की पत्नी गाली देते हुए लात घूंसा व लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आए शिवमूरत, पिंकी, चंद्रावती एवं चेतन को भी उक्त लोगों ने मारपीटकर जख्मी कर दिया। इसके बाद से आरोपित घर में घुसकर जानमाल की भी धमकी दी। घटना में सभी को काफी चोटें आईं। कोतवाल ने बताया कि घटना में पीडित के प्रार्थना पत्र पर मामले में सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को पुलिस निगरानी में मेडिकल परीक्षण व उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के रामचरन ने पुलिस को दिए अपने शिकायत में बताया कि वह अपने भाई सोनू के साथ मनरेगा का काम करके वापस आ रहा था। गांव की पुलिया के पास पहुंचने पर पता चला कि विपक्षी मां को मारपीट रहे हैं। शोर सुनकर परिजनों के साथ मां को बचाने पहुंचा तो विपक्षी सभी को काफी मारा पीटा और मोटरसाइकिल तोड़कर जानमाल की धमकी देते हुए चले गए।

# 148 वाहन चालकों से लिया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 148 वाहनों के चालकों से जुर्माना भरवाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 148 वाहनों के चालकों से 1 लाख 23 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।



बुधवार को झण्डा दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान

# झंडा दिवस पर एक दूसरे को लगाया झंडा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने प्रदेश पुलिस झंडा दिवस पर बुधवार को एसपी सोनम कुमार की अगुवाई में रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया। साथ ही स्वंय व अन्य पुलिसकर्मियों के वर्दियों पर झंडा लगाया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को उप्र पुलिस के मुखिया (पुलिस महानिदेशक) देवेन्द्र सिंह चौहान के संदेश को पढ़कर सुनाया।

# अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई

नाथनगर। महुली थाने के कस्बा इंचार्ज दद्दन राय ने पुलिस फोर्स के साथ बुधवार की देर शाम महुली कस्बा में पैदल गश्त किया। उन्होंने संदिग्धों की जांच की और वाहनों की सघन चेकिंग भी की। एसआई दद्दन राय ने मीट व मुर्गा के दुकानदारों से सख्त लहजे में कहा कि दुकानों के सामने पर्दा लगाए अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे दिन भी कब्र की पहचान नहीं हुई, निराश लौटी टीम

- जिस कब्र को मायके पक्ष के लोग हसीना का बताए, उस कब्र को युवक ने चाचा का बताया
- इसको लेकर गांव के लोगों ने टीम के सदस्यों के सामने विरोध जताया, इस पर मौन रही टीम

जासं.महुली.संतकबीर नगरः महुली थाना के नाथनगर पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान में दूसरे दिन यानी बुधवार को धनघटा के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। जिस कब्र को मायके पक्ष के लोग हसीना का बताए, उस कब्र को गांव के युवक ने चाचा का बताया। इसको लेकर गांव के लोगों ने विरोध जताया। इस पर मायके पक्ष के लोग यहां से चले गये। कब्र की पहचान न हो पाने के कारण टीम यहां से निराश लौटी।

गोरखपुर जनपद के हरपुर-बुदहट थाना के पचौरी गांव निवासी शैरुन्निशा पत्नी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी छोटी बेटी हसीना का विवाह 13 मई 2022 को इस जिले के महुली थाना के नाथनगर गांव निवासी साहिल पुत्र वाहिद के साथ हुई थी। ससुराल के लोग बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न किए जाने पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। आपसी रजामंदी से बेटी को छह जुलाई को मायके लाना था। जब वह इस तिथि को पहुंची बेटी के घर पर पहुंची। ससुराल वाले ताला बंद करके गायब मिले। पूछताछ करने पर गांव के लोगों ने बताया कि उनकी बेटी की मृत्यु हो गई है। वह महुली थाने पर तहरीर देकर ससुरालियों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, सुलह करने के लिए उन पर दबाव डालने लगी। इस पर उन्होंने न्याय के लिए कोर्ट का शरण लिया। दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। कोर्ट के आदेश पर 13 अक्टूबर को पति, सास, ननद पर मुकामी पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

धनघटा तहसील के नायब तहसीलदार योगेंद्र पाण्डेय बीते मंगलवार को मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी विवेकानंद तिवारी के साथ मय फोर्स नाथनगर पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान में पहुंचे थे। कब्र की पहचान न होने से वापस लौटी थी। नायब तहसीलदार ने बताया कि इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गयी है। मृतक महिला के पिता चूंकि दूसरे प्रांत में रहते हैं। इनके आने पर कब्र की पहचान करके खोदाई की जाएगी।



नाथनगर में विवाहिता के शव को कब्र से निकालने पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। जागरण

# दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जासं, महुली : महुली पुलिस ने बुधवार को चेरापुर गांव की महिला की तहरीर पर इसी गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। महुली थाने में दी गई तहरीर में चेरापुर गांव निवासी महिला अनीता पत्नी रुदल ने उल्लेख किया है कि वह अनुसूचित जाति की है। उनके गांव के त्रिवेणी शंकर पाण्डेय पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को उन्हें अपशब्द कहने लगे। थानाध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि आरोपित के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने मनाया झंडा दिवस, सुनाया गया संदेश

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर एसपी सोनम कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं व अन्य पुलिसकर्मियों के वर्दियों पर झंडा लगाया। समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रदेश पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान के संदेश को पढ़कर सुनाया गया व सभी को कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए पुलिस बल की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# सामूहिक रूप से 274 जोड़ों ने साथ रहने की खाई कसम

## दो पालियों में 237 हिंदू व 37 मुस्लिम जोड़े रहे शामिल, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खलीलाबाद शहर के घोरखल के निकट स्थित शगुन मैरिज हाल में बुधवार को सुबह नौ बजे से शाम के चार बजे तक दो पालियों में 274 जोड़ों का विवाह-निकाह हुआ। इसमें 237 हिंदू वहीं 37 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। नव दंपतियों को खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी, धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान और मेंहदावल के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी के अलावा डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार, सीडीओ अतुल मिश्र सहित अन्य अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया। इनके सुखमय जीवन की कामना की।

पहली पाली में सर्वाधिक जोड़े एक-दूजे के हुए: बुधवार को सुबह नौ बजे से दोपहर के बारह बजे तक पहली पाली में 137 हिंदू व 21 मुस्लिम कुल 158 जोड़ों का जबकि दोपहर के एक बजे से शाम के चार बजे तक दूसरी पाली में 100 हिंदू व 16 मुस्लिम कुल 116 जोड़े एक-दूजे के हुए। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 237 हिंदू व 37 मुस्लिम कुल 274 जोड़ों का विवाह-निकाह हुआ। शादी कराने के लिए पांच पंडित जबकि निकाह कराने के लिए पांच मौलवी लगे रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह-निकाह पर 51 हजार रुपये खर्च किये जाते हैं। इसमें प्रत्येक लड़की के बैंक खाते में 35 हजार रुपये भेजे जाते हैं। वहीं पायल, बिछिया, कपड़े, अटैची आदि सामग्री पर दस हजार रुपये तथा नाश्ता, भोजन, टेंट, पंडित-मौलवी आदि के लिए छह हजार रुपये खर्च किये जाते हैं। प्रत्येक जोड़े को आम का पौधा देकर



शादी के बंधन में बंधे जोड़े को पायल और बिछिया देते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार • जागरण

- प्रत्येक जोड़े के विवाह-निकाह पर खर्च किए जाते हैं 51 हजार रुपये, दिया प्रमाणपत्र
- डीएम, एसपी के अलावा अन्य अधिकारियों व विधायकों ने जोड़ों के सुखमय जीवन की कामना की

**हरियाली का संदेश:** जिला उद्यान अधिकारी एसके दूबे ने प्रत्येक जोड़े को आम का पौधा देकर हरियाली का संदेश दिया। जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने इन्हें शादी का प्रमाण पत्र दिया।

वाणिज्य कर निरीक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम दोनों पालियों में हुई शादी की वीडियो रिकार्डिंग में लगी रही। जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. श्वेता त्रिपाठी के दिशा-निर्देशन में प्रत्येक जोड़े को तैयार किया गया। वहीं खलीलाबाद के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ अंशुमान मिश्र के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, लेखाकार दुर्गेश मिश्र सहित अन्य कर्मी कोविड गाइड लाइन का पालन कराते हुए शादी-निकाह कराने में व्यस्त दिखे।



खलीलाबाद शहर के घोरखल स्थित शगुन मैरिज हाल में सामूहिक विवाह में मौजूद जोड़े • जागरण



नवदंपतियों पर फूल बरसाते विधायक अंकुर राज तिवारी व अन्य • जागरण

# शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें पुलिसकर्मी : एएसपी

जागरण संवाददाता, मेंहदावल : अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को मेंहदावल थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया। थाने की व्यवस्था अच्छी मिलने और परिसर की बेहतर साफ-सफाई होने पर उन्होंने थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह की सराहना की।

अपर पुलिस अधीक्षक दोपहर बारह बजे थाने पर पहुंचे। उन्होंने परिसर कार्यालय की साफ सफाई का जायजा लिया। तत्पश्चात थाना कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रख रखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। आगंतुक रजिस्टर में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आंगतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर



मेंहदावल थाने का जायजा लेते एएसपी संतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ● जागरण

तत्काल उनपर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। थाने के महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से संबंधित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मनचलों एवं शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश दुबे, प्रवीण कुमार, सिपाही संजीव यादव, अखिलेश पांडे, पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बेहतर प्रदर्शन करने पर मेंहदावल थाने को मिला प्रथम स्थान

- आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण पर लिए गए सुझाव
- थानों में एफआइआर,एनसीआर के वादियों को फोन कर लिया फीडबैक

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर : एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर संतकबीर नगर पुलिस के द्वारा आनलाइन पोल कराया गया। जिसमें विभिन्न माध्यमों में बेहतर प्रदर्शन करने पर मेंहदावल थाने को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। आनलाइन पोल में आम जनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्वीटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आइजीआरएस, एफआइआर, एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया। इसमें आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए।

जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआइआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। इस आनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्वीटर, फेसबुक, वाट्सएप आदि पर लिंक भेजकर आनलाइन पोल भी कराया गया। जिसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। जिसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा जनपद संतकबीर नगर में थाना मेंहदावल को प्रथम स्थान व थाना दुधारा को द्वितीय स्थान दिया गया है। इस पोल में थाना धर्मसिंहा को तृतीय, स्थान प्राप्त हुआ है।

# आरोपी पर एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के चेरापुर में पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी पर मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**महिला की पिटाई के मामले में की गई कार्रवाई**

चेरापुर गांव निवासी अनीता पत्नी रूदल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को गांव के त्रिवेनी शंकर पांडेय उसे अपशब्द कहने लगे।

विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए पिटाई की। लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि इस मामले में त्रिवेनी शंकर पांडेय पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# ऑनलाइन पोल में थाना मेंहदावल अव्वल

**मेंहदावल।** पुलिस विभाग की ओर से कराए गए ऑनलाइन पोल में बेहतर प्रदर्शन करने पर मेंहदावल थाने को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

ऑनलाइन पोल में आम जनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर, एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया।

इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं।

इस ऑनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप आदि पर लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया। इस आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। एसपी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवाद

# एक ही परिसर में सात फेरे, निकाह भी हुए

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : 237 हिंदू तो 37 मुस्लिम जोड़े विवाह बंधन में बंधे, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद





शहर के एक मैरिज हाल मे बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपती को आशीर्वाद देते विधायक गणेश चौहान, सीडीओ अतुल मिश्र व अन्य तथा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद वर-वधू पक्ष के परिजन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जनपद मुख्यालय स्थित एक मैरिज हॉल में हुआ। इसमें 274 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। इसमें 237 जोड़े हिंदू व 37 जोड़े मुस्लिम शामिल हैं। नव दंपतियों को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आशीर्वाद देकर विदा किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द भी देखने को मिली। जहां 237 हिंदू जोड़ों को गायत्री परिवार ने वैदिक मंत्रों के बीच विवाह कराया, वहीं 37 जोड़ों को मुस्लिम धर्म की परंपरा के अनुसार मौलवी व काजी ने निकाह पढ़ाया।

डीएम प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद मुख्यालय स्थित एक मैरिज हॉल में 274 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। इसमें धनघटा तहसील से 75, मेंहदावल तहसील से 105 एवं खलीलाबाद तहसील से 94 जोड़ों का विवाह कराया गया।



सामूहिक विवाह में एक-दूसरे के गले में वरमाला डालते वर-वधू। संवाद



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में निकाह भी हुआ। संवाद

तीन पालियों में संपन्न कराए गए विवाह समारोह में खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, मेंहदावल के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, धनघटा के विधायक गणेश चंद चौहान, डीएम प्रेमरंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार, सीडीओ अतुल मिश्र सहित अन्य लोगों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

विधायक अंकुर राज तिवारी ने वर वधू के सुखद सफल एवं स्वस्थ जीवन की शुभ कामना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंदों की बेटियों की शादी पूरे सम्मान एवं धार्मिक विधि विधान के साथ कराई जा रही है।



वर-वधू को उपहार देते डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसपी सोनम कुमार। संवाद

विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विधायक गणेश चंद चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे गरीब परिवारों के लड़के-लड़कियों की शादी करवाना है, जो शादी का खर्च स्वयं नहीं उठा सकते।

डीएम प्रेमरंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार ने सामूहिक विवाह के पंडाल में उपस्थित वर-वधू एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपहार में दिए जाने वाले सामानों की गुणवत्ता को भी परखा। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी बस्ती लालजी यादव, जिला कमांडेंट होमगार्ड, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी, डीपीएम मनरेगा जीशान रिजवी, मुकेश कुमार मनोज आदि उपस्थित रहे।

### बैंक खाते में भेजे गए 35 हजार रुपये

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उपहार स्वरूप लड़की के बैंक खाते में 35 हजार की धनराशि भेजी गई। चांदी की पायल, बिछिया, बर्तन सेट, वर-वधू को कपड़ा, सीलिंग फैन, ब्रीफकेस के साथ ही वन विभाग की ओर से एक-एक आम का पौधा भी दिया गया।

### स्वास्थ्य विभाग भी रहा मुस्तैद

कोरोना महामारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैद रहा। मुख्य प्रवेश द्वार पर कोरोना जांच टीम की ओर से आगंतुकों का एंटीजन टेस्ट किया गया।

# दूसरे दिन भी पुलिस हसीना की कब्र को नहीं ढूंढ पाई

## मायके वालों ने जिस कब्र को चिह्नित किया, वह निकली दूसरे की

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के नाथनगर पुरानी बाजार कब्रिस्तान में दूसरे दिन बुधवार को भी पुलिस पहुंची। पुलिस ने लाश के लिए कब्र की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। दफनाए गए स्थल को चिह्नित करने पहुंची पुलिस और मायका वालों के सामने स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

जिस कब्र को मायका पक्ष के लोग बेटी हसीना की होने की पुष्टि कर रहे थे, उसी कब्र को गांव के एक युवक ने अपने चाचा की होने का दावा ठोक दिया। इससे दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। लोगों को आक्रोशित होता देख मायके पक्ष के लोग मौके से खसक लिए।

गोरखपुर जिला के हरपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी गांव निवासी सैरुन्निशा की फरियाद पर डीएम प्रेम रंजन सिंह ने तहसील धनघटा प्रशासन को कब्र खुदवाकर हसीना खातून के शव का पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को पुलिस के साथ नायब तहसीलदार योगेंद्र पांडेय कब्रिस्तान स्थल पर पहुंचे, लेकिन कब्र की पहचान नहीं होने की वजह से बुधवार को ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया होने की बात कहकर चले गए।



नाथनगर के पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान में बुधवार को विवाहिता की कब्र की तलाश में जुटे नायब तहसीलदार व पुलिस चौकी प्रभारी। संवाद

### गांव के युवक ने कब्र को चाचा का बताया, मायके वालों और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक

बुधवार को चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विवेकानद तिवारी पहुंचे। मृतका के मायका पक्ष से बातचीत कर बताई गई कब्र के पास गए। उसी दौरान स्थानीय लोग काफी संख्या में पहुंच गए।

नाथनगर के गौहर अली ने बताया कि जिस कब्र को हसीना की होने की बात कही जा रही है, वह सरासर गलत है। गौहर अली ने दावा किया कि चिह्नित कब्र उसके चाचा की है। नायब तहसीलदार ने लोगों से बातचीत कर समाधान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

नायब तहसीलदार ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियो को भेजेंगे। यह निर्णय लिया कि मृतका के पिता मुस्तकीम जो शव दफनाते समय मौजूद थे, उनके मुंबई से आने के बाद ही कब्र स्थल को चिह्नित किया जाएगा। मृतका के भाई इलियास का आरोप है कि उसने कब्र की पहचान की, लेकिन गांव के लोग आरोपियों को बचाने के लिए गोलबंद होकर मारपीट करने पर आमादा हो गए।

# तीन सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। मंगलवार को चिरैयाडाढ़ में पट्टीदारों ने बुजुर्ग महिला की जमीन हड़पने की साजिश कर जान से मारने का प्रयास किया। बेटी ने ऐसा आरोप लगाते हुए तीन सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित प्रतिमा पुत्री राजाराम का आरोप है कि मंगलवार सुबह नौ बजे उसके पट्टीदार जंगबहादुर अपने दो सगे भाइयों के साथ मिलकर मां की जमीन को हड़पने की नीयत से अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से पिटाई कर दी।

विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि प्रतिमा की शिकायत पर तीन सगे भाइयों जंगबहादुर, सहदेव व भीमसेन पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बेवजह पीटने के आरोप में तीन पर केस

**बखिरा।** क्षेत्र के रमवापुर निवासी पीड़ित ने भड़ारी निवासी तीन लोगों पर बेवजह मारने-पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित गोविंद मिश्र का आरोप है कि वह 19 नवंबर की शाम तिघरा चौराहे की ओर जा रहे थे। रास्ते में ही भड़ारी निवासी रामप्रसाद व अन्य दो लोगो ने मिलकर उसे अपशब्द कहा। विरोध करने पर तीनों लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में रामप्रसाद व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# मोबाइल फोन से हत्या के पर्दाफाश में मदद की आस

बखिरा। क्षेत्र के हटवा निवासी विश्वमोहन की हत्या की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। हत्या किसने और क्यों की है, यह पहेली बनी है। दूसरी तरफ युवक का मोबाइल फ़ोन भी नहीं मिला है।

हटवा निवासी विश्वमोहन उर्फ बुढ़ई निषाद तीन दिन पहले घर वालों को बताए बिना कही चले गए थे। घर वापस नहीं पहुंचे तो परिजंन उनकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार को उसकी लाश जोगीडीहा गांव के सिवान में पुआल के बीच मिली। पुलिस अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

पीड़ित पिता रजई ने बताया कि विश्वमोहन बरात व अन्य शुभ कार्यों में नाचने गाने का कार्य करता था। इससे उसे कुछ आमदनी हो जाती थी। खाली दिनों में वह मजदूरी करता था। कुछ दिनों पहले वह बाहर से कमाकर लौटा था। बेटे ने मोबाइल फोन कुछ दिन पहले ही खरीदी थी। मोबाइल फोन भी गायब है। पीड़ित पिता को उम्मीद है कि बेटे के मोबाइल फोन से पुलिस को कुछ सुराग मिल सकता है। वैसे पुलिस युवक के मोबाइल फोन की तलाश में है। इसमें सर्विलांस टीम भी काम कर रही है।

एसओ अनिल सिंह ने बताया कि मामले की तहकीकात अलग-अलग टीमें कर रही हैं। अब तक घटना किसने और क्यों की है, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। संवाद

# पुलिस कर्मियों को अच्छा व्यवहार करने की दी नसीहत

## अपर पुलिस अधीक्षक ने मेंहदावल थाने का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को मेंहदावल थाने का निरीक्षण किया। अभिलेखों के रख रखाव और सफाई व्यवस्था का हाल जाना। उन्होंने फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करने की पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए।

एएसपी दोपहर 12 बजे थाने पर पहुंचे। उन्होंने परिसर कार्यालय की सफाई का जायजा लिया। उसके बाद अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण किया। आगंतुक रजिस्टर में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की जानकारी ली।

उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से संबंधित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा।

इस दौरान एसओ रविंद्र कुमार सिंह,एसआई राजेश दुबे, प्रवीण कुमार, सिपाही संजीव यादव, अखिलेश पांडेय, रत्नेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



मेंहदावल थाने में अभिलेख का निरीक्षण करते एएसपी संतोष सिंह। संवाद

## एसओ ने वृद्धा को भोजन कराया, फिर सुनी फरियाद

मेंहदावल। साहब बेटे ने घर से निकाल दिया है। उसके बिस्तर को बाहर फेंक दिया है। बेटा मारता-पीटता है। ऐसी फरियाद बुधवार को मेंहदावल थाने पहुंचकर जब्बार गांव की रहने वाली वृद्धा ने पुलिस को सुनाया। पुलिस ने महिला को भोजन कराया और किराया देकर उसे घर भेजा। बाद में पुलिस कर्मी उसके घर पहुंच गए और समस्या का समाधान कराया।

जब्बार गांव की रहने वाली 65 वर्षीय धम्मरुति देवी पत्नी धुप थाने पहुंचीं। एसओ से शिकायत की किबेटे ने घर से निकाल दिया है। एसओ रविंद्र सिंह ने वृद्धा की बात गंभीरता से सुनी। उसके बाद कांस्टेबल बृजेश सिंह ने उसे भोजन कराया। एसओ ने उसको समस्या का निदान कराने के लिए समाधान का आश्वासन देकर उधर भेज दिया।

बाद में बीट पुलिस अधिकारी को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान कराया। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि एसओ का कार्य सराहनीय है। संवाद



मेंहदावल थाने पर फरियादी महिला को खाना खिलाती महिला सिपाही। संवाद

# पुलिस कर्मियों ने मनाया झंडा दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार की अगुवाई में बुधवार को पुलिस लाइंस में पुलिस कर्मियों ने झंडा दिवस मनाया।

इस दौरान पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे की वर्दी में झंडा लगाया। एसपी ने डीजीपी के संदेश को पढ़कर सुनाया।

पुलिस कर्मियों को कर्तव्य और ड्यूटी को पुलिस की गरिमा में रहकर निर्वहन करने की नसीहत दी। इसके पूर्व एसपी ने ध्वजारोहण किया।

इसी तरह समस्त थानों और कार्यालयों में पुलिस कर्मियों ने झंडा दिवस मनाया।

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

हिन्दुस्तान

# रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी प्राइवेट बसों का चालान

- बस अड्डे पर अवैध रूप से खड़ी थीं निजी बसें
- पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

गोण्डा, संवाददाता। रोडवेज बस अड्डा सहित अन्य जगहों पर जिला प्रशासन की ओर से अवैध रूप से खड़ी प्राइवेट वाहनों और बसों का अभियान चलाकर चालान किया गया है।

यह अभियान परिवहन विभाग, रोडवेज और पुलिस विभाग की ओर से चलाया गया। जिसमें यातायात सीओ मुन्ना उपाध्याय, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, आरएम अंकुर विकास एआरएम कपिलदेव और पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता के नेतृत्व में बसों पर कार्यवाई की गई। रोडवेज बस अड्डे पर अवैध रूप से खड़े प्राइवेट बसों की वजह से शहर में आए दिन जाम लगता है। इसी को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें रोडवेज बस अड्डे पर अवैध रूप से खड़े प्राइवेट बसों का चालान किया है। पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बसो को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोडवेज बस अड्डा, मिश्रौलिया चौराहा, मनकापुर बस के पास खड़ी 15 से 25 बसों का नो पार्किंग सहित अन्य में चालान काटा गया है। जबकि दो बस को निरुद्ध किया है।

# चाचा -भतीजे की पिटाई मामले में तीन पर केस

परसपुर। ग्राम परेटा के बघई पुरवा निवासी सूरज मिश्रा ने गांव के तीन लोगों पर पूर्व में हुए विवाद को लेकर जानमाल की धमकी देते हुए पिटाई किए जाने का आरोप लगाया है। हमले में बचाने पहुंचे चाचा शिवा मिश्रा भी घायल हुए है। इंसपेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि पीड़ित की ओर से कन्हैया मिश्रा, अर्जुन मिश्रा व ललऊ मिश्रा पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

# आपसी विवाद में पुलिस ने दर्ज किया केस

टिकरी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के खड़ौवा गांव निवासी सन्नू की तहरीर पर गांव के दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बुधवार की सुबह लगभग सात बजे घर के बगल के नन्दनी व सुनीता सन्नू के सहन पर नाली का पानी गिराने लगीं। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपित महिलाओं ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से मारपीटा जिससे पीड़िता को कई जगह चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरूण कुमार द्विवेदी ने कहा पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्तान हिन्दुस्तान

# महिला पर गर्म पानी फेंका, तीन पर केस

परसपुर। ग्राम बहुवन मदार मांझा के देवीगंज में बुधवार को रास्ते के विवाद में तन्नू नाम की एक महिला की पहले पिटाई की गई। इसके बाद उसपर गर्म पानी फेंक दिया। परिवारीजनों ने उपचार के लिए गंभीरावस्था मे उसे सीएचसी पर भर्ती कराया है।

मामले में पुलिस ने पीड़िता की ओर दो महिलाओं सहित तीन पर गंभीर चोट पहुंचाने, धमकी व मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि आवागमन रास्ते के विवाद में अपशब्द कहते उनकी पिटाई की गई। इतना ही नही उसके शोर पर आरोपियों ने उस पर गरम पानी डाल दिया और जानमाल की धमकी देते हुए वहां चले गए।

इंस्पेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि शिवदेवी, अनीता व निरमोही पासवान पर केस दर्ज करके आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पॉक्सो के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) जितेन्द्र गुप्ता ने पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) अनूप कुमार सिंह के अनुसार थाना छपिया अंतर्गत ग्राम हथनी निवासी कंजन वर्मा पुत्र बृजलाल वर्मा के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वादी की पुत्री को आरोपी अपहृत कर उसके साथ अश्लील हरकतें किया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपी को पक्सो एक्ट के अंतर्गत दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

हिन्दुस्ता

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में खरगूपुर थाना टॉप पर

गोण्डा, संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के निर्देशन में एसपी आकाश तोमर की ओर से जिले के सभी थानों की माह नवंबर की कार्यशैली की जमीनी हकीकत पता लगाने के लिए ट्विटर पोल और फीडबैक अभियान 11 से 17 नवंबर तक चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के नेतृत्व में चलाए गए सात दिवसीय अभियान में थाना खरगूपुर पुलिस का आम जनमानस के लिए कार्य सराहनीय रहा। क्षेत्र की जनता ने थाना खरगूपुर पुलिस को फीडबैक देकर प्रथम स्थान पर पहुंचाया। वही महिला थाना दूसरे और उमरीबेगमगंज थाना जिले में तीसरे स्थान पर रहा। सात दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम जिसमे डायरेक्ट पोल, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के संबंध जिले के समस्त थानों की वोटिंग कराई गई थी। समस्त थानों के लोगो द्वारा की गई वोटिंग/फीडबैक दिया गया। पब्लिक अप्रूवल में खरगूपुर थाना को 82.4 प्रतिशत रेटिंग मिला।

# दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

- शिवबक्श पुरवा का रहने वाला है आरोपी
- दहेज के लिए मार डालने का लगा था आरोप

धानेपुर, संवाददाता। पुलिस ने शिव बक्श पुरवा के रहने वाले दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसि ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना क्षेत्र के शिव बक्श पुरवा की नवविवाहिता रंजना पांडेय पत्नी शिवम पांडेय की बीते 15 नवंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव घर के कमरे में छत में लगे कुंडे के सहारे लटकता पाया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । उधर मृतका के पिता जय प्रकाश दुबे ने ससुराली जनों पर ने दहेज के खातिर मार डालने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने पति, सास ,ससुर और ननद समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत विभिन्न सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था । थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि दहेज हत्या में वांछित आरोपी शिवम पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां पर न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।




बुधवार को विद्यालय में बच्चों को जागरूक करती पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

# साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

अलावल देवरिया। धानेपुर पुलिस ने बुधवार को देहाती लघु माध्यमिक विद्यालय उत्तरी शुकुलपुर में विद्यालय के बच्चों को साइबर क्राइम और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया। महिला सिपाही भावना सिंह व नेहा सिंह ने कहा कि कुछ लोग फोन पर आपको प्रलोभन देकर ओटीपी शेयर करने की बात करते हैं। अनजान व्यक्ति से ओटीपी ने शेयर करें। इस अवसर पर श्रवण कुमार द्विवेदी ,राजेश पांडे ,अशोक शुक्ल व बड़ी संख्या में बच्चे रहे।



झंडा दिवस पर एसपी के वर्दी पर झंडे का स्टीकर लगाते डिप्टी एसपी

# पुलिस झंडा दिवस मनाया गया

गोण्डा। पुलिस लाइन, ऑफिस व थानों में बुधवार को पुलिस झंडा दिवस धूमधाम से मनाया गया। एसपी आकाश तोमर ने पुलिस लाइन व कार्यालय में झंडारोहण कर वर्दी पर झंडे का स्टीकर लगाया। पुलिसकर्मियों को झंडा दिवस और उसके महत्व के बारे में बताया। इस दौरान पुलिस ध्वज को सलामी दी गई।

# पेड़ काटने पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

**वजीरगंज** : गनेशपुरग्रंट के टिकरीरेंज वन दारोगा इंद्रमणि सिंह ने चोरी से सागौन का पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कराया है। बताया कि मंगलवार की रात करीब आठ बजे करदा जंगल में थे। तभी चोरी से सागौन का पेड़ काटते हुए चार लोगों को देखा। टोकने पर धमकी देते हुए चारों भाग गए। थानाध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। (संसू)

# दुकानों में लगवाएं सीसी कैमरा

**संसू, वजीरगंज (गोंडा) :** थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। उनकी समस्याओं को सुना। दुकान में सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि सीसी कैमरे का महत्व बताया। अवैध कच्ची शराब पर कार्रवाई के लिए सहयोग मांगा। कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना दें। थानाध्यक्ष ने साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। आपस में उलझने से बचने की सलाह दी।

ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल, सुशील भारती, हरीश भारती, बलकरन सिंह, अखिलेश कौशल व आशीष सोनी मौजूद रहे। वहीं, थाने में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। थानाध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों को झंडा दिवस पर प्रतीक चिह्न प्रदान किया। समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा का प्रतीक है।

# किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म में आरोपित गिरफ्तार

**संसू, उमरीबेगमगंज (गोंडा) :** एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी ने दी गई तहरीर में कहा कि पड़ोस का रहने वाला एक युवक एक माह से लगातार डरा धमका कर दुष्कर्म करता रहा। जब विरोध किया तो शादी करने की झूठी दिलासा देता रहा। बुधवार को पड़ोसियों ने युवक को पकड़कर निकाह करने के लिए दबाव बनाया तब उस युवक ने मना कर दिया।

किशोरी ने थाने में तहरीर दी। पीड़ित किशोरी ने बताया कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि पीड़ित किशोरी की तहरीर के आधार पर इस मामले में पूछताछ कर जांच की जा रही है।

फिलहाल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात

**करनैलगंज (गोंडा)।** ग्राम करनैलगंज ग्रामीण के मजरा नचनी निवासी संतोष कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है। मंगलवार की रात दरवाजे पर बंधी उनकी भैंस को चोर खोल ले गए। घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद है। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी घटना ग्राम पैरौरी बबुरास के मजरा गोनई गोसाई पुरवा की है। यहां के निवासी जनार्दन गोस्वामी की भैंस दरवाजे पर बंधी थी। रात करीब एक बजे उठे तो देखा कि दरवाजे पर भैंस नहीं है। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया और तलाश करने लगे। निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# चेकिंग अभियान चला 10 वाहनों का चालान

**गोंडा।** अयोध्या हाईवे पर बुधवार को चौकी प्रभारी खोरहसा अर्जुन सिंह ने वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग अभियान में 10 वाहनों का चालान किया गया। 13 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। बताया कि वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई।

बाइक चालकों को हेलमेट लगाकर ही सड़क पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर चलने और वाहन की गति धीमी रखने को कहा गया। (संवाद)

# एससी/एसटी, पॉक्सो एक्ट में दोषी को पांच वर्ष की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जितेंद्र गुप्ता ने छपिया थाना क्षेत्र के सात साल पुराने मामले में पॉक्सो व एससी /एसटी एक्ट के आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष अभियोजक पॉक्सो एक्ट अनूप प्रताप सिंह के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि वह अपने पति के साथ बस्ती गई थी। सात अगस्त 2015 को उसकी नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। तभी कजन वर्मा ने उसकी बेटी से अश्लील हरकत की।

पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की विवेचना की और आरोपी कजन वर्मा के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने आरोपी पर दोष सिद्ध करते हुए पांच साल सश्रम कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

**तीन साल की सजा सुनाई**

गोंडा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने छपिया थाना क्षेत्र के आठ साल पुराने मामले में पॉक्सो एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास और तीन हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष अभियोजक पॉक्सो एक्ट अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने सरजू के विरुद्ध नाबालिग बेटी से अश्लील हरकत का आरोप लगाते हुए थाने में केस दर्ज कराया।

मामले में आरोपी सरजू को पॉक्सो एक्ट के अपराध में तीन साल सश्रम कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# झंडा दिवस पर ध्वजारोहण कर दी गई सलामी



**गोंडा।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस लाइन में झंडारोहण कर सलामी दी तथा डीजीपी के संदेश को पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया।

झंडा दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पुलिस ध्वज का प्रतीक वर्दी के ऊपर लगाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में झंडारोहण कर सलामी दी। वहीं, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, थाना व चौकी में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया।

मोतीगंज थाना में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने ध्वजारोहण कर सलामी दी और झंडा दिवस का टैग लगाया। इस मौके पर चौकी प्रभारी कहोबा धर्मेंद्र गौतम, दरोगा दिलीप सिंह, उमेश वर्मा, सत्य प्रकाश सिंह, उमेश यादव, दयानाथ चौहान मौजूद रहे। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

# संजय दुबे बने उतरौला कोतवाल, कई तबादले

- विमलेश कुमार सिंह बने बलरामपुर कोतवाली प्रभारी
- प्रभारी निरीक्षक उतरौला अनिल सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया

बलरामपुर, संवाददाता। कोतवाली नगर में प्रभारी के रूप में तैनात रहे संजय दूबे अब उतरौला के एसएचओ बनाए गए हैं। वहीं बलरामपुर कोतवाली का प्रभार अब पुलिस अधीक्षक के वाचक रहे विमलेश कुमार सिंह संभालेंगे।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अनिल सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना ललिया संतोष कुमार तिवारी को एसपी के वाचक पद पर तैनाती दी गई है। पुलिस लाइन में रहे जय हरि मिश्रा को थानाध्यक्ष ललिया बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाहनगर प्रमोद कुमार सिंह को थानाध्यक्ष तुलसीपुर व पुलिस लाइन में रहे बृजानंद सिंह को प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाहनगर बनाया गया है। कोतवाली गैसड़ी में तैनात निरीक्षक सुभाष चंद्र को अपराध शाखा व थाना ललिया में तैनात निरीक्षक शंभू सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक सादुल्लाहनगर बनाया गया है। इसके समेत कई उपनिरीक्षकों के तबादले भी किए गए हैं।

# आबकारी टीम ने पकड़ी मिलावटी शराब, मुकदमा

## कार्रवाई

बलरामपुर, संवाददाता। आबकारी विभाग टीम ने थाना महराजगंज तराई अन्तर्गत बौद्ध परिपथ स्थित रमईडीह में सरकारी अंग्रेजी दुकान के बगल से मिलावटी शराब पकड़ी है। अनुज्ञापी व दो अन्य के विरुद्ध पुलिस में केस दर्ज कराया है। शराब भट्ठी मुनीम व उसके पड़ोसी दुकानदार को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। मौके पर शराब की खाली शीशियां, ढक्कन व अन्य सामान बरामद हुए हैं।

आबकारी निरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि उन्हें मुखबिर से पता चला था कि रमईडीह में निर्धारित दुकान के बगल विदेशी मदिरा में मिलावट की जा रही है। मंगलवार रात साढ़े आठ बजे बगल की दुकान में टीम के साथ दबिश दी गई। वहां धान के बोरे रखे थे। तलाशी लेने पर 211 विभिन्न पैमानों की अंग्रेजी शराब की शीशी बरामद हुई। छह ढक्कन भी पाए गए। शराब की शीशियों पर विभिन्न ब्रांड के लेबल लगे थे। उनपर क्यूआर कोड दर्ज था, जिनकी उपलब्धता रमईडीह दुकान पर दर्शाई गई थी। शराब की 15 शीशियां भरी मिलीं। तीन प्लास्टिक की एक-एक लीटर की बोतलें मिलीं जिनमें शराब भरी हुई थी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दुकान को सील कर दिया गया है। अनुज्ञापी सहित तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# चोरी से ट्राली बेचने का लगाया आरोप

**गैड़ास बुजुर्ग।** स्थानीय क्षेत्र निवासी निसार अहमद उस्मानी ने ग्राम मिर्जापुर निवासी शेषराम मोदी पुत्र बलिराम पर टैक्टर की ट्राली को चोरी छुपे बेचने का आरोप लगाया है। बताया कि वह उसकी ट्राली चोरी से ले जाकर बेच दिया और सारा धन हड़प लिया। जिसके बाद पैसा मांगने पर बलिराम उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर आरोपी शेषधन मोदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खेत से जबरन पेड़ काटने वाले दबंगों पर मुकदमा

**संसू, बलरामपुर :** नगर कोतवाली के पूरबटोला मुहल्ला निवासी अखिलेश शर्मा के खेत में लगे पांच यूकेलिप्टस के पेड़ जबरन काट ले जाने वाले दबंगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बिनोहनी गांव निवासी विशाल सिंह, शिव बक्श सिंह व कालीथान निवासी कुन्नू के विरुद्ध मुकदमा लिखकर छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# प्रेम नाथ को पहला स्थान

**बलरामपुर :** बहादुरापुर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस झंडा दिवस पर मानवाधिकार विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 10 पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार रखें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरक्षी प्रेम नाथ, दूसरा आरक्षी ओंकार व तीसरा स्थान आरक्षी मोहम्मद शरीफ को मिला। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योतिश्री, यूपी 112 निरीक्षक राजमणि शुक्ल मौजूद रहे। (संसू)

# दी श्रद्धांजलि

**बलरामपुर :** यातायात माह के तहत नगर कोतवाली परिसर में दुर्घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोकसभा हुई। क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योतिश्री ने नेतृत्व में पुलिस कर्मी व यातायात कर्मियों ने देर शाम कैंडल मार्च भी निकाला। (संसू)

# विमलेश बने कोतवाल नगर, आठ निरीक्षक इधर-उधर

**संसू, बलरामपुर** : कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने 10 निरीक्षकों व 30 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। उतरौला कोतवाल अनिल सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि ललिया थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी को पुलिस अधीक्षक का वाचक बनाया गया है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि नगर कोतवाल रहे संजय दुबे को उतरौला कोतवाली की कमान सौंपी गई है। उनकी जगह पर एसपी वाचक विमलेश कुमार को नगर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सादुल्लाहनगर के प्रभारी निरीक्षक रहे प्रमोद कुमार सिंह को थाना तुलसीपुर की जिम्मेदारी दी गई। निरीक्षक बृजानंद सिंह को सादुल्लाहनगर का प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक जय हरी मिश्र को थानाध्यक्ष ललिया बनाया गया है। ललिया के निरीक्षक शंभू सिंह सादुल्लाहनगर थाने के अतिरिक्त निरीक्षक बने हैं। इनके अलावा 30 उपनिरीक्षकों के थाने बदले हैं।

# पकड़ी मिलावटी अंग्रेजी शराब, तीन पर मुकदमा

**जासं, बलरामपुर** : आबकारी विभाग की टीम ने बौद्ध परिपथ स्थित रमईडीह में लाइसेंसी अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल से मिलावटी शराब पकड़ी है। अनुज्ञापी व दो अन्य के खिलाफ थाना महराजगंज तराई में केस दर्ज कराया है। शराब भट्ठी मुनीम व उसके पड़ोसी दुकानदार को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। मौके पर शराब की खाली शीशियां, ढक्कन व अन्य सामान बरामद किया गया है। दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

आबकारी निरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि उन्हें मुखबिर से पता चला था कि रमईडीह में निर्धारित दुकान के बगल विदेशी मदिरा में मिलावट की जा रही है। मंगलवार रात साढ़े आठ बजे बगल की दुकान में टीम के साथ दबिश दी गई। वहां धान के बोरे रखे थे। तलाशी लेने पर 211 अंग्रेजी शराब की शीशी बरामद हुई। छह ढक्कन भी पाए गए। शराब की शीशियों पर विभिन्न ब्रांड के लेबल लगे थे। उनपर क्यूआर कोड दर्ज था, जिनकी उपलब्धता रमईडीह दुकान पर दर्शाई गई थी। शराब की 15 शीशियां भरी मिलीं। तीन प्लास्टिक की एक-एक लीटर की बोतलें मिलीं जिनमें शराब भरी हुई थी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दुकान को सील कर दिया गया है। अनुज्ञापी सहित तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है।

# ठेकेदार नहीं दे रहे जीएसटी

## आहरण वितरण अधिकारियों के प्रशिक्षण में सामने आया सच

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** आहरण-वितरण अधिकारियों के प्रशिक्षण में एक बड़ा खुलासा हुआ है। जिले के 95 प्रतिशत ठेकेदार या फर्में जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) नहीं जमा कर रहे हैं। अब इनकी सूची तैयार कराई जा रही है। इसके बाद इनसे वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त राज्य कर हृषिकेश यादव ने बताया कि 2.50 लाख से ऊपर के सभी अनुबंध पर नियमानुसार दो प्रतिशत कटौती की जाएगी।

सहायक आयुक्त राज्य कर मो. इम्तियाज सिद्दीकी ने कहा कि जीएसटीआर-7 अगले महीने की 10 तारीख तक अवश्य दाखिल कर दें, जिससे संबंधित फर्म अथवा ठेकेदार को जो भी धनराशि भुगतान की गई है उसकी सूचना विभाग को उपलब्ध हो जाए। ताकि भुगतान प्राप्त करने वाली फर्म से नियमानुसार जीएसटी जमा कराया जा सके।

### वसूली के लिए ठेकेदारों व फर्मों की तैयार कराई जा रही सूची

उन्होंने कहा कि जनपद के 95 प्रतिशत ठेकेदार व फर्म जीएसटी नहीं देते हैं। इनकी सूची मंगायी जा रही है। इनसे जीएसटी वसूला जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा है कि ठेकेदारों एवं फर्मों को भुगतान करते समय टीडीएस की कटौती की जाए।

टीडीएस के मद में काटी गई धनराशि निर्धारित समयावधि में राजकोष में जमा नहीं कराने पर टीडीएस के अतिरिक्त 18 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करने का दायित्व भी होगा। टीडीएस कटौती के किसी प्रावधान का उल्लंघन होने पर टीडीएस ब्याज सहित अन्य अर्थदंड का प्रावधान निर्धारित किया गया है।

जीएसटी के कार्य ऑनलाइन होने के कारण पंजीयन के लिए आवेदन जीएसटी कॉमन पोर्टल www.gst.gov.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है। इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी सपना, विनोद कुमार, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. एके चौधरी, शुभम मिश्र, नाजमुद्दीन बेग, दिनेश कुमार, हरिराम, रईस आदि मौजूद रहे।

# ललिया कोतवाल समेत 40 पुलिसकर्मियों का तबादला

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर कोतवाली, उतरौला, तुलसीपुर, सादुल्लाहनगर समेत कई थानों के प्रभारी बदले गए**

**कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी किया गया फेरबदल**

**बलरामपुर।** ललिया के लालपुर चौराहे पर डेयरी संचालक बृजेश कुमार मिश्र की हत्या के मामले में पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थीं। इसी बीच ललिया कोतवाल संतोष कुमार तिवारी को हटा दिया गया। संतोष को एसपी का पेशकार बनाया गया है। ललिया के ही अतिरिक्त निरीक्षक शंभू सिंह को भी हटाकर सादुल्लाहनगर थाने में अतिरिक्त निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने जय हरि मिश्र को एसओ ललिया बनाया है। नगर कोतवाल संजय दुबे को उतरौला कोतवाल बनाया है। उतरौला कोतवाल रहे अनिल सिंह को गैर जनपद तबादला होने पर पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन से बृजानंद सिंह को सादुल्लाहनगर इंस्पेक्टर बनाया गया है। प्रमोद कुमार सिंह को तुलसीपुर इंस्पेक्टर व विमलेश कुमार सिंह को नगर कोतवाल बनाया गया है।

उपेंद्र यादव को नंदमहरा, रामकुमार वर्मा को कस्बा गैसड़ी, कर्मवीर सिंह को बघेलखंड, धर्मेंद्र सिंह को जैतापुर, गुरुसेन सिंह को तुलसीपुर कस्बा, स्वतंत्र गुप्ता को कस्बा उतरौला, अविरल शुक्ल को बांकभवानी पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कई अन्य उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

## बृजेश हत्याकांड में पुलिस खाली हाथ

**ललिया** थाने के लालपुर चौराहे पर सोमवार रात हुई डेयरी संचालक बृजेश कुमार मिश्र की हत्या के मामले में पुलिस अभी तक खाली हाथ है। बृजेश के परिजन ने गांव के ही पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीमें काम कर रही हैं। जल्द ही तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# पुलिसकर्मियों ने समाज की सुरक्षा का लिया संकल्प

बलरामपुर। पुलिस झंडा दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन समेत सभी थाने-कोतवाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों को समाज की सुरक्षा व समर्पण का संकल्प दिलाया गया।

## पुलिस लाइन व सभी थाने-कोतवाली में मनाया गया झंडा दिवस



एसपी की वर्दी पर झंडे का प्रतीक चिह्न लगाते अधिकारी। संवाद

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि पुलिसकर्मी जन विश्वास अर्जित करें। इसके लिए जन शिकायतों का प्रभावी तरीके से निस्तारण कराएं। पैदल गश्त के दौरान लोगों से संवाद करें। उनकी समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराएं।

कार्यक्रम में एसपी ने पुलिस अधिकारियों व जवानों की वर्दी पर झंडे का प्रतीक चिह्न लगाया। नगर व देहात कोतवाली सहित सभी थानों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शाम को पुलिस लाइन में मानवाधिकार विषय पर पुलिसकर्मियों की वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। इसमें दस पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रेमनाथ को प्रथम, ओंकार को द्वितीय व मोहम्मद शरीफ को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक मंडल में सीओ ज्योति श्री व निरीक्षक राजमणि शुक्ल मौजूद थे। वहीं, एंटी रोमियो टीम ने भ्रमण करके महिलाओं को सुरक्षा के प्रति सजग किया। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022

# बवाल काट रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बहराइच** । रानीपुर थाने के दरोगा लवकुश सिंह को भनक लगी कि जिगनिया महिपाल सिंह गांव में राहुल यादव बवाल काट रहा है। जिस पर उन्होंने मुख्य सिपाही निहाल अहमद, सिपाही मनोज कुमार सिंह को साथ लेकर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है।



पुलिस लाइन परिसर में पुलि अफसरों व कर्मियों को सम्बोधित करते एसएसपी

# एसएसपी ने ध्वजारोहण किया

**बहराइच।** रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार सुबह पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कर्तव्य व दायित्व निष्ठा की शपथ दिलाई। एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया।

# बलवा, मारपीट मामले में युवती सहित तीन बंदी

**बहराइच** । कोतवाली के टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश, दरोगा अरविन्द कुमार वर्मा, सिपाही सर्वेश यादव, अजय कुमार ने बुधवार को हेमरिया गांव में दबिश दी। पुलिस ने बबली, दुलारे व महादेव को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि बलवा, मारपीट मामले में यह कोर्ट पर हाजिर नहीं हो रहे थे। कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।


# चोरी की साइकिल और नकदी बरामद की

**बहराइच** । रानीपुर थाने के दरोगा मनोज कुमार राव, संतोष कुमार यादव, सिपाही धर्मवीर सिंह ने थाने के पास दबिश देकर साइकिल सवार युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास 1450 रुपये बरामद किए। थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर चोरी मामले में केस दर्ज था। साइकिल भी चोरी की गई थी। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है ।

# झंडारोहण से पुलिस को मिलती नई ऊर्जा

**जासं, बहराइच** : झंडा दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी केशव कुमार चौधरी ने ध्वजारोहण कर मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया।

एसपी ने कहा कि झंडारोहण से पुलिस में नई ऊर्जा का संचार होता है। सच्चे मन से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। पुलिस झंडा दिवस हम सभी पुलिस कर्मियों को गौरवान्वित करता है। पुलिस का झंडा हमें कर्तव्य, सुरक्षा व अपने उत्तरदायित्वों का संदेश देता है। इस मौके पर एसपी व एएसपी ने एक दूसरे को झंडा लगाया। एसपी ने कहा कि 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर व ध्वज प्रदान किया था। ध्वज का आकार चार फीट लंबा व तीन फीट चौड़ा, ध्वज में दो रंग है। इसमें ऊपर लाल रंग व नीचे नीला रंग है। इसी दिन पीएसी बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि हम सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन इस कदर करना चाहिए कि पुलिस बल का नाम देश-विदेश में रोशन हो। इस दौरान एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, एएसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीओ जंग बहादुर यादव आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन मैदान में आयोजित झंडा दिवस पर पुलिसकर्मियों को संबोधित करते एसपी केशव कुमार चौधरी ● जागरण

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें**
www.jagran.com/state/uttar-pradesh **पर**

# 'सड़क पर नियमों का पालन जरूरी'



पयानियर स्कूल में सड़क सुरक्षा के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ● जागरण

**जासं, बहराइच** : सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को पायनियर पब्लिक स्कूल के परिसर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को नियमों की जानकारी होने के बाद भी लापरवाही बरते जाने से हादसे बढ़ रहे हैं। बच्चे अपने स्वजन व आसपास के लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह व यातायात निरीक्षक जय प्रकाश सिंह ने सड़क पर चलने के नियमों के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के नियमों को भाषण, गीत, स्लोगन के माध्यम से बच्चों को समझाया।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-11-2022



यातायात जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र। ● हिन्दुस्तान

# यातायात नियमों का पालन से हादसे कम

इकौना। श्रावस्ती यातायात पुलिस अधिकारियों ने जगत जीत इंटर कॉलेज इकौना में कैंप लगा कर छात्र छात्राओं को यातायात के नियम बताए। नियमों के पालन से ही हादसों का जोखिम कम होगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य डा भूदेश्वर पांडेय ने कहा की विद्यालय से घर जाते समय छात्र-छात्राएं अपने बाये पटरियों पर निकलें, जिससे उन्हें यातायात वाहनों से किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पुलिसकर्मियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**पुलिस झंडा दिवस**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** बुधवार को पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

झंडारोहण के बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए ऐतिहासिक महत्व का दिन है। क्योकि आज के ही दिन 23 नवम्बर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। हमारा पुलिस ध्वज हम सभी के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की अहर्निश जन-सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका।



झंडा दिवस पर संबोधित करते एसपी।

# जमुनहा पुलिस चौकी के जीर्णोद्धार के बाद एसपी ने किया उद्घाटन

**जमुनहा, संवाददाता।** जन सहयोग से जीर्णोद्धार कराये गये जमुनहा स्थित पुलिस चौकी का पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर एसपी ने बच्चों को मिठाई का वितरण किया।

जमुनहा का पुलिस चौकी भवन में वर्षो से एसएसबी के जवान रहकर सरहद की रखवाली करते थे। वहीं कम्पोजिट विद्यालय जमुनहा के तीन कमरों से पुलिस चौकी अस्थाई रूप से चल रही थी। कलकलवा मार्जिनल बांध के त्रिमुहानी के करीब एसएसबी के जवान नये बने भवन में जाने के बाद यह भवन खाली करके पुलिस को सौंप दी थी। जिस पर पुलिस विभाग की ओर से जन सहयोग के माध्यम से पुराने जीर्ण शीर्ण हो चुके भवन का जीर्णोद्धार कराया गया। जिसका बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने फीता काटकर नयी पुलिस चौकी का उदघाटन किया तथा आवास, किचन, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया। उद्घाटन के बाद पुलिस चौकी में एसपी ने कहा कि सरहदी क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की ओर से किसी भी प्रकार के होने वाले अपराध को रोकने के लिए हर चौराहे व अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटी कैमरा जरूर लगवाये। इस पर उपस्थित लोगों ने जल्द ही कैमरा लगाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल राय, जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल गांधी, इबरार अहमद, असरार अहमद सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सर्विलांस सेल से 68 गुमशुदा मोबाइल बरामद

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के निर्देश सर्विलांस व स्वाट टीम को दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में सर्विलांस टीम ने खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जनपद के विभिन्न स्थानों से मोबाइलों को बरामद किया।

पुलिस अधिक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि सर्विलांस व स्वाट टीम की ओर से खोये हुए मोबाइलो की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल-68 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल बरामद किए गए हैं। विभिन्न कंपनियों के गुम हुए मोबाइलों को पुलिस कार्यालय में उनके स्वामियों को बुलाकर सुपुर्द किया गया है। बरामद किए गए सभी मोबाइलों की अनुमानित मूल्य लगभग 10 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने खोए हुए मोबाइल को बरामद करने वाली सर्विलांस/स्वाट टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

# खेत में पराली जलाने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई : डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में आयोजित बैठक में मौजूद डीएम नेहा प्रकाश ( दाएं ) ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम नेहा प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि पर फसल अवशेष व धान की पराली को न जलाएं। पराली जलाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने कहा कि खेत में पराली जलाने से रोकने के लिए न्याय पंचायतवार नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। फसल अवशेष जलाए जाने की घटना प्रकाश में आई तो दो एकड़ खेत पर 2,500 रुपये, दो एकड़ से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए पांच हजार रुपये व पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15 हजार रुपये प्रति घटना की दर से जुर्माना वसूला जाएगा। फसल अवशेष जलाना अपराध की श्रेणी में है।

डीएम ने नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि

**● ग्राम पंचायतों में बैठक कर फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में करें जागरूक**

फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रचार-प्रसार करें। आवंटित न्याय पंचायत के ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक करें।

ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल, पुलिस, सफाईकर्मी व कृषि विभाग के तकनीकी सहायक के साथ मिलकर फसल अवशेष प्रबंधन के लिए निगरानी समिति का गठन कर रणनीति तैयार करें। आवंटित न्याय पंचायत में बिना एसएमएस के चल रही कंबाइन मशीनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

पराली जलने की घटनाओं की निगरानी सैटेलाइट से की जा रही है। एडीएम डीपी सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 165 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 165 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 88 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया।( वि.)

## शांतिभंग में 10 पाबंद

**श्रावस्ती** : विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को 10 लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

## 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बदलपुर निवासी पहलवान व कांग्रेस को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से क्रमश: 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

## कानून की दी जानकारी

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल की महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव, सोनी व विनीता ने इकौना के लालपुर, बलुहा, सिरसिया के गोपीपुरवा, सेमरा, सोनबरसा गांव में चौपाल लगाई। महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी। जागरूकता पंफलेट बांटे। (वि.)

# पुलिस चौकी को मिला भवन

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर क्षेत्र स्थित जमुनहा पुलिस चौकी का जन सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया है। बुधवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने नवनिर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। अब पुलिस चौकी में कार्यालय कक्ष, आरक्षी बैरक, भोजनालय, इंचार्ज कक्ष, स्नानागार की भी सुविधा हो गई है।( वि.)

# पुलिस ने 68 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस की सर्विलांस व स्वाट टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से गायब हुए 68 मोबाइल फोन को कड़ी मशक्कत कर बरामद कर लिया। बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी ने बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंप दिया। खोए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।



पुलिस कार्यालय सभागार में बरामद मोबाइल फोन को उसके स्वामी को सौंपते एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं ) ● जागरण

एसपी ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों से गायब हुए मोबाइल फोन के संबंध में स्थानीय थानों में स्वामियों की ओर से गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बरामदगी के लिए पुलिस की सर्विलांस व स्वाट टीम को लगाया गया था। टीम ने 68 मोबाइल फोन बरामद कर लिया। बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंपा गया है। बरामद मोबाइल की कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इस सफलता पर मोबाइल स्वामियों ने जिला पुलिस की सराहना की। एसपी ने खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

# 'पुलिस ध्वज गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक'



पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द में ध्वजारोहण करते एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( मध्य में ) व मौजूद पुलिस के जवान ● जागरण

## पुलिस वर्दी की बायीं जेब पर लगाया ध्वज का प्रतीक

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस झंडा दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द में एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज हमारे गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक है।

एसपी ने कहा कि आज ही के दिन 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ने उप्र पुलिस व पीएसी को पुलिस ध्वज प्रदान किया था। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की अहर्निश जन-सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य व आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं का गवाह हैं। पुलिस ध्वज को फहराने व उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्म अभिमान की अनुभूति होती है हम सभी में कर्तव्य निष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नए जोश और उत्साह के साथ कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित करती है। हर व्यक्ति की हमसे कुछ न कुछ अपेक्षा रहती है। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी सत्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे।

सभी थाना व पुलिस चौकियों पर प्रभारियों की ओर से ध्वजारोहण कर पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। पुलिस कर्मचारियों की वर्दी की बायीं जेब पर ध्वज प्रतीक लगाया गया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ एमपी शर्मा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व अन्य सभी रैंक के 150 पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है पुलिस ध्वज

## पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया पुलिस का झंडा दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** पुलिस लाइन में बुधवार को धूमधाम से पुलिस का झंडा दिवस मनाया गया। एसपी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और पुलिस कर्मियों को डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया। इस दौरान एसपी ने एएसपी नगर व ग्रामीणों को फ्लैग पिन लगाकर झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं।

एसपी केशव कुमार चौधरी ने कहा कि पुलिस ध्वज हमारे चरित्र व गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। पुलिस कर्मियों के लिए 23 नवंबर का विशेष महत्व है। सभी लोग इस झंडे के गौरव को बनाए रखें और पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें ताकि समाज से अपराध व अपराधियों का सफाया किया जा सके।

एसपी ने एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार को फ्लैग पिन लगाकर झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं, एएसपी नगर ने एसपी केशव कुमार को फ्लैग पिन लगाई।





बहराइच की पुलिस लाइन में झंडा दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी। इस मौके पर श्रावस्ती में भी पुलिस लाइन में एसपी ने पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाया। -संवाद

### कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित करता पुलिस ध्वज

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस झंडा दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान एसपी ने पुलिस ध्वजारोहण किया। साथ ही मातहतों को कर्तव्य पालन का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर पुलिस फ्लैग भी लगाया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि पुलिस ध्वज हम सभी के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक है। यह में कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज को फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्म अभिमान की अनुभूति होती है।

सौभाग्य की बात है कि पुलिस जैसे बल में आकर हमको कमजोर व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाकर उनकी मदद करने का अवसर मिला है। हर व्यक्ति की हमसे कुछ न कुछ अपेक्षा रहती है। सभी की हर समय हम पर नजर रहती है। हमारी एक भी गलत हरकत से पूरे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो सकती है।

सच्चे व ईमानदार पुलिस कर्मियों को भी ऐसी हरकतों के कारण नजर झुकानी पड़ सकती हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# मोबाइल वापस पाकर खिले चेहरे

**श्रावस्ती।** पुलिस ने जिले में चोरी हुए 68 मोबाइल बरामद कर लिए हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इन्हें स्वामियों को बुलाकर सौंपा गया। मोबाइल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों को टिप्स देते हुए साइबर क्राइम के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक मनीष, सर्विलांस सेल के आरक्षी अभिषेक कुमार सिंह व साइबर सेल के आरक्षी सूरज कुमार मौजूद रहे। संवाद

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मंगलवार रात गश्त के दौरान सिरसिया पुलिस ने बदलपुर निवासी पहलवान व कांग्रेस को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने दस दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। इनके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। संवाद

# 165 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** बुधवार को चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 165 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 188500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवद

# पराली जलाने पर करें कार्रवाई

**श्रावस्ती।** फसल अवशेष प्रबंधन के लिए बुधवार को डीएम ने नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। ीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि प्रयास करें कि कृषि योग्य भूमि पर फसल अवशेषों व धान की पराली को कदापि न जलाया जाए। ऐसा करने वालों के विरुद्ध निर्देशानुसार कार्रवाई की जाए। नामित नोडल अधिकारी फसल अवशेष प्रबंधन का प्रचार-प्रसार भी करें। बिना एसएमएस के चल रही कंबाइन मशीनों के संचालकों पर कार्रवाई करें। बैठक में एसपी अरविंद कुमार मौर्य, एडीएम डीपी सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, एसडीएम भिनगा प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद



# महिला आरक्षियों ने किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट पुलिस व शक्ति मोबाइल की ओर से बुधवार को भिनगा के अस्पताल तिराहा, मल्हीपुर, कंपोजिट विद्यालय संगम पुरवा, सोनवा के तुलसीपुर, शिवबालक पुरवा, सिरसिया के जनकपुर व इकौना के सीताद्वार में चौपाल लगाई गई।

इस दौरान सीताद्वार में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी। साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए पंफलेट का वितरण किया गया। कटरा बाजार में आयोजित चौपाल के दौरान अर्जिता यादव ने महिलाओं व बालिकाओं को टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी।

सिरसिया के जनकपुर में महिला आरक्षी विनीता देवी ने मौजूद महिलाओं व युवतियों को पंफलेट वितरित कर महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सकीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। संवाद

# जन सहयोग से जमुनहा चौकी का जीर्णोद्धार

**जमुनहा(श्रावस्ती)।** जमुनहा पुलिस चौकी का जन सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने फीता काटकर इसका उद्‍घाटन किया। इसके बाद उप निरीक्षक कार्यालय कक्ष, कारागार, आरक्ष कक्ष, मुख्य आरक्षी कक्ष, भोजनालय आदि की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग के लिए है। इस दौरान वहां मौजूद आसपास के बच्चों को मिठाई भी बांटी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह, जमुनहा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय, महेश तिवारी, प्रताप पटेल आदि मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में दस गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मंगलवार रात चलाए गए अभियान के दौरान दस लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। संवाद